[Now in matter of Preceptors' right of intitating pupils at these different levels also is to be followed the same principle.] The knowledged Preceptor (Jñāna Guru) who alone has the right to initiate pupils at all the levels is therefore the Primary Preceptor. He is the Lord Himself. The movable and immovable form of worship are really non-different from His forms[Such is the nature of worship of Released selves who look upon Siva's devotees as well as His Temples as Siva Himself.]

6. மந்திரத்தான் மருந்துகளால் வாய்த்தவியோ கத்தால் மணிஇரத குளிகையினால் மற்றும் மற்றும் தந்திரத்தே சொன்னமுறை செய்ய வேத சகலகலை ஞானங்கள் திரிகால ஞானம் அந்தமிலா அணிமாதி ஞானங்கள் எல்லாம் அடைந்திடும்;ஆசான் அருளால் அடிசேர் ஞானம் வந்திடு(ம்)மற் றொன்றாலும் வாரா தாகும் மற்றவையும் அவனருளால் மருவு மன்றே.

[The other kinds of knowledge are achievable without a preceptor.] By precious stones, Mantrās, drugs, by yogic discipline, by herbs and other chemical means, by such and such means as are set forth in the Tantras, one can attain the knowledge of all the Vedas, of sciences and arts, of past present and future, of the never-ending occult powers. But the knowledge of Reaching the Divine Feet, the Preceptor alone and none else can give. Even the other kinds of knowledge, His grace can vouchsafe.

7. பரம்பிரமம் இவனென்றும் பரசிவன்தான் என்றும் பரஞானம் இவன் என்றும் பராபரன் தான் என்றும் அரன்தருஞ்சீர் நிலையெல்லாம் இவனே என்றும் அருட்குருவை வழிபடவே அவனிவன்தான் ஆயே இரங்கியவா ரணம்யாமை மீன்அண்டம் சினையை இயல்பினொடும் பரிசித்தும் நினைந்தும் பார்த்தும் பரிந்திவைதாம் ஆக்குமா போல்சிவமே யாக்கும் பரிசித்தும் சிந்தித்தும் பார்த்தும் தானே.

If one worships His preceptor as the so many Manifestations of Siva Himself as the *Para Brahmān* (the Absolute or god-head) as *Para Siva* (the god) as *Para Jñāna* (the Deity personifiying supreme knowledge) as *Parāpara* and as other Divine Manifestations (taken in different contexts,) the Lord stands possessing the preceptor and by means of touching, willing and seeing makes such selves (the like of) Himself in the same way as the fowl, the tortoise and the fish by touch by thought and by sight (respectively) hatch their eggs.

பிழையுந்திருத்தமும்

பக்கம்	வரி	பிழை	திருத்தம்
3	25	அளவிஞலு	அளவிஞனு
6	14	தந்த	தந்தி
8	4	Satwa	Sattva
,,	18	வயத்திஞேடு	வயத்திஞெடு
10	24,28	infering	inferring
,,	27	inferenee	inference
11	11	observences	obervances
12	11	devotable	denotable
,,	12	manifestation	becoming manifest
14	7	in	with
16	3	luring	living
18	20	destructive	destructible
22	5	available	audible
,,	19	unaudible	inaudible
24	23	*Mantra, Maheswara*	*Mantra Maheswara*
26	23	*Modus operandi* either	*Modus operandi*
35	22	(H Say) that is	(say) that His
36	5	initates	initiates
40	23	பத்திமுத்	புத்திமுத்
43	8	*Suddha, Vidya*	*Sudda Vidya*
52	13	meeting	meting
56	2	make out	mete out
58	25	Behest	behest
62	9	great	evil
,,	26	as all due	as are due
69	19	distruction	destruction
72	2	*washes*	washes
74	18	satirca	Sattwa
80	1	(Sudda Tatwas)	(*Sudda Tattwas*)
111	28	கன்றுடன்	கண்டுணர்
,,	29	உண்டியும்	உண்டியும்
113	11	disengage itself	disengages itself
143	13	திதிறிரு	தீதிறிரு

ARUNANDI SIVACHARYA'S

SIVAJNANA SIDDHIYAR

SUPAKSHAM.

HINDI TRANSLATION

FROM TAMIL

BY

B. D. Kondhiya Jain, M.A., (Phil.), M.A., (Sans.), LL.B., Nyayatirth, Shastri.

Asst. Professor of Jainism, Banaras Hindu University.

PUBLISHED BY

THE SANSAR LIMITED, BANARAS.

Under the Order of

His. Holiness Kasi Vasi Arunandi Tambiran Swamigal Avergal,

KASI MUTT, TIRUPANANDAL (TANJORE DT.,)

KUMARASAMY MUTT, BANARAS.

1949

INTRODUCTION.

Sivajnana Siddhiyar of Arunandi Sivacharya is an authoritative work on South Indian Saivism. The author of the work was designated by the title of 'Sakalagam Pandit' which signifies that he was well-versed in all scriptures of Saivism. He proposed to write this work when all the Agamas were going out of use for political reasons prevailing in those days i.e., about the later half of the 13th century A. D.

In this age of despair and chaos he wanted to write a digest of all the Saivagamas so that people may understand the truth contained in the holy scriptures. The present work whose translation in Hindi language is being presented, is a running commentary in verses on Sivajnana bodham of Sri Maikand Deva who was his preceptor and initiator in the order.

The whole work is divided into two parts. The first part represents the view of the Siddhantins in which a beautiful exposition of the principles of Saivism is made. The

author has spared no arguments in order to prove the efficacy of those principles. The second part contains the genuine criticism of other systems of Indian thought prevailing in those days. How exquisitely has he dealt with other systems and presented his own views can be appreciated only by making a thorough study of it. At present the first part i.e., Supaksha is presented. Later on the second part i.e., Parapaksha will also be presented to the Hindi-knowing public.

It goes without saying that Siddhiyar contains the essence of all the Agamas and Vedas in nutshell and is a good attempt to systematise the whole Hindu thought prevailing in various parts of India since the days of Vedas till the 13th century.

In the north of India it is observed that the Siva-cult which is one of the most original cults of India, is very much prevailant without any philosophical back-ground with the singular exception of Kashmir where Kashmir Saivism has its hold with an equally good philosophical back-ground; but the South Indian Saivism has its own special contributions made towards Siva-cult. It is

rather for this very purpose that His Holiness Si-la-sri Kashi Vasi Arunandi Tambiran Swamigal Avergal has been gracious enough to get this work translated into Hindi which is going to be the *lingua franca* of India very soon. As the original work is in Tamil, there is every likelihood of missing those beauties which are special characteristics of particular language. However an attempt is made to remain faithful to the original. I should not forget to express my indebtedness to Mr. J. M. Nallasami Pillai, B. A. B. L., whose English Translation has been a great help to me in rendering this work into Hindi language.

Banaras:
25. 2. 49.

B. D. Kondhiya Jain,
M. A., (Phil.), M. A. (Sans.),
L L. B.,
Nyayathirth, Shastri,
Prof. Banaras Hindu
University.

शिवज्ञान सिद्धि ।

अरुणन्दि शिवाचार्यकृत

मंगलाचरण

श्री गणेश देव, जिनका हाथी का सिर है, एक दाँतवाले हैं, जिनके दो कान हैं, तीन रसवाले हैं, जिनका ओष्ठ लटक रहा है और पाँच हाथों के धारक हैं, जिनको जटाधारी शिव ने, जिनके सिर पर गंगा और अगस्त्य पुष्प शोभायमान हो रहे हैं, जन्म दिया है, आपके चरण, अहोरात्र हमारे प्रेम, विनय और ज्ञान से परिपूर्ण हृदयों से निर्विघ्न पापों को दूर करें। आपके चरण निश्चय ही एतादृश भक्तों को ब्रह्मा और विष्णु के आनन्द से भी ऊपर उठानेवाले हैं।

मैं उन भगवान् शिव के चरणों को अपने सिर पर धारण करता हूँ जो शिव ६ प्रकार के धर्मों (दर्शनों) में से प्रत्येक का गन्तव्य लक्ष्य है, जो शैवधर्म के विभिन्न आन्तरिक सम्प्रदायों द्वारा मुख्य-मुख्य रूपों में अवस्थित रहता है, जो वेदों और आगमों द्वारा प्रतिपादित विचारों के भी परे है, जो तमाम बुद्धिओं को अपने प्रेम से परिपूर्ण करता है, जो मेरा परम दिव्य माता-पिता है तथा जो अभिन्न रूप से एक है और सब में व्याप्त है।

मैं इस ग्रन्थ में शैवसिद्धान्त के तत्वों का विषद वर्णन करूँगा। वर्णन का आधार मेखण्डदेव का ग्रन्थ होगा। मेखण्ड-

देव वही हैं जिन्होंने असीम कृपापूर्वक अपने चरणों से मेरे सिर को अलंकृत किया है, सत्य आत्मज्ञान को मेरे हृदय में भर दिया है और इस प्रकार अनेक मानुषीय जन्म मरण के दुःखों से मेरा उद्धार किया है।

जो भगवद्भक्त, पूर्व जन्म में किये हुए पुण्यकर्म की शक्ति के अनुसार इस जन्म में परमेश्वर की पूजा करते हैं उनको परमात्मा स्वयं सर्वोत्कृष्ट पवित्र स्थान में ले जाता है। अन्य पुरुषों के लिये, जो ग्रन्थों का अध्ययन करके अपने ध्येय को प्राप्त करना चाहते हैं, मैं इस ग्रन्थ द्वारा भगवान् के चरण-कमलों की प्राप्ति के मार्ग का दिग्दर्शन कराता हूँ।

जिसका ज्ञान वेद, विष्णु, ब्रह्मा, मन, वाणी, तर्क द्वारा भी अच्छी तरह नहीं हो सकता, उस परमपिता परमात्मा के चरणों का वर्णन करने का मेरा प्रयत्न, निश्चय से ही विद्वानों के हास्य का भाजन बनेगा।

तथापि परमात्मा के असीम अनुग्रह से यह सम्भव है कि जो उपदेश आगमों में निबद्ध हैं उनके द्वारा उसका पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है तथा उचित तर्क से भी उसका अस्तित्व सिद्ध किया जा सकता है। ज्ञान-साधना से उसके दर्शन भी किये जा सकते हैं। हमारे संशय दूर हो सकते हैं, मायारूपी अंधकार नष्ट हो सकता है और हम पवित्र आत्माओं की संगति में रहने के योग्य बन सकते हैं।

अध्याय १.

न्याय (तर्क)

१—कुछ तार्किक लोग प्रमाणों का वर्गीकरण करते हुए उनके ६ प्रकार बतलाते हैं—१. प्रत्यक्ष, २. अनुमान, ३. आगम, ४. अभाव, ५. अर्थापत्ति और ६. उपमान। अन्य इनमें ४ और जोड़ते हैं—७. परिशेष, ८. सम्भव, ९. ऐतिह्य, १०. स्वभावलिंग। ये सब उपर्युक्त, तीन, प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम में समाविष्ट हो जाते हैं।

२—संशय विपर्यास रहित, निर्विकल्पक, साक्षात् पदार्थों के ज्ञान करने को प्रत्यक्ष कहते हैं। व्याप्तिज्ञान पूर्वक साधन से साध्य के विज्ञान को अनुमान कहते हैं। उपर्युक उभय प्रमाणों से अतिरिक्त शास्त्रीय ज्ञान को आगम कहते हैं।

३—उभय कोटि को संस्पर्श करनेवाले ज्ञान को संशय कहते हैं। विपर्यास वह ज्ञान है, जिससे एक वस्तु दूसरी प्रकार की प्रतीत होती है। नाम, जाति, गुण, कर्म और वस्तु से जन्य ज्ञान को सविकल्पक ज्ञान कहते हैं। नाम, जाति, गुण, कर्म से रहित ज्ञान निर्विकल्पक ज्ञान कहलाता है।

४—प्रत्यक्ष के ४ भेद हैं। १. बहिरिन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष। २. मानस-प्रत्यक्ष। ३. सुख-दुःखादि का प्रत्यक्ष। ४. योगज प्रत्यक्ष। अनुमान २ प्रकार का होता है। १. स्वार्थानुमान, २. परार्थानुमान। आगम तीन प्रकार का होता है। १. मंत्र, २. तंत्र और ३. उपदेश (ज्ञानी पुरुष के वचन)।

उपर्युक्त प्रमाणों से प्रमाणित वस्तुओं के २ भेद होते हैं—१. विशेष और २. सामान्य।

५—विशेष वह गुण है जिसके द्वारा स्व पर पदार्थों की ओर उनकी जातियों की व्यावृत्ति की जाती है। सामान्य वह गुण है जिसके द्वारा अन्य जातियों के अतिरिक्त स्वजाति का ही बोध होता है। सब वस्तुओं में सामान्य और विशेष गुण पाये जाते हैं।

६—बहिरिन्द्रिय प्रत्यक्ष, आत्मा की बुद्धि का बाह्य इन्द्रियों के साथ सम्बन्ध होने पर तथा प्रकाश, वायु इत्यादि के सहकारी होने पर बिना किसी भेद या सादृश्य के, रूप, शब्द आदि का ज्ञान कराता है।

मानस प्रत्यक्ष इन्द्रिय प्रत्यक्ष के अनन्तर संशय, विपर्यय रहित मानसिक संस्कारों से उत्पन्न होता है। इसके अन्दर ही धारणा तर्क, सादृश्य और वैसादृश्य आदि से जन्य ज्ञान भी अन्तर्गत हो जाते हैं।

७—स्वसंवेदना प्रत्यक्ष, कला के नियम द्वारा निर्धारित इच्छा द्वेषजन्य सुख और दुःख के अनुभव को कहते हैं।

योगिप्रत्यक्ष वह ज्ञान है जिसके द्वारा योगीजन, समाधि में स्थित होकर सब प्रकार के मलों को नष्ट करते हैं और एक स्थान में बैठकर दिक्-देश-कालादि से अवच्छिन्न समस्त पदार्थों का साक्षात्कार करते हैं।

८—पक्ष (प्रतिज्ञा) तीन प्रकार की होती है। १. पक्ष, २. सपक्ष और ३. विपक्ष।

हेतु के तीन भेद हैं। १. स्वभाव, २. कार्य और ३. अनुपलब्धि। व्याप्तिपूर्वक हेतु से साध्य के ज्ञान को अनुमान कहते हैं। वह अनुमान दो प्रकार का है। १. निज के लिए तथा

२. पर के लिये, अर्थात् स्वार्थानुमान और परार्थानुमान। परार्थानुमान अन्य के लिये साधन से साध्य के ज्ञान कराने को कहते हैं। परार्थानुमान के भी दो भेद हैं। १. अन्वयानुमान, २. व्यतिरेकानुमान।

९—तीन पक्ष निम्नलिखित हैं—१. पक्ष, २. सपक्ष, ३. विपक्ष। साध्य के आधार या साध्य के प्रतिपादक वाक्य को पक्ष कहते हैं। तत्सदृश वाक्य या वाक्यांश को सपक्ष कहते हैं। जिसमें पक्ष और हेतु दोनों न रहें उसे विपक्ष कहते हैं। प्रथम दो के द्वारा अन्वय रूप से वस्तु-सिद्धि होती है। तीसरे के द्वारा व्यतिरेक से वस्तु-सिद्धि की जाती है।

१०—हेतु तीन प्रकार का होता है—१. स्वभाव, २. कार्य, ३. अनुपलब्धि। उदाहरण के लिये, स्वभाव हेतु का तब प्रयोग किया जाता है जब हम 'आम्र लिख रहे हैं, आम पर चढ़ रहा है,' इन वाक्यों में आम्र शब्द से आम्रवृक्ष रूप अर्थ का अनुमान करते हैं। कार्यहेतु का तब प्रयोग किया जाता है जब हम धुआँ देखकर उसके द्वारा अग्नि का अनुमान करते हैं। विरुद्ध हेतु का तब प्रयोग किया जाता है जब हम शीत के अभाव से ओस या पाले के अभाव का ज्ञान करते हैं।

११—अन्वयी अनुमान वह है जिसमें प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण (दृष्टान्त) का प्रयोग किया जाता है। जैसे पर्वत वह्निवाला है। क्योंकि धुआँ पर्वत से उठ रहा है। यथा महानस (रसोई घर) में धुआँ और वह्नि दोनों हैं।

व्यतिरेकी अनुमान वह है जिसमें हेतुके निषेध से साध्य का निषेध उदाहरण पूर्वक किया जाता है—जैसे इस पर्वत में धुआँ नहीं है क्योंकि इस पर्वत में अग्नि नहीं है। यथा कमलाच्छादित ह्रद। उसमें न तो धुआँ है और

न अग्नि है। नैयायिक और सिद्धान्ती शैव दोनों ही स्पष्ट रूप से निगमन और उपनय के साथ पंचावयव वाक्य को ही साधनांग समझते हैं।

१२—पूर्वदर्शन अनुमान वह है जिसमें एक प्रकार की गन्ध द्वारा एक प्रकार के पुष्प का उनके पूर्व सम्बन्ध ज्ञानपूर्वक अनुमान किया जाता है। परोक्षानुमान वह है जिसमें एक मनुष्य के ज्ञान के परिमाण का, उससे उच्चारित शब्दों द्वारा, अनुमान किया जाता है। आगम अनुमान वह है जिसमें मनुष्य के भूतकर्मों का उसके वर्तमान सुख दुःखानुभव द्वारा ज्ञान किया जाता है।

१३—आगम, नित्य, पूर्ण, परम ब्रह्म परमेश्वर के शब्द को कहते हैं। इस आगम का तन्त्र वह भाग है जो विरोध और संशय रहित मोक्षोपयोगी क्रियाकांड से सम्बन्ध रखता है। मन्त्र भाग उपासना का वर्णन करता है जो इन्द्रिय-निग्रह तथा ईश्वराराधना के लिए परमावश्यक है। ज्ञानकांड वह भाग है जो अनादि अनन्त परम ब्रह्म परमात्मा के स्वरूप का वर्णन करता है।

१४—अनुमानगत दोष ४ प्रकार के होते हैं। हेत्वाभास ३ प्रकार के होते हैं। इनके अवान्तर भेद २१ होते हैं। अन्वय दोष या उपमानाभास १८ प्रकार के होते हैं। निग्रहस्थान दो प्रकार के होते हैं तथा इनके अवान्तर भेद २२ होते हैं। सब मिलकर ६५ दोष होते हैं।

सूत्र १. स्वपक्ष

१—समग्र कार्य जगत्, जिसका स्त्री, पुमान्, नपुंसक आदि शब्दों से व्यवहार होता है वह सब उत्पन्न होता

है। स्थिति धारण करता है और विनाश को प्राप्त होता है। अतः कर्ता की आवश्यकता है जो इन परिवर्तनों का मूल कारण है। ये सब कार्य भगवान् हर के द्वारा ही किये जाते हैं। इस समग्र कार्यजगत् को अनादि बद्ध आत्माओं के उद्धार के लिए ईश्वर बनाता है। क्योंकि वह स्वयं अनादि-काल से स्वतन्त्र, सत्, चित्, रूप है। वह मूल कारण ईश्वर, भगवान् हर है।

अधिकरण १

विश्व परिवर्तनशील है।

२—यदि लोकायतिक (चार्वाक) का यह सिद्धान्त है कि यह संसार न कभी उत्पन्न होता है और न विनाशशील है, परंतु अनादि और नित्य है तो हमें उसके खंडन के लिए किसी प्रकार के अनुमान की आवश्यकता नहीं, क्योंकि हम प्रत्यक्ष रूप से स्वयं देखते हैं कि संसार के सब पदार्थ उत्पन्न होते हैं और नष्ट होते हैं।

इसका कर्ता होना चाहिये।

३—यदि यह कहा जाय कि विश्व में परिवर्तन स्वाभाविक है तो इसका अभिप्राय यह हुआ कि जिसमें परिवर्तन नहीं होता है वह स्वाभाविक नहीं हो सकता। यदि यह कहा जाय कि यह स्वभाव से परिवर्तनशील है तो हम देखेंगे कि परिवर्तन के अतिरिक्त स्वभाव अन्य कोई प्रतीत ही नहीं होता। यदि यह तर्क उपस्थित किया जाता है कि ४ भूत मिलकर स्वभाव या प्रकृति को बनाते हैं और उनमें परिवर्तन होता है तो इसका तो अर्थ यह हुआ कि इस जगत् का कोई कर्ता मूल कारण अवश्य है जो इस प्रकार के परिवर्तन पैदा

करता है। क्योंकि समग्र कार्य जगत् अचेतन है वह स्वयं परिवर्तन पैदा नहीं कर सकता।

४—चार भूततत्त्वों में से वायु अपने में से अन्य तीन तत्त्वों को पैदा करती है, अग्नि दूसरों को नष्ट करती है, जल उन सब को धारण करता है इत्यादि इस प्रकार ये तत्त्व अपने आप एक दूसरे को पैदा करते हैं और नष्ट करते हैं। इसलिये किसी आदिकारण की आवश्यबता नहीं, यह तर्क दोषयुक्त है क्योंकि इन सारे तत्त्वों में विकास और तिरोभाव एकसाथ होता रहता है। इसलिये एक मूल कारण, जिसका न आदि है और न अन्त है, का होना अत्यन्त आवश्यक है।

५—यदि तर्क यह है कि सब वस्तुएँ क्षणभंग से उत्पन्न होती हैं और वे अपने पूर्व संस्कारों पर अवलंबित रहती हैं इसलिये आदिकारण की कोई आवश्यकता नहीं, तो हम एक यह प्रश्न कर सकते हैं कि वस्तुओं का उत्पादन सत्तात्मक वस्तुओं का है या असत्तात्मक वस्तुओं का है ? असत् की कभी उत्पत्ति नहीं होती और सत् की उत्पत्ति की आवश्यकता नहीं। तब तो माध्यमिक (बौद्धभेद) मत को स्वीकार करना पड़ेगा कि यह न सत् है और न असत्, किन्तु शून्य है।

प्रत्येक कार्य, कारण से उत्पन्न होता है।

६—यह तर्क भी गलत है 'यदि यह सत् ही है तो इसका उत्पाद स्वयं हो जायगा अन्यथा इसका उत्पाद हो ही नहीं सकता और संसार की उत्पत्ति सम्भव ही न होगी। सत्य यह है कि कार्य कारणों से उत्पन्न होता है जैसे कुम्हार घड़े को मिट्टीसे उत्पन्न करता है लेकिन उसीसे वस्त्र पैदा नहीं कर सकता।

कार्य कारण एक ही होते हैं।

७—यदि यह कहा जाय कि वही वस्तु सत् भी होती है और असत् भी होती है और इसके लिए किसी बुद्धिमत् कारण की आवश्यकता नहीं। यह तर्क असंगत है, क्योंकि किसी वस्तु में विरोधी धर्म नहीं रह सकते। यदि कहा जाय कि कारण तो सत् है और कार्य में वह विद्यमान नहीं रहता। तो यह भी कहना दोषयुक्त है क्योंकि कार्य कारण में अवश्य रहता है और क्योंकि दोनों समान है इसलिये उनमें परिवर्तन किसी बुद्धिमत् आदिकारण की सत्ता को अवश्य सिद्ध करता है।

विश्व शान्त है

८—शरीर का जन्ममरण होता है, विश्व का नहीं। पूर्व-मीमांसक प्रश्न करता है कि आप कैसे सिद्ध करते हैं कि विश्व का अन्त होता है? सिद्धान्ती उत्तर देते हैं कि यह मायिक विश्व, जिसका प्रथम आकाश और अन्य तत्त्वों से क्रमिक तत्त्व-विकास होता है पश्चात् उन्हीं में इसका लय हो जाता है।

केवल एक भाग का ही नहीं किंतु समग्र विश्व का लय होता है।

९—यह कहा जाता है कि विश्व का केवल एक भाग नष्ट होता है और एक भाग ही उत्पन्न होता है। समग्र विश्व का एक समयमें न नाश होता है और न उत्पत्ति होती है। यह कहना गलत है क्योंकि समग्र विश्व उचित समय पर नष्ट भी होता है और पैदा भी होता है। जैसे कि पतझड़ में बोए हुए बीज ग्रीष्म में नष्ट हो जाते हैं।

काल आदिकारण नहीं हो सकता।

१०—यदि कहा जाय कि काल ही परिवर्तनों को पैदा करता है और वही ईश्वर है। यह भी ठीक नहीं, क्योंकि काल

स्वयं निष्क्रिय और अचेतन है। यद्यपि यह कहना युक्तिसंगत है कि काल इस प्रकार के परिवर्तन पैदा करता है, किन्तु ईश्वर जो बुद्धिमत् निमित्तकारण है वास्तव में उसी की प्रेरणा से यह सब परिवर्तन होता है।

परमाणु भी मूल कारण नहीं हो सकते।

११—यदि यह कहा जाय कि प्रथम लयके अनन्तर कर्म की सहायता लेकर परमाणु स्वयं जगत् को उत्पन्न करते हैं, यह कहना भी अयुक्त है क्योंकि कर्म और परमाणु दोनों ही निष्क्रिय और जड़ है। तथा महाप्रलयके समय ये स्वयं नष्ट हो जाते हैं।

परमाणु मायाजन्य है।

१२—यदि यह कहा जाय कि कारणरूप परमाणु भी नष्ट हो जाते हैं तो विश्व उत्पन्न ही नहीं हो सकता। यह भी कहना ठीक नहीं, क्योंकि कारणरूप मायासे विश्व की उत्पत्ति हो सकती है, तुम्हारा यह संशय कि हम माया को नहीं देखते केवल परमाणुओं को ही देखते हैं, निराधार है। क्योंकि ये परमाणु अदृश्य माया के दृश्य परिणाम हैं।

परमाणु कार्य है।

१३—यदि यह पूछा जाय कि परमाणुओं को कार्य क्यों कहा जाता है कारण क्यों नहीं, तो हम कहेंगे कि परमाणु का रूप होता है और ये विभागी हैं और इसलिये विनाशशील हैं। यह अविनाशीक माया ही है जो इन रूपी और विभागी परमाणुओं को उत्पन्न करती है।

माया ही विश्व की मूल प्रकृति है

१४—ऋषियों का कहना है कि विश्व का विकास माया से ही होता है। यह सामान्यजन के अनुभव से भी सिद्ध है कि

बीज में वृक्ष और उसकी शाखाएँ सूक्ष्मरूप से अवस्थित हैं। अन्यथा वे पैदा ही नहीं हो सकतीं, क्यों इन सत्य शब्दों को तुम भूल गये हो। इसलिये अब निश्चय करो कि माया ही विश्व की प्रकृति है।

असत् से कुछ उत्पन्न नहीं होता

१५—यदि तुम यह स्वीकार नहीं करते कि विश्व कारण-माया से ही उत्पन्न हुआ है और माया में ही लय हो जायगा तो तुम केवल खरगोश के सींगों के अस्तित्व को स्वीकार कर रहे हो। यदि तुम फिर भी यह कहकर आपत्ति प्रकट करते हो कि यह सत्य है कि वृक्ष की भस्मीभूत पत्तियाँ वृक्ष में लय हो जायँगी और पुनः नवीन पत्तियों के रूप में प्रकट हो जायँगी, इस पर हमारा उत्तर यह है कि जब ये पत्तियाँ प्राथमिक अवस्था में परिणमित हो चुकी हैं, तब समय और अन्य कारणों के निमित्त से वे फिर नवीन पत्तियों के रूप में प्रकट हो जायंगी।

कारणरूप से विश्व अनादि है

१६—क्योंकि विश्व कारण से कार्य के रूपमें उत्पन्न होता है और क्योंकि कार्य और कारण दोनों सत्य हैं, हम विश्व को अनादि और अविनाशी भी कह सकते हैं। किन्तु जैसे परम ब्रह्म परमात्मा भगवान् शिव इसको समय-समय पर बनाता है और बिगाड़ता है इस लिये यह भी कहना उपयुक्त है कि यह विश्व आदिमान् है और यह विनाशी भी है क्योंकि इसके अन्दर पविर्तन होते हैं।

१७—माया का विकास न स्वतः, न पुरुष से, किन्तु ईश्वर से होता है। यदि तुम्हारी यह उपपत्ति है कि माया का अपने

विकास के लिये किसी अन्य कर्ता की आवश्यकता नहीं, इस पर हमारा उत्तर यह है विश्व किसी बुद्धिमत्कर्ता का कार्य प्रतीत होता है। पुरुष यद्यपि बुद्धिमान् है किन्तु चेतन नहीं जब तक कि इसका शरीर और इन्द्रियों से पूर्ण सम्बन्ध न हो। माया इसके शरीर और इन्द्रियों का उपादान कारण है। माया अचेतन होने के कारण बुद्धि रहित है। यही कारण है कि एक ईश्वर शिव, जो सर्वतन्त्र स्वतन्त्र और बुद्धिमान है, उसकी माया से ही इस किश्व को पैदा होने की आवश्यकता है।

कारण तीन प्रकार के होते हैं

१८—कारण के ३ प्रकार हैं। १. उपादान कारण, निमित्त कारण। ३. सहकारी कारण। उदाहरणार्थ मिट्टी घटका उपादान कारण है, चक्र सहकारी कारण है और कुम्भकार निमित्त कारण है। इसी प्रकार भगवान् शिव, कुम्भकार की तरह उपादान कारण रूप माया से सहकारी कारणरूप अपनी शक्ति की सहायता से विश्व को पैदा करता है।

उपादान कारणरूप माया के विभाग।

१९—बिन्दु से माया का विकास हुआ है और माया से अव्यक्त प्रकट हुआ है। प्रथम से ४ वाक्, बैखरी इत्यादि उत्पन्न हुई है। माया से राग की सृष्टि हुई है। मूल प्रकृति से ३ गुण पैदा हुए हैं। भगवान् शिवरूप सत् तत्त्व की सत्ता रहते हुए ही इन सबका विकास या सृष्टि होती है।

बैखरी वाक् का लक्षण

२०—बैखरी वाक् एक शक्ति है जो वर्ण में शब्द के रूप में अनुभूत होती है, यह अर्थ पूर्ण होती है और बुद्धि इसका

ज्ञान करती है। शारीरिक उदान वायु इसको पैदा करती है, प्रभावित करती है तथा प्राणवायु द्वारा अक्षरों का निर्माण होता है।

मध्यमावाक् का लक्षण

२१—मध्यमा वाक् वह है जो कानों से सुनाई नहीं देती किन्तु धीरे से कंठ देश से उठती है और सुनाई देती है। बुद्धि से इसका ज्ञान होता है। इसको प्राणवायु प्रेरित नहीं करती किन्तु उदानवायु करती है। यह स्पष्ट अक्षरों का उच्चारण नहीं करती और बैखरी तथा पश्यन्ती दोनों वाकों से सर्वथा भिन्न होती है।

पश्यन्ती वाक् का लक्षण

२२—जिस प्रकार मयूर के अंडे के भाग मयूर के शरीर को आवृत करके रखते हैं उसी प्रकार पश्यन्ती वाक् अव्यक्त, सूक्ष्म और स्वप्रकाश्य अवस्था में अनेक प्रकार की ध्वनियों को आवृत कर रखती हैं।

सूक्ष्म वाक् का लक्षण

२३—सूक्ष्मा या परावाक् सर्वोत्तम शरीर का प्रकाश रूप होती है। यह स्वयं अविनाशी होती है किन्तु पश्यन्तीरूप आदि परिणामों में विनाशीक है। यदि कोई मनुष्य इस सूक्ष्म प्रकाश का दर्शन करले तो वह नित्य ज्ञान, सुख और अपरा मुक्ति को प्राप्त हो जायगा और अनन्तर जन्म, श्रम और परिवर्तन के बन्धनों से मुक्त हो जायगा।

वाक् ब्रह्म नहीं है।

२४—ये चार वाक् पाँच बन जाती है जबये पाँच भिन्न-भिन्न कलाओं से सम्बन्धित हो जाती हैं जैसे कि निवृत्ति। ये वाक

ब्रह्म नहीं है इनका उदय महामाया से है। न तो ये उसके परिणाम रूप हैं और न विवर्त रूप हैं किन्तु वृत्तिप्रक्रिया से उत्पन्न होती है जैसे कपड़े से तम्बू बनाया जाता है।

मूर्ति और उनके शरीर

२५—मन्त्रेश्वरों; विद्येश्वरों और सदाशिवों के लिये उनके पद, वर्ण, भुवन मन्त्र, तत्त्व, शरीर, इन्द्रियाँ, भोग वगैरह विन्दु या शुद्ध-माया शक्ति से बनाये गये हैं।

आत्माएँ माया की सहायता से ज्ञान करती है।

२६—तीनों वर्ग की आत्माएँ किसी प्रकार का ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकती जब तक कि उनका शुद्ध माया की बुद्धि-शक्ति और चार प्रकार की वाक् से सम्बन्ध न हो जावे। जब मनुष्य इस मायावी बुद्धि के परे ज्ञान प्राप्त करता है, तभी वह परम शिव भगवान् के चरणों तक पहुँच सकता है जिनका ध्वज नन्दी है।

परमात्मा और माया का संसारके साथ सम्बन्ध।

२७—यह सम्पूर्ण जगत् अव्यक्त सूक्ष्म, मूल माया से निकल कर दृश्य, स्थूल और स्थूलतर जीवन, शरीर आदि रूपों को धारण करता है और ये रूप पुनः उसी प्रकार माया में लीन हो जाते हैं और उससे भिन्न, अभिन्न तथा भिन्नाभिन्न प्रतीत होते हैं। वह परम सत् शिव भी संसार से अभेद रूप, भेद रूप और भेदाभेद रूप मालूम पड़ता है।

व्यक्त की उत्पत्ति अव्यक्त से हो सकती है।

२८—यदि यह शंका उपस्थित की जाय कि अव्यक्त से व्यक्त नहीं पैदा हो सकता और अविकारीसे परिवर्तन नहीं

हो सकता तो तुम्हें जानना चाहिये कि आकाश अव्यक्त होते हुए अन्य वायु और अग्नि आदि को किस प्रकार पैदा करता है और किस प्रकार उसी आकाश से बादल, विद्युत् और वज्र पैदा होते हैं।

अधिकरण २.

ईश्वर सृष्टि कहाँ से बनाता है ?

२९—जिस प्रकार कुम्भकार मृत्तिका से घट बनाता है, ईश्वर इसी प्रकार सब वस्तुओं को बनाता है और प्रत्येक वस्तु रूप कार्य अपने अपने उपादान कारणों से पैदा होते हैं। तुम सुनो यदि तुम वास्तव में जानना चाहते हो कि ईश्वर किस तरह और कहाँ से जगत् की वस्तुओं को पैदा करता है।

उसको विश्व पैदा करने के लिये सहायता की आवश्यकता नहीं।

३०—संसार की दृश्यमान वस्तुओं से ईश्वर का स्वभाव नहीं समझ में आ सकता। यथार्थ में संसार में ऐसा कोई नहीं जो उसके परमरूप को तथा स्थान को समझ सके। तथापि उसके कार्यों की समय या काल से तुलना हो सकती है जो उत्पत्ति, स्थिति और लय को सारे दुनियाओं में पैदा करता है।

विश्व ईश्वर से पैदा होता है और उसी में लय हो जाता है।

३१—जैसे शब्द और विचार जिनको हमने पढ़ा और सोचा है, हमारे मस्तिष्क से निकलते हैं और उसी में लीन हो जाते हैं, जैसे अनेक जाग्रत् और सुषुप्ति अवस्थाएँ हमारे जीवन से पैदा होती हैं और उसी में लीन हो जाती हैं, उसी

प्रकार यह दुनियाँ परमेश्वर से पैदा होती है और उसीमें लीन हो जाती है। परमेश्वर इस संसार से सम्बन्धित भी है और असम्बन्धित भी है।

उत्पत्ति और लय के लिये प्रमाण (तर्क)।

३२—यदि तुम यह प्रश्न करो कि लय के बाद आत्माएँ और संसार भगवान् हर से क्यों पैदा होते हैं? उत्तर यह है कि यह आणव मल की सत्ता के कारण आवश्यक है। मुख्य रूपसे लय होने की आवश्यकता इस लिये है कि शारीरिक शक्तियाँ तमाम खत्म हो जाती है। सब कार्य नष्ट हो जाते हैं और अपने-अपने कारण में परिवर्तित हो जाते हैं। ईश्वर इन कार्यों को पूर्व की तरह उनके कारणों से पैदा कर देता है।

ईश्वर में कोई परिवर्तन नहीं होता।

३३—यदि तुम यह कहो कि एक बार ईश्वर के अन्दर उत्पत्ति वगैरह की शक्ति स्वीकार करने से ईश्वर भी परिवर्तनशील हो जायगा, तो यह कहना ठीक नहीं क्योंकि सूर्य की उपस्थिति में कमल खिलता है, आतिशी शीशे में से अग्नि उत्पन्न होती है और जल वाष्प बनकर ऊपर उड़ जाता है। किन्तु ये सब तद्रूप नहीं होते।

तीनों प्रक्रियाओं का कर्ता ईश्वर एक है।

३४—यदि तुम यह पूछो कि ये तमाम शक्तियाँ एक ही ईश्वर में किस प्रकार पाई जाती हैं जब कि अन्य लोग यह कहते हैं कि ये तीन कृत्य तीन भिन्न-भिन्न देवता, ब्रह्मा, विष्णु, महेश द्वारा सम्पादित होते हैं। इसपर हमारा उत्तर यह है कि ये देवता अपने गुणों की शक्ति से भगवान् शिव की आज्ञा शक्ति को पाकर उपर्युक्त कार्य करते हैं।

संहार कर्ता शिव, उत्पत्ति और स्थिति का भी कर्ता है।

३५—समय के अन्त में केवल एक ही अवशिष्ट रहता है। यदि एक से अधिक रहे तो वह संहार नहीं कहा जा सकता। अन्त में भगवान् हर ही रहते हैं। क्योंकि यह भगवान् हर ही हैं जो सबके संहारकर्ता हैं। इसीलिये हर से ही संसार उत्पन्न होता है और फिर उसमें उन्नति होती है।

उक्त कृत्यों के लिये प्रमाण (तर्क)

३६—यदि यह प्रश्न किया जाय कि ईश्वर इन शक्तियों का क्यों प्रयोग करता है तो हमारा उत्तर यह है कि यह उसकी लीला है, खेल है। हम यह भी इस सम्बन्ध में बतलाना चाहते हैं कि इन कृपा के कृत्यों से वह आत्माओं को अपने-अपने कर्मों के फल भी भोगवाता है जिससे उनके मल दूर हो जाते हैं और वे मुक्ति प्राप्त कर लेते हैं।

पंच कृत्यों का कारण।

३७—संहार आत्माओं को शान्ति प्रदान करना है। सृष्टि आत्माओं को अपने-अपने कर्मों के फल भोगने के लिये अभिप्रेत है जिससे वे कर्मों को दूर कर सकें। जब आत्माएँ अपने कर्मों का फल भोगती हैं स्थिति क्रिया की जाती है। तिरोभावसे मल पक जाते हैं और उससे कर्मसाम्य पैदा होता है। भगवान् शिव हमारे बन्धनों से हमें मुक्त करने के समय अपनी अनुग्रह शक्ति का प्रयोग करते हैं। ये पंच कृत्य या प्रकृयाएँ भगवान् की कृपा के फल हैं। इनकी अवहेलना नहीं करनी चाहिये।

ईश्वर रूप, अरूप और रूपारूप स्वरूप है।

३८—यदि तुम प्रश्न करो कि जगत्कर्ता के रूप, अरूप या रूपारूप स्वरूप हैं या नहीं ? तो हमारा उत्तर यह है कि एक परब्रह्म परमेश्वर में तीन ही अवस्थाएँ पाई जाती हैं।

परमात्मा अपनी इच्छानुसार रूप धारण करता है।

३९—यदि तुम यह आपत्ति प्रकट करो कि जब ईश्वर रूप धारण करता है। तो उसके समान अन्य कर्ता की जो हमारे शरीरों का निर्माणकर्ता है, आवश्यकता होगी और यदि ईश्वर अपनी इच्छा से अपना शरीर पैदा करता है तो जीव भी उसी प्रकार अपने शरीर उत्पन्न कर सकते हैं। किन्तु हम अपनी इच्छानुसार अपने शरीरों को नहीं बना सकते। परमेश्वर, किसी भी आश्चर्योत्पादक शारीरिक रूप को, जिसका वह विचार करता है, धारण कर सकता है जैसे सिद्ध लोग किया करते हैं।

वह सिद्धों के समान है परन्तु उनसे भिन्न है।

४०—तुम्हारा यह कहना है कि यदि ईश्वर सिद्धों की तरह रूपों को धारण करता है तो वह सिद्धों की तरह हो जायगा, यह ठीक नहीं। क्योंकि सिद्ध लोग इस प्रकार की शक्तियों को परमेश्वर की कृपा से ही प्राप्त करते हैं। यदि समस्त रूप मायाजन्य है तो ईश्वर के रूप भी मायाजन्य होना चाहिये ?

मनुष्य का शरीर माया-जन्य है और ईश्वर के रूप चित्-शक्ति-जन्य है।

४१—माया-जन्य शरीरों को आत्माएँ, आणव मल की आवश्यकतानुसार धारण करते हैं। क्योंकि परब्रह्म परमेश्वर माया और आणव मल से रहित है वह केवल शुद्ध ज्ञानरूप है और आत्माओं को ज्ञान और शक्ति दोनों प्रदान करता है। इसलिए

उसका शरीर माया-जन्य नहीं किन्तु अपनी ही शक्ति से उत्पन्न हुआ है।

उसके रूपों को विकास या उत्पत्ति की आवश्यकता नहीं।

४२—यदि तुम यह कहो कि ईश्वर के रूप उसकी शक्ति से उत्पन्न हैं तो उनमें परिवर्तन होना चाहिये। इस प्रकार ईश्वर अनादि नहीं हो सकता। यह ठीक नहीं। क्योंकि वह रूप रहित ही माना जा सकता है। उसके ६ अध्वों में से एक भी नहीं है। जैसे कि तुम बुद्धिमान् प्रतीत होते हो अच्छा है कि तुम ब्रह्म परमेश्वर शिव के बारे में कुछ और सुनो।

उसके रूप पार्थिव नहीं हैं।

४३—इस विश्व के तमाम पदार्थों का या तो रूप होता है या नहीं होता। ये वस्तुएँ अपने रूपों को बदल नहीं सकती। इसलिए यदि असंख्य ज्ञान की सत्ता को रूप रहित कहा जाय तो हम उसकी गिनती इन्हीं वस्तुओं में से एक करेंगे।

परमेश्वर के स्वरूप में प्रश्न करने की आवश्यकता नहीं।

४४—वह उन पदार्थों में से नहीं है जो बन्धन के विषय हैं। वह स्वतंत्र है। उसका न आदि है और न अन्त है। वह अनन्त है। इसलिए इस प्रकार की कल्पना करना सर्वथा असंगत है कि हमारा परम पिता केवल इस, उस रूप है और वह, यह वह, नहीं हो सकता। इसलिए परमेश्वर के विषय में इस प्रकार की कल्पना किसी प्रकार के खण्डन को स्वीकार नहीं करती।

वह अपनी कृपा से ही रूप धारण करता है।

४५—क्योंकि उसमें प्रत्यक्ष के विषय की भाँति, कोई दोष नहीं पाया जाता, क्योंकि उसमें केवल ज्ञान और शक्ति ही पायी

जाती है और क्योंकि उसमें राग और द्वेष नहीं पाया जाता इस कारण वह निर्मल परमात्मा अपनी कृपा से किसी भी रूप को धारण कर सकता है।

परमेश्वर रूप क्यों धारण करता है।

४६—यदि वह परमेश्वर अपनी परम कृपा से रूपों को धारण न करे तो संसार में आगम और वेदों का ज्ञान देनेवाला कोई नहीं होगा और न कोई गुरु के रूप में देवताओं को, मनुष्योंको और अधोलोकवासियों को शिक्षा प्रदान करनेवाला होगा। इस प्रकार किसी को भी मुक्ति न होगी।

उसके सब रूप प्रेम के रूप हैं और प्रेम से ही उत्पन्न हुए हैं।

४७—उसका रूप प्रेम है। उसके गुण और ज्ञान प्रेम हैं। उसकी पंच प्रक्रियाएँ प्रेम हैं। उसके अंग, प्रत्यंग जैसे भुजा, चरण इत्यादि और उसके आभूषण जैसे अर्धचन्द्र इत्यादि भी प्रेम हैं। ये सब रूप वह अपने लाभ के लिये नहीं किन्तु सब जीवों के लाभ के लिये धारण करता है।

परमेश्वर संसार से अधिक है।

४८—यह कोई नहीं जानता कि परमेश्वर का रूप विश्व से भी परे है। यह भी कोई नहीं जानता कि उसके रूप में विश्व उत्पन्न होता है और उसीमें लीन हो जाता है। कोई नहीं जानता कि वह जगत् का जीवन और शरीर है। उसके रूप को न जानते हुए लोग कहते हैं कि वह विश्व में से ही एक है।

पौराणिक कथानकों से भी उसकी व्याख्या की जाती है

४९—जगत् के लोग उसे देवों में से एक देव मानते हैं किन्तु वे यह नहीं जानते कि शिव में तीनों देवता समाविष्ट हो जाते

हैं। उनकी उमा अर्धांगिनी हैं। न ब्रह्मा और न विष्णु ही उसकी ज्योति का पार पा सके। वे यह भी नहीं जानते हैं कि उसकी अपार ज्योति से किस किस रूप की उत्पत्ति हुई है।

परमेश्वर के भोग, योग और घोर तीन रूप हैं।

५०—जगत् के लोग नहीं जानते कि वह अपने भोग रूप से विश्व के लोगों को आनन्द प्रदान करता है। वे लोग नहीं जानते कि वह अपने योग रूप से योगियों को पूर्णत्व का प्रदान करता है। वे नहीं जानते कि वह अपने घोर रूप से जीवों को अपने अपने कर्मों के फलों को भुगवाता है। वे विवेक रहित मूर्ख हैं जो उसे देवताओं में एक देवता मानते हैं।

उसके रूप स्पष्ट कृपा से परे होते हैं।

५१—वे नहीं जानते कि उसका अनेक विरोधी रूपों का धारण करना यह सिद्ध करता है कि वह संसारी नहीं है। वे नहीं जानते कि ये सब रूप उसकी असीम कृपा के ही परिणाम हैं। उसका संसार का कृत्य वह कृत्य है जिसके द्वारा वह जीवों के पापों को नष्ट करता है।

वह ज्योतियों की ज्योति है।

५२—जब उमा ने लीला से परम भगवान् शिव की आँखें बन्द कर दी तब सारा संसार अंधकारावृत हो गया। वह अंधकार भगवान के तृतीय नेत्र द्वारा नष्ट हुआ था। वे नहीं जानते कि इस परम्परा से यह सिद्ध होता है कि स्वर्गीय समस्त प्रकाश उस परम शिव भगवान की ज्योति के ही प्रतिरूप है।

वह योगी और भोगी दोनों है।

५३—वे नहीं जानते जब परम भगवान शिव ने योग धारण किया था तब देवता बड़े घबराए और उन्हें बड़ी निराशा हुई कि हमें अब इन्द्रियभोग किस प्रकार प्राप्त होगा। वे नहीं जानते कि जब भगवान् विष्णु ने अपने पुत्र कामदेव को प्रेरित किया कि तुम शिव का सामना करो तब भगवान् शिव ने अपने तृतीय नेत्र से उसको भस्मसात् कर दिया। तथा जब भगवान्, कृपालु भगवती पार्वती उमा से संबंधित हुए तभी सब सचेतन जीवों ने अपने-अपने सुख को प्राप्त किया।

अनेक रूप धारण करने के लिये तर्क।

५४—जब तक परमेश्वर अनेक रूपों को धारण नहीं करता तब तक हम उसकी पंचक्रिया रूपों को नहीं पा सकते और न भक्तों को उसकी कृपा ही मिल सकती है। हमें न उसकी पवित्र दिव्यवाणी ही मिल सकती है। न हम अपने कर्मों का भोग ही प्राप्त कर सकते हैं। और न पवित्र दीक्षापूर्वक योग द्वारा हमारी मुक्ति ही हो सकती है।

ईश्वर रूपी, अरूपी और रूपारूपी है।

५५—जब एक बार परमात्मा का रूप मान लिया तब इसीसे यह सिद्ध होता है कि वह रूप रहित भी है। इसीसे ही फिर हम तीसरा रूप निकालते हैं जो न रूपी है और न अरूपी। ये तीन प्रकार के रूप भगवान् इसलिये ही धारण करते हैं कि हमारे पार्थिवरूप सर्वथा नष्ट हो जाय जो कि हमारे जन्म और मरण के कारण हैं।

ईश्वर साध्व मूर्ति है।

५६—यदि यह पूछा जाय कि परमेश्वर को अध्वमूर्ति क्यों कहा गया है और वह अपने शरीर के लिये अध्वों को क्यों रखता है? तो इसका उत्तर यह है कि वह अनादि और सर्वव्यापी है। और इन शरीरों से अभिन्न है। वह चित् और अचित् दोनों पदार्थों को प्रेरित करता है इसलिये उसको वेद भी अध्वमूर्ति कहते हैं।

ईश्वर मंत्र मूर्ति है।

५७—यदि यह प्रश्न किया जाय कि वेद उसे मुख्य रूप से मंत्रमूर्ति क्यों कहते हैं। इसका कारण यह है कि विश्व के उपादानकारण जैसे कि बिन्दु (कुन्डलिनी), मोहिनी (अशुद्ध-माया) और महत् (प्रकृति) हैं, इनमें से बिन्दु शरीर सबसे शुद्ध है और वह शिव शक्ति से सम्बन्धित है।

इसका तर्क

५८—क्योंकि यह मन्त्रशुद्ध विन्दु से उत्पन्न होता है और इसका कारण पराशक्ति है जो इसमें व्याप्त रहती है। यह मनुष्यों की उन्नति और मुक्ति का साधन है इसलिये ही वेद मुख्य रूप से मन्त्रों को हर का शरीर कहते हैं।

ईश्वर पंच मन्त्रमूर्ति है।

५९—यदि यह पूछा जाय कि इन मन्त्रों में से तन्त्रशास्त्र ५ मन्त्रों, ईशान आदि का ही, उसके शरीर के रूप से विशेष उल्लेख क्यों करते हैं। तो इसका उत्तर यह है कि सबसे प्रथम ५ मन्त्र ही उत्पन्न हुए और ये पाँच मन्त्र ही अन्य मन्त्रों के मूल कारण हैं। इनका नियन्त्रण भी प्रथम पांच शक्तियों द्वारा होता है।

अधिकरण ३

परमेश्वर और त्रिमूर्ति

६०—यदि यह प्रश्न किया जाय कि ब्रह्मा आदि देवता महादेव के रूप किस प्रकार से हैं? तो ये इस प्रकार है :— यह भगवान् हर की शक्ति है कि वे अन्य देवता अपने-अपने कार्य करने में संलग्न रहते हैं। यह शंका, कि यदि ये देवता अपने-अपने कार्य करने में संलग्न रहते हैं तो अन्य हर रूप ईश्वरकी माननेकी क्या आवश्यकता है इसका उत्तर यह है कि अन्य देवता केवल १ प्रकार का ही कार्य करते हैं। सब प्रकार का नहीं।

परमेश्वर की शक्ति एक है।

६१—शक्तियाँ भिन्न नहीं किन्तु एक हैं। एक ही शक्ति भिन्न कार्यों में भिन्न-भिन्न प्रतीत होती है। जैसे कि एक परमोत्तम नियम और शक्ति एक ही वैभवपूर्ण सम्राट में स्थित अनेक रूपोंको धारण करती है और सम्राट के मन्त्री आदि उसका अलग-अलग रूप से पालन करते हैं। उसी प्रकार भगवान् हर एक होते हुए अन्य देवताओं को प्रेरित करते हैं और उनको अपनी इच्छानुसार वर और मुक्ति प्रदान करते हैं।

शक्ति का रूप

६२—इस शक्ति का रूप शुद्ध बुद्धि है। यदि यह पूछा जाय कि क्या इच्छा और शक्ति भी शुद्ध बुद्धि में पाई जाती है। तो कहना होगा 'हाँ,' जहाँ शुद्ध बुद्धि है वहीं इच्छा और शक्ति क्रिया है। इसी प्रकार परम चित् शक्ति द्वारा इच्छा और शक्ति भी प्रकट हो जायगी।

इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति।

६३—भगवान् हर की यह परा शक्ति, इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति रूप हो जाती है। इच्छा शक्ति को हम परम प्रेम कह सकते हैं जिससे कि लोकानुग्रह होता है और सब जीव अपने-अपने कल्याण की कामना करते हैं। ज्ञान शक्ति के द्वारा ईश्वर सब कुछ जानता है और जानकर सब जीवों की हर एक आवश्यकता को पूर्ण करता है। अपनी क्रिया शक्ति द्वारा कृपालु भगवान् सारे विश्व का निर्माण करता है।

जीव ईश्वर के बराबर नहीं हो सकता।

६४—क्या जीव अपनी इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति के धारण करने से ईश्वर के बराबर कहा जा सकता है। कदापि नहीं। जीव की ये शक्तियाँ अनादि अशुद्धि या मल से ढकी रहती हैं। जीव जैसे कर्म करता है उनके अनुसार ईश्वर की परम कृपा से इनको प्राप्त करता है। जीव अपने कर्मों के फलों को भोगने में या मुक्ति प्राप्त करने में अपने आप स्वतन्त्र नहीं हैं।

उसके विभिन्न रूप।

६५—शुद्ध ज्ञानावस्था में उसे शिव कहते हैं। शुद्ध क्रियावस्था में वह शक्ति कहलाता है। जब ज्ञान और क्रिया साम्यावस्था में रहती है तब वह सदाशिव कहलाता है। जब क्रिया का प्राधान्य है तब उसे महेश्वर कहते हैं। जब ज्ञान की प्रधानता होती है वह विद्या कहलाता है। उन रूपों में या शरीरों में वह अनेक कृत्य करता है जैसे कि लय, भोग और अधिकार (उत्पत्ति)।

उसका स्वतन्त्र शरीर।

६६—ये पाँच रूप, शिव, शक्ति इत्यादि उसके पाँच स्वतंत्र प्रकाशमान शरीर बनते हैं। काल की उत्पत्ति के पहले जैसे इन शिव तत्वों की सत्ता पाई जाती है इनको नित्य भी कहा जा सकता है। क्रम, समय के अनुसार नहीं है किन्तु क्रम, ज्ञान और क्रिया शक्ति के विकासानुसार है।

ईश्वर निर्विकार है।

६७—जैसे एक नाटक का पात्र अनेक पात्रों के पार्ट खेला करता है कभी वह रावण बनता है और कभी राम बनता है इत्यादि। ठीक इसी प्रकार वह परमेश्वर शिव भी इन रूपों में कार्य किया करता है फिर भी वह एक और अविकारी रहता है। ये सब रूप उसकी शक्तियाँ हैं। वह और उसकी शक्तियाँ उसी प्रकार एक दूसरे से सम्बन्धित रहती हैं जैसे कि वृक्ष और उसका आन्तरिक कठोर भाग आपस में सम्बन्धित रहते हैं।

ईश्वर के बिना उसकी कृपा के कोई नहीं जान सकता।

६८—जैसे बिल्लौरी कांच सूर्य की किरणों की परछाई से अनेक रंगवाला प्रतीत होता है किन्तु वह स्वयं निर्विकारी होता है उसी प्रकार ईश्वर भी अनेक शक्तियों के रूप से प्रकट होता है किन्तु वह स्वयं शुद्ध एक रूप रहता है। उसका दर्शन सिवाय इसके कि जब वह अपनी वास्तविक शक्ति के रूप में प्रकट होता है, कोई नहीं कर सकता।

विश्व पुरुष रूप और स्त्री रूप परमेश्वर की आकृति के अनुसार है।

६९—यह सब विश्व, शिव और उसकी शक्ति रूप है, उसीके रूपों के अनुसार स्त्री और पुरुषों का निर्माण है जिनके

चिह्न और लक्षण समान और असमान होते हैं उसकी शक्ति के प्रभाव से ही हमारे सब कल्याण सम्पादित होते हैं। लोक के मनुष्य शिवलिंग और पीठ के असली तत्व को नहीं समझते।

७०—शिव न रूपी है और न अरूपी। वह न चित् है और न अचित्। वह अन्य कोई क्रिया नहीं करता। न वह उत्पत्ति करता है और न स्थिति। वह न कभी योगी था और न भोगी। यद्यपि वह इन सब रूपों में सदा अभिन्न रूप से विद्यमान रहता है तथापि वह इन सब रूपों से भिन्न है।

सूत्र २. अद्वैत लक्षण।

ईश्वर का विश्व से सम्बन्ध।

१—भगवान् शिव का प्रकाश सब वस्तुओं से परे हैं। वह शिव विश्व के साथ अभेद रूप है। भेद रूप है तथा भेदा-भेद रूप है। ईश्वर जो असंख्य आत्माओं का नियन्त्रण करता है अपनी आज्ञा शक्ति द्वारा उनपर शासन करता है और उनके कर्मों के अनुसार उनको फल देता है। वह अपने बनाये हुए जन्तुओं के दोषों से निर्लेप रहता हुआ सबका आदि कारण है। स्वतः प्रकाशरूप वह निर्मल सत् सबमें व्याप्त होता हुआ अद्वैत या अनन्यरूप है।

अधिकरण १

मायावादी की शंका का उत्तर।

२—जब सब वेद ईश्वर को द्वितीय रहित, एक कहते हैं तब तुम उसका दूसरा रूप क्यों मानते हो जो सब आत्माओं में विद्यमान रहता है, यह उपपत्ति ठीक नहीं। क्योंकि तुम

वेदों का अर्थ ठीक नहीं जानते। वेद यह कहता है कि ईश्वर एक ही है। आत्माओं या जीवों का ईश्वर से सम्बन्ध उसी प्रकार का है जैसे कि एक अक्षर का अन्य अक्षरों से सम्बन्ध होता है।

ईश्वर सर्वमय भी है और नहीं भी है।

३—जैसे आत्मा शरीर और इन्द्रियों से सम्बन्ध रखती है और फिर भी उनसे भिन्न रहती है उसी प्रकार ईश्वर भी सब जीवों से सम्बन्धित रहता हुआ भिन्न रहता है। आत्माएँ ईश्वर नहीं बन सकते और न ईश्वर आत्माओं के रूप में परिवर्तित हो सकता है। ईश्वर आत्माओं से भिन्न भी है और अभिन्न भी है।

अधिकरण २

ईश्वर आत्माओं और कर्मों को किस प्रकार प्रेरित करता है।

४—आत्माएँ अपने शुभ और अशुभ कर्मों के अनुसार जन्म, मरण, सुख, दुःख आदि को सहन करते हैं। जीव कर्मों का फल ईश्वर की इच्छा के अनुसार उसी प्रकार भोगता है जैसे मनुष्य इस असार संसार में अपने-अपने कर्मों के अनुसार राजा के द्वारा पारितोषिक या दंड प्राप्त करते हैं। अथवा जैसे एक वैद्य औषधि द्वारा भिन्न रोगियों को आरोग्य प्रदान करता है। जीव स्वयं योग्य शरीर प्राप्त कर भविष्यत् काल में अपनी ही शक्ति द्वारा कर्मों के फलों को नहीं भोग सकते।

लौकायत की शंका

५—यदि तुम चार्वाक कर्म की सत्ता स्वीकार नहीं करते क्योंकि सुख-दुःख तुम्हारे लिये स्वाभाविक है तब तो स्वाभाविक

गुण एक सरीखे होना चाहिये। मनुष्य सुख दुखों के, जो भिन्न भिन्न प्रकार के हैं, भागी नहीं हो सकते। तुम फिर एक स्वाभाविक उदाहरण देते हो कि जब पानी में एक सुगन्धित केवड़ा का पुष्प रक्खा जाता है, वह सुगन्धित हो जाता है और जब वह तपाया जाता है गर्म हो जाता है। मनुष्य अन्य कर्मों के सम्बन्ध से भिन्न है। उसे बुद्धिमान् होना चाहिये।

६—ठीक इसी प्रकार जैसे पानी अन्य पदार्थों के सम्बन्ध से खुशबूदार हो जाता है या गर्म हो जाता है, अपने स्वभाव से नहीं। इसी तरह दो प्रकार के कर्म आत्मा से बँध जाते हैं। सुख और दुःख बुद्धिरहित अचेतन पदार्थ से अपने आप कभी सम्बन्धित नहीं हो सकते।

दूसरी शंका पुनर्जन्म नहीं होता।

७—यह शंका फिर की जाती है कि मनुष्य धनार्जन और भोग अपने पुरुषार्थ से करता है। आलसी धन नहीं प्राप्त कर सकता और न भोग ही कर सकता है। यदि यह ठीक है तो उन मनुष्यों को जो उत्साही और व्यवसायशील हैं धन अवश्य कमाना चाहिये।

इसका उत्तर।

८—इसका उत्तर यह है कि मनुष्य का प्रयत्न या आलस्य उसके पूर्वजन्मकृत कर्मों का परिणाम होता है। तथा यह भी देखा जाता है कि जो मनुष्य धनार्जन में अत्यन्त अध्यवसायशील होता है। एकदम वह आलसी बन जाता है। तथा अत्यधिक प्रयत्नपूर्वक कमाया हुआ धन अग्नि या चोरी आदि से नष्ट हो जाता है। इसके अतिरिक्त बहुत आलसी भी संसार में अनेक प्रकार के सम्पत्तिजन्य आनन्द लूटते हैं।

कर्म किस प्रकार कार्य करता है।

९—लाभ, हानि, सुख-दुःख, मान, अपमान ये ६ जीव के गर्भ से ही सम्बन्धित होते हैं। वे मनुष्य के पुरुषार्थ के फल के रूप में प्रकट होते हैं और पूर्वजन्म में किये हुए प्रयत्न के फल होते हैं। इस जन्म में किये हुए पुरुषार्थ के परिणाम आगामी जन्म में प्रकट होते हैं।

शरीर किस प्रकार बनता है।

१०—कर्म शरीर के कार्य हैं तो शरीर कैसे बना। यदि तुम यह प्रश्न करते हो तो उसका उत्तर यह है कि गत शरीर का कर्म नवीन शरीर की उत्पत्ति का कारण होता है। उनका आपस में कार्य कारण रूप सम्बन्ध होता है जैसे बीज और वृक्ष एक दूसरे के कार्य कारण बनते हैं।

हमारा भविष्य किस प्रकार बनता है।

११—यदि गत कर्मों का भोग इस जन्म में होता है तो भविष्य में जन्म के लिये बीज कहाँ से प्राप्त होता है। यदि तुम्हारी यह शंका है तो उत्तर यह है, कि यह कर्म जो सुख-दुःख को पैदा करता है कार्यों का बना हुआ होता है। इन कार्यों ने वर्तमान शरीर को उत्पन्न किया और उनको फिर करने के लिये दूसरे कार्य किये जाते हैं। बिना दूसरे कार्यों को जन्म दिये हुए कार्य करना असम्भव है। इसलिये ही इनका आपस में सम्बन्ध है।

इसका उदाहरण।

१२—जैसे कृषक को, खेती, वर्तमान फल को भोगने के लिये, अन्न देती है। और भविष्य के लिये बीज देती है उसी प्रकार हमारे कार्य भी हमारे वर्तमान भोग के कारण होते हैं और

भविष्य के लिये बीज उत्पन्न करते हैं। जिसके फल हम भविष्य में भोगेंगे। यह कर्मों का अनादि क्रम इसी प्रकार चला आ रहा है।

पुण्य और पाप कर्मों के लक्षण।

१३—कर्म या तो शुभ होते हैं या अशुभ। इनके करने के लिये मन, वचन और क्रिया की एकता की आवश्यकता नहीं। शुभकर्मों से सब चेतन जीवों का भला होता है। बुरे कर्मों से तुम उनका बुरा करते हो अर्थात् उन्हें कष्ट देते हो। परमेश्वर तुम्हारे सब कर्मों को जानता है। और उन्हीं के अनुसार तुम्हें सुख-दुःख प्रदान करता है।

पूर्व मीमांसकों की उपपत्ति का निराकरण।

१४—तुम पूछते हो ईश्वर किस प्रकार कर्मों का फल प्रदान करता है। वह परमेश्वर जो सर्वत्र विद्यमान है जीवों के लिये प्रेम के कारण ऐसा करता है वह उन्हें आशीर्वाद देता है जो अच्छे कार्य करते हैं और उन्हें दुःख देता है जो बुरे कार्य करते हैं।

ईश्वर का कार्य सर्वत्र होता है।

१५—वह दुष्टों का दमन अपने प्रेम से करता है। वह उन्हें दण्ड देता है जो अपराध करते हैं और पश्चात् अच्छे कार्य करने के लिये प्रेरित करता है। उसके समस्त कार्य उसके असीम प्रेरणा के परिणाम हैं।

उदाहरण।

१६—माता-पिता उद्दण्ड, अविनयी संतान को मारते हैं क्या यह वे प्रेम से नहीं करते। ईश्वर का क्रोध भी इसी प्रकार का होता है।

अन्य शंकाओं का उत्तर।

१७—तुम्हारा कहना है कि कार्य ही अपने आप फलों को पैदा करते हैं। ईश्वर की इसके लिये आवश्यकता नहीं। किन्तु ये कार्य करने के अनन्तर ही नष्ट हो जाते हैं। तुम खाद और औषधि का उदाहरण देते हो जो उपयोग करनेपर समाप्त हो जाते हैं और उनका फल भी होता है। लेकिन यह नियम सर्वत्र लागू नहीं होता। उदाहरण के लिये तुम एक भिकारी को भोजन और पान देते हो। उससे तुम्हें शक्ति नहीं मिलती किन्तु मल ही मिलता है।

और भी उत्तर।

१९—खाद और औषधि का दृष्टान्त उपयुक्त नहीं है। यदि तुम फिर भी यह कहो कि संसार में ऐसे भी उदाहरण हैं कि एक स्थान पर कार्य किये हुए दूसरे स्थान में फल प्राप्त करते हैं जैसे जल में तिल तर्पण करना, हवि को अग्निपर क्षेपण करना, तथा भिक्षान्न प्रदान करना इत्यादि। ये तो यहीं नष्ट होते हुए देखे गये हैं फिर ये दूसरे भव में किस प्रकार फल दे सकते हैं।

वही तर्क।

२०—तुम कहते हो कि ये सब कार्य करनेवाले के चित्त पर संस्कार छोड़ जाते हैं और चित्त से ही दूसरे भव में फिर पैदा किये जाते हैं। यदि तुम्हारा यह कहना ठीक है तो स्वर्ग-नरक, और इस भव का जन्म, जो पुण्यात्मा, और पापात्माओं ने प्राप्त किया है, तुम्हारे चित्त में परिणत हो गये और वे फिर तुम्हारे ही चित्त से पैदा हो गये। मेरे प्यारे मित्र! तुम्हारे सुन्दर शब्द आश्चर्यजनक हैं।

ईश्वर सब का नियन्ता है।

२१—दान, और दाता, क्रियाकांड और उसके फल का ग्रहणकर्ता ये सब विनाशी हैं। इसलिये अनादि ज्ञाता जो शुभ और अशुभ कर्मों के फलों का दाता है अत्यन्त आवश्यक है। सारे अच्छे कार्य उसी निर्दोष परमात्मा के नियन्त्रण के फल हैं। यदि हम उसके नियमानुसार कार्य करें तो हम अपनी व्याधि से मुक्त हो सकते हैं।

कैसे ?

२२—सब जीव या आत्माएँ अपने-अपने शरीर, इन्द्रियाँ, देश, काल, नियम, कार्य और विषय के अनुसार फल भोगते हैं। ये सब अचेतन हैं और अपने आप आत्माओं से सम्बन्धित नहीं हो सकते। आत्माएँ बन्धन बद्धावस्था में अपनी इच्छानुसार इनको ग्रहण नहीं कर सकतीं। इस प्रकार ईश्वर ही अपनी आज्ञा शक्ति द्वारा अपने परम नियम की शक्ति के अनुसार इनका जीवों के साथ सम्बन्ध कराता है।

परमेश्वर का प्रेम ही नियम है।

२३—सदाचार, प्रेम, दया, आचार, अभ्यागत का आदर, मित्रता, सद्भाव, निर्दोष संयम, दान, आदर, पूजा, सत्य, निर्मल सन्यास, विनय आदि यदि निर्दोष धर्म के अंग हैं तो ये ही प्रेममयी भगवान् के अनादि नियम हैं।

ईश्वर से प्रेम करो।

२४—जब मनुष्य एकाग्र चित्त होकर, स्तोत्र और मन्त्रों का उच्चारण करते हुए, पुष्प चढ़ाते हुए, अपने मन को क्रोध, इच्छा और दोषों से मुक्त कर उपर्युक्त धर्मों को धारण कर

परमेश्वर की पूजा करता है तब वह परम पुराण देवाधिदेव परमात्मा उस मनुष्य की पूजा को स्वीकार करता है।

और वह परम सत्य भगवान् अपनी कृपा प्रदान करेगा।

२५—तुम परमात्मा की किसी भी रूप में पूजा करो, भगवती उमा भगवान् की शक्ति रूप में वहाँ अवश्य प्रकट होगी। अन्य देवता पैदा होंगे, मरेंगे, पाप करेंगे और पापों का कर्म कर के फल भोगेंगे। वह परमेश्वर जो इन सब से परे है तुम्हारी सच्ची पूजा को स्वीकार कर अपनी कृपा प्रदान करेगा।

इसका कारण यह है।

२६—जब हम कुछ जीवों की, जैसे माता, पिता की पूजा करते हैं तो हमें जानना चाहिये कि ये वे नहीं हैं जो भविष्य में हमें अपनी कृपा प्रदान करेंगे। जहाँ कहीं देवतागण अपनी कृपा प्रदान करते हैं उसका प्रकार यह है। ये सब देवता उस परम शक्ति के संरक्षण में हैं और वह परम शक्ति उनके द्वारा हमारी प्रार्थनाएँ स्वीकार करती है।

इसलिए सत्य परमेश्वर की पूजा करनी चाहिये।

२७—यदि वह परमात्मा शिव है जो अन्त में अपनी कृपा प्रदान करता है तो उसका परम प्रेम ही परम धर्म है। अन्य पूजा-पाठ सब अवर और व्यर्थ है। भगवान् शिव की आज्ञा परम धर्म है। क्योंकि वह इच्छा रहित है इसलिए उसकी पूजा-पाठ निरर्थक है और उसको इससे कोई आनन्द प्राप्त नहीं होता। उसकी केवल इच्छा तुम्हारी भलाई करने की होती है। इसलिए उसकी पूजा के लिए प्रयत्न करना चाहिये।

उसको पूजने की विधि।

२८—वह परमेश्वर जड़ रूप में भी पूजा स्वीकार करता है जैसे शिवलिंग की पूजा और जीवित रूपों में भी। जो उसके भक्त हैं उनको वह सब रूपों में अपनी कृपा प्रदान करता है। यदि तुम उसे अपने हृदय में धारण करके उसकी पूजा करो तो यह पूजा सब प्रकार की सिद्धि के लिए पर्याप्त है। किसी भी अवस्था में उससे प्रेम करने में न चूको और उसके नाम का प्रतिदिन जोर से पाठ करो।

२९—उस परमात्मा के भक्तों के पाप भी पुण्यरूप हो जाते हैं और जो प्रेम या भक्तिरहित हैं उनके पुण्य भी पापरूप हो जाते हैं। दक्ष की कठोर तपस्या व्यर्थ थी और एक बालक का पापकृत्य ईश्वरप्रेम से भरा हुआ पुण्यवर्धक था।

ईश्वर का नियम कहाँ निहित है?

३०—वेद भगवान् के वचन हैं—"जो वैदिक वचनों का अनुपालन नहीं करते वे नरकगामी होते हैं और जो वेदवचनानुसार आचरण करते हैं वे आनन्द के संसार में गोते लगाते हैं।" मनुष्य संसार में सुख-दुःख परमेश्वर के आज्ञानुसार भोगते हैं।

इसका उदाहरण।

३१—नीति के द्वारा राजा न्याय करता है और जो नीति का पालन नहीं करते उनको दंड देता है। जो नियमानुसार कार्य करते हैं उनको वह छत्र, भूमि प्रदान करता है तथा नीति के अन्दर अधिकार भी प्रदान करता है। ठीक इसी प्रकार ईश्वरीय न्याय भी कार्य करता है।

ईश्वरीय न्याय के समक्ष राजकीय न्याय अपवाद नहीं है।

३२—राजकीय न्याय भी ईश्वरीय कृपा का कार्य है। जो मनुष्य बड़े बड़े अपराध करते हैं और असद् व्यवहार करते हैं उन्हें निश्चय से सजा मिलती है और वे दुःख उठाते हैं। इस तरह वे अपने कर्मों के भोग भोगते हैं। तब उन्हें नीति को पालन करने की शिक्षा मिलती है। एतादृश पावन मनुष्य नरक के दुःखों को दूर कर सकते हैं। मनुष्यों के नरक के दुःख और संसार के दुःख प्रायः एक प्रकार के ही होते हैं।

ईश्वर की कृपा से पुण्य और पाप तुल्य बन जाते हैं।

३३—जो मनुष्य ईश्वरीय नियमों का, जो उसने अपनी कृपा से शास्त्रों में दिये हुए हैं, उल्लंघन करता है और पाप संपादन करता है वह घोर अन्धकारमय नरक में पड़कर अपने अशुभ कर्मों के फलों को भोगेगा, पुण्यात्मा जीव अपने कर्मों का फल स्वर्ग में जाकर भोगेगा। इस प्रकार सुख और दुःख दो प्रकार के फल हैं जो भगवान मनुष्यों के द्विविध मलों को दूर करने के लिये देता है।

इसी का पुनः व्याख्यान।

३४—जो मनुष्य स्वास्थ्य के नियमों के अनुसार जीवन व्यतीत करता है उसे बीमारियाँ कभी नहीं सता सकतीं। यदि स्वास्थ्य के नियमों की परवा न की जाय तो बीमारियाँ अवश्य मनुष्य को घेर लेती हैं। वैद्य, रोगी के लिये औषध देता है और उसकी बीमारी को दूर कर देता है, किन्तु वह औषधि के विना भी केवल मंत्रोच्चारण या स्पर्शमात्र से ही लोगों की बीमारियों को दूर कर देता है। उसी प्रकार भगवान् शिव भी

उन्हें कर्मों के फलों को भुगवा कर भव रोग से मुक्ति प्रदान करते हैं।

पुण्य और पाप दोनों ही मनुष्य के लाभ के लिये हैं।

३५—सांसारिक वैद्य कई प्रकार की बीमारियों को शरीर काट कर या दाग कर ठीक करते हैं। अन्य बीमारियाँ दूध और शक्कर खिला कर ठीक की जाती हैं। उसी प्रकार भगवान् भी मनुष्यों को कर्मों के अनुसार सुख-दुःख देकर मुक्ति के मार्ग पर लगाता है।

पुनर्जन्म।

३६—जब स्थूल शरीर नष्ट हो जाता है तब आत्मा आठ तत्वों से बने हुए सूक्ष्म शरीर को धारण करता है और ईश्वरीय न्यायानुसार स्वर्ग या नरक में सुख-दुःख भोगता है और गर्भ में अणु के रूप से संसार में दूसरा जन्म धारण करने के लिये प्रवेश कर जाता है।

वही सिद्धान्त।

३७—जब एक स्थूल शरीर नष्ट हो जाता है तब आत्मा एकदम दूसरा भी स्थूल शरीर धारण कर सकता है या वह पत्थर की तरह कुछ समय के लिये सुषुप्ति अवस्था में रहता है। पश्चात् निश्चित समय के बाद अपने कर्मानुसार नरक में कर्मों के फल को भोग कर वह फिर स्थूल शरीर को धारण करता है।

इसका उदाहरण।

३८—सर्प अपनी काँचली को छोड़ कर, पक्षी अपने अंडे को छोड़ कर और योगी मृत्यु के अनन्तर अपने शरीर का परित्याग

कर दूसरे शरीरों के रूपों में प्रवेश कर यह सिद्ध करते हैं कि आत्मा स्थूल शरीर से सूक्ष्म शरीर में प्रवेश करता है और स्थूल शरीर धारण करता है और दूसरे चेतनजगत में पहुँच जाता है। इसकी बुद्धि भी परिवर्तित होती रहती है जैसे मनुष्य जाग्रत अवस्था से निकल कर स्वप्नावस्था में प्रवेश करता है।

कार्य का लक्षण।

३९—कर्म, पुण्य और पाप तथा उनके फलों से बनता है और लाभ या हानि तथा सुख-दुःख का कारण बनता है, यह अनादि तीन मलों में से एक मल है जो आत्मा को आवृत करता है। जब यह मन, वचन और काय के कार्यों में प्रकट होता है तब इसे काम्य कहते हैं।

जन्म का सिद्धान्त।

४०—यह पुण्य और पापरूप कर्म अनादि अनन्त है किन्तु इसकी आदि भी है क्योंकि यह एक निश्चित समय में मनुष्यों के द्वारा किये हुए कार्य के अनुसार शुरू होता है। जब मनुष्य इसका पूर्ण भोग भोग लेता है तब इसका अन्त भी होता है और विश्व के महाप्रलय के समय यह, माया मल से, सम्बन्धित हो जाता है और प्रत्येक आत्मा के सूक्ष्म शरीर के साथ फिर पैदा हो जाता है और बाढ़ की तरह प्रत्येक क्रमानुसार होनेवाली पुनर्जन्म और मृत्यु की अवस्थाओं में जारी रहता है। यह स्थूल, सूक्ष्म, अतिसूक्ष्म अनेक रूपों को धारण करता है और फिर भी रूपरहित होता है। यह सब परम शिव के नित्य नियमानुसार होता रहता है।

भट्टाचार्य का मत ।

४१—तुम जीवों के बारे में, चाहे वे चर हों या अचर, यह कहते हो कि प्रत्येक जीव पुनर्जन्म के समय अपने कर्मानुसार शरीर को बदलता है किन्तु इसके रूप को नहीं बदलता। लेकिन हमें यह बतलाओ कि जब मनुष्य स्वर्ग में जाकर दिव्य भोगों को भोगते हैं तब वे मनुष्यरूप में भोग भोगते हैं या देवताओं के रूप में भोगते हैं।

४२—यदि वे मनुष्यों की भाँति स्वर्गों में सुख भोगते हैं तब तो यह स्वर्ग, स्वर्ग ही नहीं रहेगा। यदि वे देवताओं के रूप में भोगते हैं तो तुम्हारा सिद्धान्त कि वे रूप का परिवर्तन नहीं करते, व्याघात होता है, तथा जब वे देवताओं के भोगों को भोग कर पृथ्वी पर पुनर्जन्म धारण करेंगे तब वे मनुष्यों के शरीर को ही धारण कर पैदा होंगे न कि देवरूप में।

कुछ उदाहरण।

४३—कुछ कीड़े गुबरीले बन जाते हैं और कुछ कीड़े भिड़ बन जाते हैं, इसी प्रकार जीव भी अपने रूपों को अपने अपने कर्मानुसार बदलते रहते हैं। बहुत से दर्शन इस सिद्धान्त में एकमत हैं केवल तुम को ही इसमें संशय क्यों होता है?

उसी सिद्धान्त के और भी उदाहरण।

४४—अहिल्या का पत्थर के रूप में परिवर्तित होना, महाविष्णु का अनेक अवतारों का धारण करना, मकड़ी का प्रसिद्ध सूर्यवंश में अनेक जन्म धारण करना, और चूहे का महाबली बनना इत्यादि उदाहरण हमारे सिद्धान्त की ही पुष्टि करते हैं।

पुनः शंका का उत्तर ।

४५—तुम मानते हो कि ये उदाहरण केवल यही बतलाते हैं कि ये रूपों के परिवर्तन कुछ कारणों से हुए हैं लेकिन कर्म का इनसे कोई सम्बन्ध नहीं, किन्तु हम अभी यह बतला चुके हैं कि भगवान् शिव सब कर्मों का साक्षी है, क्योंकि यह निश्चित है कि प्रत्येक कार्य ईश्वरेच्छा से ही होता है।

कर्म निष्क्रिय और अचेतन हैं जबतक कि उनमें ईश्वर की प्रेरणा न हो।

४६—कर्म अपने आप किसी शरीर से या किसी संसार को ढूँढ़ कर जीव से सम्बन्धित नहीं हो सकता और जीव भी उसी प्रकार किसी विशेष शरीर को पसन्द करने के लिये असमर्थ हैं। इनके सम्बन्ध और विकास का कारण परमेश्वर ही है। ईश्वर, बुद्धिपूर्वक प्रत्येक जीव को उसके कर्मानुसार नियत शरीर प्रदान करता है।

सूक्ष्म शरीर से स्थूल शरीर की उत्पत्ति होती है, यह जगत्कर्ता का आवश्यक कार्य है।

४७—यदि तुम पूछो कि स्थूल शरीर कहाँ से उत्पन्न होता है तो हम कहेंगे कि यह सूक्ष्म शरीर से पैदा होता है। तुम यदि फिर पूछो कि यदि ऐसा होता है तो सब रूप एक प्रकार के क्यों नहीं होते? हमारा उत्तर है कि नहीं, क्योंकि यद्यपि सुवर्ण एक है तथापि उससे अनेक प्रकार के आभूषण जैसे चेन, इत्यादि बनाये जाते हैं। इन रूपों का निर्माण तथा इन संसारों की रचना केवल एक ईश्वर शिव द्वारा ही बनाई जाती है।

स्थूल शरीर किस प्रकार बनता है?

४८—स्थूल शरीर सूक्ष्म शरीर के विनाश और परिवर्तन से नहीं बनता और न सूक्ष्म शरीर में ही भिन्न रूप से बनाया

जाता है। सूक्ष्म शरीर में ही स्थूल शरीर निर्माण करने की शक्ति है जैसे एक वृक्ष जब वह जड़ तक काट दिया जाता है जड़ से फिर उत्पन्न हो जाता है।

और स्पष्टीकरण।

४९—ईश्वरीय नियम के अन्दर स्थूल शरीर सूक्ष्म शरीर से उत्पन्न होता है। बिना इस प्रकार की दिव्य शक्ति के यह अपने आप कर्मों की शक्ति से ही केवल पैदा नहीं हो सकता। बीज से वृक्ष की भाँति, स्थूल शरीर, इसके उपादान कारण, सूक्ष्म शरीर से उत्पन्न होता है। वृक्ष और बीज जिस प्रकार एकदम नष्ट किये ज़ा सकते हैं, उसी प्रकार सूक्ष्म शरीर भी नष्ट हो सकता है। यह कहना ठीक नहीं। ये शरीर उत्पन्न होते हैं, नष्ट होते हैं और पुनः उत्पन्न होते हैं, जैसे चन्द्रमा और उसकी कलाएँ बढ़ती हैं और घटती हैं और फिर बढ़ती हैं।

शरीर के मूल कारण।

५०—स्थूल शरीर का मूल कारण पुरी अष्टक या सूक्ष्म शरीर है। सूक्ष्म शरीर का कारण मूल प्रकृति है, मूल प्रकृति का कारण अशुद्ध माया या मोहिनी है, मोहिनी का मुख्य कारण बिन्दु या कुण्डलिनी है, इसके भी ऊपर इन सबकी प्रेरकशक्ति परमेश्वर की है जो शिवरूप है। जब आत्मा परमेश्वर तक पहुँच जाती है तो ये तमाम विभिन्न शरीर खत्म हो जाते हैं और आत्मा के बंधन भी कट जाते हैं।

अधिकरण ३

ईश्वर के कार्य।

५१—ईश्वर के कार्य उसके प्रेम से निश्चित किये जाते हैं जैसे कि हमने पहले बतलाया है। वह अलग अलग संसारों

में जीवों को उनके कर्मों के फलों को भुगवा कर और प्रत्येक को योग्य शरीर प्रदान कर इन औषधियों से उनके मल को दूर करता है और आत्माओं को सर्वोत्तम आनन्द प्रदान करता है तथा अन्त में अपने चरणकमलों के मुकुट से उनके सिरों को शोभायमान करता है।

माया शुद्धि का कारण है।

५२—शरीर और इन्द्रियों का निर्माण माया मल से होता है। हम क्यों कहते हैं कि यह धूल या मल आणव को दूर करेगा, यदि तुम पूछते हो तो हमारा उत्तर है कि हम ठीक कहते हैं। जैसे धोबी सब कपड़ों को गोबर और सोडा सज्जी आदि को मिला कर साफ करता है उसी प्रकार वह पुराणपुरुष हमारे पापों को माया मल से दूर करता है।

माया का लक्षण।

५३—अविनाशी, रूपरहित, एक समस्त संसार की बीजभूत, बुद्धिरहित अचेतन, सर्वव्यापी, पूर्ण भगवान् की एक शक्ति, इन्द्रिय, शरीर और संसार का आदिकारण तथा तीनों में से एक मल और भ्रम का कारण माया है।

इसके कार्य, समय, काल वगैरह।

५४—माया से काल और नियति उत्पन्न होते हैं और अन्त में कला पैदा होती है। इनमें से काल ईश्वर के इच्छानुसार भूत, भविष्यत्, वर्तमानरूप में समग्र विश्व पर नियन्त्रण करता है और सब वस्तुओं की उत्पत्ति, स्थिति और विनाश का कारण बनकर काल के विभाग करता है।

नियति, काल और विद्या।

५५—नियति, कर्मों की प्रक्रिया में क्रम और संगति पैदा करती है। अनन्तर शक्तिमती कला उत्पन्न होती है और वह

आणव को कुछ ऊपर उठाकर आत्माओं की सक्रिय शक्तियों से खेल खिलवाती है। विद्यातत्त्व कला से पैदा होता है और इसके द्वारा आत्मा की बौद्धिक शक्तियाँ कार्यरूप में परिणत होती हैं।

राग और पुरुषतत्त्व।

५६—विद्यातत्त्व से राग की उत्पत्ति होती है, जिसके द्वारा प्रत्येक मनुष्य में अपने-अपने कर्मानुसार भोग और इंद्रिय-सुख भोगने की इच्छा उत्पन्न होती है। जब आत्मा इस प्रकार त्रिविध इच्छा, ज्ञान और क्रियाशक्ति से सम्पन्न हो जाता है तब यह त्रिविध शक्तियों से समन्वित शरीर पुरुषतत्त्व कहलाता है।

मूलप्रकृति और उसके कार्य।

५७—कला से अव्यक्त रूप में प्रकृति उत्पन्न होती है। इससे तीन गुण पैदा होते हैं। प्रत्येक गुण तीस प्रकार का होता है और ये गुण प्रत्येक वस्तु में व्याप्त रहते हैं। जब आत्मा इन गुणों में परिवर्तित हो जाता है तब वह संसार में भोगों के लिये आबद्ध हो जाता है।

चित्त और बुद्धि।

५८—अव्यक्त से चित्त उत्पन्न होता है और वह हर वस्तु का विचार करता है उसीसे ही बुद्धि उत्पन्न होती है। और वह धर्म, अधर्म से सम्बन्धित होकर मानस प्रत्यक्षों में भेद कर देता है और अनन्तर मोह, सुख और दुःख से आवृत होकर ज्ञान और क्रिया दोनों पर असर डालता है।

अहंकार।

५९—बुद्धि से अहंकार उत्पन्न होता है जो मनुष्यों में अहंभाव का बीज है और कहता है "मेरे समान कौन है, मैं

यह हूँ, यह मेरा है" इत्यादि। इसका मनुष्य से बिलकुल अभेद सम्बन्ध है। यह अहंकार तीन गुणों अर्थात् सत्व, रज, तम या तैजस, वैकारी और भूत में से प्रत्येक के अनुसार तीन प्रकार का होता है।

मन, ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ।

६०—तैजस से मन उत्पन्न होता है, यह चीजों को देखता है, उन्हें स्मृति में रखता है, उन्हें विभाजित करता है और उनके बारे में शंका करता है। तैजस से ज्ञानेन्द्रियाँ पैदा होती हैं। वैखरी से कर्मेन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं।

ज्ञानेन्द्रियाँ और उनके विषय।

६१—आँख, कान, नाक, जिह्वा और त्वक्—ये ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। उनके विषय क्रमानुसार रूप, शब्द, गंध, रस और स्पर्श होते हैं। प्रत्येक उनमें से किसी एक प्राकृतिक तत्व से मिले रहते हैं जैसे आकाश इत्यादि।

कर्मेन्द्रियाँ और उनके विषय।

६२—ऋषि लोग मुख, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ को कर्मेन्द्रियाँ कहते हैं। इनके क्रमानुसार वाक्, क्रिया, चलना, टट्टी करना और पेशाब करना और विषयानन्द लेना कार्य हैं।

इन सबका वर्गीकरण।

६३—कर्मेन्द्रियाँ और ज्ञानेन्द्रियाँ मिल कर बहिरिन्द्रियों को बनाती हैं। मन और दूसरी शक्तियाँ मिल कर अन्तरिन्द्रियों को बनाती हैं जिन्हें अन्तःकरण भी कहते हैं। जो मनुष्य और भी खोज करेंगे उन्हें राग तत्व भी मिलेगा। अन्य शक्तियाँ इन चार से भी गूढ़ हैं। आत्मा, मायाजन्य इन शक्तियों से नियंत्रित रहती है।

भूत, तन्मात्रा और पुरी अष्टक।

६४—भूतों से ५ तन्मात्राएँ शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध पैदा होती हैं। वे बहिरिन्द्रियों में ज्ञान पैदा करती हैं। कर्तृभूत तन्मात्राएँ मन, बुद्धि और अहंकार मिल कर पुरी अष्टक बनाते हैं।

पंच स्थूल तत्व और उनका उपर्युक्त तत्वों से सम्बन्ध।

६५—पंच तन्मात्राओं से क्रमशः आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी उत्पन्न होते हैं। इसके अन्दर दूसरे की अपेक्षा एक अधिक गुण होता है। मूलभूत तत्त्व का बाहिरी दृश्य कार्यों के साथ, जीवका शरीर के साथ सम्बन्ध के समान, सम्बन्ध होता है।

स्थूल तत्वों के गुण।

६६—आकाश का गुण अवकाश है और यह सब तत्वों को स्थान प्रदान करता है। वायु सर्वत्र बहती रहती है और हर एक वस्तु को इकट्ठी करती रहती है। अग्नि जलाती है और वस्तुओं का मेल कराती है। पानी ठंडा होता है और यह चीजों को कोमल बनाता है। पृथ्वी कड़ी होती है और सब वस्तुओं को धारण करती है।

उनके रूप, रंग और चिह्न।

६७—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश क्रमानुसार वर्गाकार, अर्धचन्द्राकार, त्रिभुजाकार, षट्भुजाकर और वृत्ताकार रूपवाले होते हैं। उनके क्रमानुसार पीत, शुभ्र, रक्त, कृष्ण और नील रंग होते हैं। उनके वर्ण बीजाक्षर क्रमानुसार ये हैं—ल, व, र, य, ह।

उनके चिह्न और देवता।

६८—उनके क्रमानुसार चिह्न ये हैं—वज्र का खड्ग, कमल, स्वस्तिक, छः बिन्दु और अमृत बिन्दु। उनके देवता क्रमानुसार ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, महेश्वर और सदाशिव हैं। पंच कलाओं के भी यही देवता हैं।

तत्वोंका संक्षेपीकरण और वर्गीकरण।

६९—प्रथम पंचतत्व, जिन्हें शुद्धतत्व कहा गया है और पश्चात् वर्णित ३१ तत्व, मिलकर ३६ तत्व बनते हैं। इनमें से प्रथम चित् कहलाते हैं और एक और तत्व आत्मा है जो चित् और अचित् का भेद कराता है। इसलिये उसे चिदाचित् कहते हैं तथा अन्य ३० तत्व अचित् कहलाते हैं।

अन्य वर्गीकरण।

७०—प्रथम पंच, शुद्धतत्व गिने जाते हैं। दूसरे ७ शुद्धाशुद्ध कहलाते हैं तथा अन्य २४ तत्व जो महत् आदि से उत्पन्न होते हैं, अशुद्ध कहलाते हैं। वे क्रमानुसार जीवों के लिये प्रेरक, भोग और भोग्य क्षेत्रों को बनाते हैं।

सम्पूर्ण तत्व।

७१—यह समस्त विश्व, जो रूप, अरूप तथा रूपारूप पदार्थों से बना हुआ है, तत्वों का विकास है। ये तत्व प्रत्येक तीन रूपों, अर्थात् स्थूल, सूक्ष्म और पर में अपने आप प्रकट होते हैं। जीव जो हमेशा तत्वों से सम्बन्धित रहते हैं तथा षडाख्याओं के प्रबल प्रभाव में रहते हैं उनके नामों को धारण करते हैं। इस प्रकार सब वस्तुएँ वास्तव में तत्व ही हैं।

तत्वों का संकोच और विकास।

७२—चतुर्विंशति तत्व प्रत्येक पृथ्वी से मूल प्रकृति तक

आत्मतत्व में पूर्णतया विलीन हो जाते हैं और मूल प्रकृति से परे ६ तत्व विद्यातत्व में विलीन हो जाते हैं, तथा ३ तत्व शुद्धतत्व से लेकर ऊपर तक शिवतत्व में विलीन हो जाते हैं। ये तीन अर्थात् आत्मा, विद्या और शिवतत्व अनादि अनन्त हैं ऐसा ऋषि लोग कहते हैं। अन्य दो शक्तितत्व और शिवतत्व शुद्ध शिव में लय को प्राप्त होते हैं। तत्वों का विकास भी इसी क्रम से होता है।

अधिकरण ४

तत्वानुसार धर्मों का स्थान।

७३—जितने मिथ्या दर्शन हैं वे सब भूतों से लेकर मोहिनी अशुद्धमाया तक के तत्वों में अलग-अलग स्थित रहते हैं। छः सत्य दर्शन जो शैवसिद्धान्त से प्रारम्भ होते हैं क्रमशः विद्या से ऊपर के तत्वों में आश्रय ग्रहण करते हैं। हमारा परमेश्वर ही एक इन तत्वों को अतिक्रान्त कर गया है।

नव भेद और महेश्वर।

७४—इस विश्व का एक महेश्वर ही कार्यकर्ता है और वही नव वर्गीः—शिव, शक्ति, नाद, रूपरहित चतुर्विध बिन्दु, रूप्यरूपी सदाशिव, महेश्वर, रुद्र, विष्णु और चतुर्विधरूप ब्रह्मा में व्याप्त रहता है। ये ९ वर्ग भिन्न-भिन्न तत्वों में प्रकट होते हुए भी अपने-अपने अनेक विध कार्यों को करते रहते हैं।

शक्तिभेद।

७५—शक्ति के प्रकार या भेद जो शिव के विकास से सम्बन्ध रखते हैं, संख्या में ७ हैं—शक्ति, बिन्दु, मनोमणि, महेश, उमा, लक्ष्मी और सरस्वती। ये सब एक

हैं और पराशक्ति कहलाते हैं। जिस किसी रूप को धारण कर उसके स्वामी प्रकट होते हैं उसमें वह शक्ति स्वयं प्रकट होती है।

शक्ति और शिव।

७६—यह शक्ति ही है जो नाद के रूप में और ६ वर्गों के रूप में स्वयं प्रकट होती है। यह भगवान् शिव हैं जो सब वर्गों का शक्ति से लेकर आगे तक के तत्वों का निर्माण करते हैं। जो कुछ रूप हमें दृष्टिगोचर होता है वह शिव और शक्ति का सम्मिलित रूप है। शक्ति जिस किसी रूप में शक्तिमान के इच्छानुसार प्रकट होती है वह भगवान् की अद्वितीय अर्द्धांगिनी है।

वही।

७७—शिव से शक्ति उत्पन्न होती है और शक्ति से शिव उत्पन्न होता है। जब दोनों का आनन्दमयी संयोग होता है तब संसार और जीवों की उत्पत्ति होती है। तथापि शिव ब्रह्मचारी हैं और मधुरभाषिणी शक्ति क्वारी रहती है। ऋषि मुनि लोग ही केवल इसके रहस्य को जान सकते हैं।

आत्मा का बंधन और मुक्ति।

७८—तत्व, शरीर, इन्द्रिय, संसार और भोग के रूपों में स्वयं प्रकट होते हैं, तथा बंध और मोक्ष इनसे पैदा होकर जीवों पर प्रभाव डालते हैं। जो मनुष्य इस प्रकार तत्वों के रहस्य को जानता है वह एक एक कर के निवृत्ति और कला के द्वारा इनका पृथक्करण करता है और परमब्रह्म परमात्मा के स्वरूप का अनुभव प्राप्त कर लेता है। यही पूर्ववर्णित ऋषि का स्वरूप है।

तत्वों का प्रयोग।

७९—ये सब तत्व मिलकर जीवों पर क्यों प्रभाव डालते हैं? यह पूर्वकर्मों के पूर्ण फल को भोगने के लिये किया जाता है तथा उन कर्मों को सर्वथा नष्ट करने के लिये जिससे वे फिर न उठ सकें और दुष्ट आणव मल से एकदम छुटकारा मिल जाय, इसके लिये भी किया जाता है।

अधिकरण ५

आणव मल का स्वभाव।

८०—अनेक शक्तियों से युक्त आणव मल एक प्रकार का होता है। अनन्त जीवों में व्याप्त होता हुआ, जैसे तावे में मल होता है, यह उन्हें ज्ञान और क्रिया से बाँधता है, यह उनमें अनुभव करने की योग्यता भी पैदा करता है और हमेशा अज्ञान का कारण होता है।

आणव और माया का भेद।

८१—यदि तुम्हारा यह कहना है कि आणव मल नाम का कोई पदार्थ नहीं है, यह माया का परिणाम है, तो तुम्हें समझना चाहिये कि माया जीवों में इच्छा, ज्ञान और क्रिया पैदा कराती है, किन्तु आणव उन्हीं को अन्तर्हित कर देता है। आणव जीवों से अभिन्न है, किन्तु माया उनसे सर्वथा भिन्न है और इसके अतिरिक्त विश्व के रूप में प्रकट होती हुई शरीर, इन्द्रिय, संसार और भोग की जननी है।

पूर्व पक्षवाद।

८२—जैसे कृष्ण मेघ हमारी दृष्टि से सूर्य को ढँक देता है इसी प्रकार माया जीवों के ज्ञान और क्रिया पर परदा डाल

देती है। जब मेघ हट जाता है तब सूर्य अपने पूर्ण तेज से प्रकाशित होने लगता है। ठीक इसी प्रकार जब शरीर विदीर्ण हो जाता है तब जीवों में ज्ञान और क्रिया प्रकाशित होने लगती है।

पूर्व पक्षवाद और सिद्धान्त।

८३—जैसे जब मेघ सूर्य को तिरोहित कर देते हैं तब फैला हुआ प्रकाश हट जाता है उसी प्रकार जब शरीर जीवों को आच्छन्न कर लेता है तब ज्ञान और क्रिया निकल जाते हैं। सिद्धान्त—इच्छा, ज्ञान और क्रिया जीवों में तब प्रकट होते हैं जब वे सशरीर होते हैं, जब वे सशरीर नहीं होते तब अन्धकार के अतिरिक्त और कुछ नहीं प्रतीत होता।

सिद्धान्त।

८४—जो जीवों के ज्ञान और क्रिया को आवृत करता है वह आणव है जिसके अस्तित्व को तुम नहीं स्वीकार करते हो, क्योंकि यह जीवों से मिला हुआ रहता है। इसलिये यह उसका कई गुणों में से एक गुण कहलाया जा सकता है। माया अपनी कृपा से जीवों का कला आदि तत्वों से सम्बन्ध कराती है, जिससे वे अपनी अज्ञान की जंजीरों को तोड़ दें। ये दोनों, इसलिये, एक दूसरे के इतने विरोधी हैं जितने कि अंधकार और दीपप्रकाश।

जीव और मल का भेद।

८५—क्या तुम्हारा अभिप्राय यह है कि अविद्या एक जीव का गुण है? तब तो पुरुष को जड़ होना चाहिये। क्या तुम यह कहोगे कि अन्ध पुरुष की आँख का दोष उसकी आँख का गुण है? मल अज्ञान के गुण को धारण करता हुआ सदा जड़ है किन्तु जीव चैतन्य है जिसका गुण ज्ञान है।

तीन मल किस प्रकार कार्य करते हैं ?

८६—त्रिविध मल, आणव, माया और कर्म जिनका स्वभाव भ्रमात्मक है जीवों के सत्य स्वभाव को तिरोहित कर देते हैं और उनके अन्दर भ्रमपूर्ण भोग और विषयानुभव की योग्यता पैदा कर देते हैं, जैसे अंकुर धान्य में भूसा और छिलका पैदा कर देता है। दो प्रकार के और भी मल हैं जिनका उल्लेख हम अभी करेंगे।

अन्य दो मल।

८७—एक मायेय मल है जो अशुद्ध माया का परिणाम है तथा दूसरा तिरोधायी है जो शुद्ध की शक्ति है जिसके द्वारा त्रिविध मलों का अपने-अपने कार्य करने का नियंत्रण होता है। विद्वानों का यही कथन है। ये पाँच मल जीवों से चिपटे रहते हैं।

जीवों का पुनरागमन।

८८—आत्मा पंचविध मल, आणव, माया, कर्म, मायेय और तिरोधायी से एक क्षण में परमेश्वर के आज्ञानुसार जन्म, मरण, ऊर्ध्वलोक और अधोलोक के चक्रों से गुजरता है जैसे कि आलातचक्र और वायुचक्र जो कभी भी अपनी क्रियाओं से निरत नहीं होते।

मनुष्यजन्म की दुर्लभता।

८९—जब हम जीव का विचार करते हैं जो ४ प्रकार के जन्म—अंडज, स्वेदज, उद्भिज़ और जरायुज—को धारण करता है, पश्चात् मनुष्ययोनि में जन्म लेता है। हम इसकी केवल उस मनुष्य के साथ तुलना कर सकते हैं जिसने श्वेतसागर अपने हाथों से पार किया हो।

उच्च वर्ण में जन्म लेने की दुर्लभता।

९०—यह एक बड़ा भारी पुण्य है कि किसी का ऐसे क्षेत्र-में जन्म हुआ है जहाँ म्लेच्छों का आधिवास नहीं है और वेदों का पठन-पाठन ही सर्वोत्तम कार्य है। मनुष्य जगति के अपर वर्णों में जन्म से बचते हुए यह अत्यन्त दुर्लभ है कि मनुष्य उत्तम वर्ण में पैदा हुआ हो जिससे वह धार्मिक क्रियाएँ तपस्या वगैरह कर सके। और अन्य मिथ्या धर्मों के जाल में न पड़कर शैवसिद्धान्त के सत् धर्म में अपना जीवन व्यतीत करे।

शैव होने की कठिनता।

९१—यह मनुष्य के पुण्य का ही फल है कि वह विनय पूर्वक, एक ओर धनी होने के घमंड से सर्वथा वर्जित होकर तथा दूसरी ओर निर्धनता की तुच्छता से परित्यक्त होकर शैवसिद्धान्त का अवलंबन करता है। ऐसे ही मनुष्य अर्द्ध-चन्द्र से विभूषित भगवान् शिव की शिवज्ञानपूर्वक पूजा कर अपना जन्म कृतार्थ करते हैं और उनकी कृपा के पात्र बन जाते हैं।

मनुष्यजन्म की उपयोगिता।

९२—जब जीवों को मनुष्य जन्म प्रदान किया गया था तब क्या यह उद्देश्य नहीं था कि वे अपने मन, वचन, कार्य से भगवान् शिव की सेवा करें जिनका पंचगव्य से अभिषेक होता है? स्वर्गस्थ देव स्वयं नीचे आकर भगवान् शिव की पूजा करते हैं। बड़े दुखके साथ कहना पड़ता है कि बधिर, मूक जन जो इस चर्ममण्डित शरीर के ऊपर ऊपर भ्रमण

करते रहते हैं और इस दिव्य जीवन का अंशमात्र भी अनुभव नहीं करते।

मनुष्यशरीर की अस्थिरता।

९३—गर्भ में विनाशशील, जन्म के बाद विनाशशील, बाल्यावस्था में विनाशशील, युवावस्था में विनाशशील, वृद्धावस्था में विनाशशील, जीव किसी अवस्था में क्यों न हो जीव के प्रत्येक पद पर मृत्यु तैयार रहती है। इसलिए जब तक सामर्थ्य और शक्ति विद्यमान है बंधन से मुक्त होने का प्रयत्न करो।

सांसारिक अनुभवों की असारता।

९४—जब एक इन्द्रिय भोग भोगती है दूसरी इन्द्रियाँ निष्क्रिय रहती हैं। एक इन्द्रिय के भी अनुभव या भोग एकदम समाप्त नहीं होते। एक खास अवस्था में सब प्रकार के अनुभव दूर हो जाते हैं। दुखदायक जीवन के कटु अनुभव स्वप्न की भाँति या तो शीघ्र नष्ट हो जाते हैं या कुछ समय के बाद नष्ट हो जाते हैं। यदि इस सत्य को जान लिया जाय तो मुक्ति प्राप्त हो सकती है।

मानी, धनी मनुष्य शव के समान हैं।

९५—सुगन्धित चूर्ण से जिनका विलेपन हुआ है तथा जो सुगन्धित पुष्पहारों से शोभायमान है, जो कमखाब के वस्त्र पहिनते हैं और जिनकी सेवा में सेवक खड़े रहते हैं ऐसे वैभवशाली मनुष्य जिनको न बोलने की योग्यता है और न जिनके अन्दर बुद्धि है, जो वाहनों द्वारा वहन की गयी पालकी में सवार होकर गौरव से चलते हैं जिनके दोनों भागों में चमर डुलते हैं, जिनके सामने वाद्य के साथ गाना होता जाता है

तथा तूर्य बजता चलता है, ऐसे मनुष्य केवल मृत शरीर के सदृश हैं।

सांसारिक दरिद्रता और ईश्वरीय वैभव।

९६—तुम मनुष्यों के पीछे, जो शवसदृश जीवन व्यतीत करते हैं, चलते हुए मृत शरीर के समान अपनी बुद्धि, आत्मा और शरीर पर जोर देते हुए अपने शरीर की पुष्टि के लिये जो एक क्षण में प्रकट होकर विनाश होनेवाला है, भ्रमण करते हो। इस प्रकार का ज्ञान रखते हुए भी तुम एक बार भी भगवान् हर की आराधना या पूजा नहीं करते, यदि तुम ऐसा करो तो तुम देखोगे कि जो मनुष्य तुम से बड़े हैं, तुम्हारे पैरों पर आकर गिर पड़ेंगे।

पशुलक्षण

सूत्र ३

१—शरीर से भिन्न एक आत्मा है, वह सत् है, वह शरीर से सम्बन्धित है, और अहंभाव तथा ममता के दोषों से अवलिप्त है। इसके अन्दर इच्छा, ज्ञान और क्रिया पायी जाती है, यह स्वप्न के अनन्तर चैतन्यता को प्राप्त होता है, यह सुख-दुःख का अनुभव करता है जो कर्मों के फल हैं। यह ५ अवस्थाओं में से गुजरता है और तुरीयातीतावस्था में स्थिर हो जाता है।

आत्मा, शरीर और प्राणों से भिन्न है।

२—शरीर से भिन्न आत्मा की क्या आवश्यकता है, क्या शरीर अपने आप कुछ अनुभव कर सकता है या जान सकता

है ? यदि ऐसा है तो जब यह प्राणरहित शव बन जाता है तब क्यों नहीं कुछ अनुभव करता ? यदि यह कहा जाय कि स्पर्शानुभव नहीं होता क्योंकि शरीर में प्राण नहीं, तब तो सुषुप्ति अवस्था में भी शरीर में प्राणों के विद्यमान रहने पर स्पर्शानुभव नहीं होना चाहिये ।

आत्मा पंचेन्द्रियों से निर्मित नहीं है ।

३—यदि इन्द्रियाँ ही यथार्थ में आत्मा का निर्माण करें तो वे सुषुप्ति अवस्था में क्यों नहीं अवलोकन करतीं ? तथा इन्द्रियाँ एक के बाद दूसरी प्रत्यक्ष करती हैं और प्रत्येक का संवेदन भिन्न-भिन्न होता है । तुम कहते हो यह उनका स्वभाव है लेकिन यह उनका दोष है कि एक इन्द्रिय दूसरी इन्द्रिय का संवेदन नहीं करती । जो कुछ प्रत्येक इन्द्रिय तथा उसके संवेदनों और तमाम उनको जानता है, वह उनसे भिन्न होना चाहिये और यह ही आत्मा है । पाँच इन्द्रियों को इस प्रकार का ज्ञान नहीं होता ।

प्राण आत्मा नहीं है ।

४—प्राण चेतनात्मक सत्ता है, क्योंकि जब अल्प या अधिक समय के लिए साँस बन्द हो जाता है तब शरीर में चेतनता नहीं रहती । लेकिन प्रगाढ़ नींद में भी यह चेतन नहीं रहता । तुम्हारा यह कहना कि ऐसा इसलिये होता है क्योंकि उस समय इसका इन्द्रियों से सम्बन्ध नहीं होता । यदि प्राण आत्मा है तब प्राणों के चेतन रहने पर इन्द्रियाँ अपना कार्य समाप्त नहीं कर देतीं । वास्तव में आत्मा प्राणों को अपने नियन्त्रण में रखकर प्रत्येक वस्तु का ज्ञान करता है ।

अधिकरण १

आत्मा अन्तःकरण नहीं है।

१—तुम्हारा यह कहना है कि आत्मा (चेतनजीव) अन्तःकरण है, लेकिन इन्द्रियों में से कोई भी इन्द्रिय एक दूसरे के व्यापार को नहीं जानती। प्रत्येक इन्द्रिय वास्तव में अलग-अलग कार्य करती है। आत्मा सब को समझता है, सब पर नियन्त्रण रखता है, सब के साथ सम्बन्धित रहता है। सब को भिन्न अवस्थाओं में प्रकट करता है या नहीं करता तथा अहंभाव और ममता के भावों से बिलकुल अलग रहता है।

त्रिविध ज्ञान—पाश, पशु तथा पतिज्ञान।

२—मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार आत्मा के कारण हैं। आत्मा के साथ इसका सम्बन्ध ऐसा है कि अन्तःकरण ही आत्मासदृश प्रतीत होता है। जो मनुष्य इसको केवल प्रकाश के समान मानते हुए आँख को अंधेरे में सहायता करता है तथा स्पष्ट रूप से इसको आत्मा से पृथक् जानता है वह अपनी वास्तविक आत्मा को समझता है। ऐसा ज्ञान पशुज्ञान कहलाता है। अनन्तर उच्च ज्ञान, पतिज्ञान या शिवज्ञान के लिये प्रेरणा मिलती है।

उनके अक्षर।

३—अक्षर अ, उ, म, बिन्दु और नाद क्रमशः अहंकार, बुद्धि, मन, चित्त और आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उन पर असर डालते हैं। ये सब मिलकर प्रणव या सूक्ष्म को बनाते हैं। चेतना का बढ़ना और घटना समुद्र की लहरों के घटने और बढ़ने के समान होता है। जब हम गम्भीरता-

पूर्वक विचार करेंगे तब उनके कार्यों के स्वभाव स्वयं स्पष्ट रूप से प्रकट हो जायँगे।

उनके देवता।

४—ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, महेश्वर और सदाशिव क्रमानुसार अ, उ, म, बिन्दु और नाद के पथप्रदर्शक होते हैं। इस पंचविध सम्बन्ध के अन्दर ही आत्मा इनको जानती है और इस प्रकार असत् के समान प्रतीत होता है। अगर मनुष्य अपने दोनों श्वाँसों को योग से रोक ले और उनकी परीक्षा कर ले तो उनका स्वभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

उपर्युक्त सब के संयोग का नाम आत्मा नहीं है।

५—यदि उपर्युक्त इन्द्रिय और सम्वेदनों के संयोग को ही आत्मा कहा जाय तो द्रष्टा प्रत्येक इनको पृथक् रूप से ही देखेगा न कि एक पूर्ण आत्मा के रूप से। यदि तुम यह मानते हो कि ये भिन्न-भिन्न वस्तुएँ वास्तव में अपने आप आत्मा का निर्माण करती हैं तब मनुष्य जो उनको संयोगरूप से जानता है वह बिलकुल भेदरूप हो जायगा जैसे कि दृष्ट विषय प्रत्यक्षज्ञान करनेवाले से बिलकुल भिन्न होते हैं।

अधिकरण २

क्या ईश्वर ने आत्मा को परिणाम से उत्पन्न किया है?

६—तुम्हारा कहना है कि आत्मा, बुद्धि, इच्छा और परमात्मा की शक्ति आदिगुणों को धारण करता है और परमात्मा से उसका वैसा ही सम्बन्ध है जैसे उष्णता का अग्नि से या भेदाभेद सम्बन्ध से गुण का गुणी से; और वह भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होता है। यदि ऐसा है तो जीव को इन्द्रिय और

शरीर के अवयवों को बुद्धिमान होने के लिये ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिये।

सांख्यसिद्धान्त का निराकरण।

७—यदि यह कहा जाय कि आत्मा शुद्ध ज्ञान-रूप है और उसमें इच्छा और शक्ति नामक गुण नहीं पाये जाते तब तो यह इच्छा और शक्ति को पैदा ही नहीं कर सकता। यदि इसका उत्तर यह दिया जाय कि ये गुण शरीर से प्राप्त किये जाते हैं और आत्मा की उपस्थिति में ऐसा होता है तब ये शक्तियाँ, जब जीव मर जाता है या गाढ़ सुषुप्ति में होता है, उन अवस्थाओं में पायी जानी चाहिये। यदि यह फिर कहा जाय कि ऐसा शरीर के मृत्यु के कारण या गाढ़ निद्रा के कारण नहीं होता तो तुम्हारा वह कथन कि ये आत्मा की उपस्थिति में ही कार्यकारी होते हैं, परस्पर विरुद्ध हो जायगा।

वही।

८—जैसे चुम्बक पत्थर लोहे को आकर्षित करता है आत्मा भी उसी प्रकार गुणों को ग्रहण करने की शक्ति को प्रेरित करता है। यदि तुम्हारा पुनः यह कहना है तो यह केवल अपनी ही शक्ति द्वारा विषयों को ग्रहण करने की योग्यता को प्रेरित कर सकता है न कि उनको जिनमें यह शक्ति नहीं। इसके अतिरिक्त आत्मा इस प्रकार के भिन्न-भिन्न कार्यों के करने की शक्ति को प्रेरित करता है, जैसे सोचना, भूलना, दौड़ना, बैठना, आराम करना, खड़े होना इत्यादि।

पौराणिक मन्तव्य कि आत्मा सरूपी है, ठीक नहीं।

९—यदि आत्मा किसी रूप को धारण करता है तो यह रूप शरीर में अवश्य प्रकट होना चाहिये तथा इसकी जड़

से भिन्न भी प्रतीति होनी चाहिये जो परिवर्तनशील तथा विनाशीक है। जब आत्मा गर्भ में प्रवेश करता है उस समय भी इसका प्रत्यक्ष होना चाहिये। तुम्हारा उत्तर यह है कि यह सूक्ष्म है और नेत्रों से नहीं देखा जा सकता, ठीक है इससे तुम्हारे ही शब्दों से तुम्हारा सिद्धान्त मिथ्या ठहरता है कि इसका न कोई रूप है और न इसे देखा जा सकता है।

आत्मा सूक्ष्मरूप भी नहीं है।

१०—यदि तुम यह कहो कि आत्मा का सूक्ष्म शरीर होता है तो स्पष्ट रूप से तुम्हें स्थूल शरीर के सूक्ष्म कारण में आत्मा का भ्रम हो रहा है जो कि मन, बुद्धि, अहंकार और पंच तन्मात्राएँ अर्थात् जो पूरी अष्टकरूप हैं। यदि तुम कहते हो कि ऐसा नहीं होता और यह पूरी अष्टक से भी सूक्ष्म है तो हमारे सिद्धान्त के अनुसार ऐसे भी तत्व हैं जो पूरी अष्टक से भी उच्चतर हैं, जैसे, कला, राग, विद्या इत्यादि। किन्तु सब जड़, अचेतन और विनाशीक हैं।

आत्मा रूपारूपी है, यह भी ठीक नहीं।

११—यदि आत्मा रूपारूपी है तो तुम्हें यह जानना चाहिये कि रूपी अरूपी नहीं हो सकता और अरूपी रूपी नहीं हो सकता। एक वस्तु में दो परस्पर विरोधी धर्म नहीं रह सकते। यदि तुम यह कहो कि यह लकड़ी में स्थित अग्नि के समान है जैसे अग्नि जब जलती है तब दृश्यरूप में प्रकट हो जाती है, उसी प्रकार आत्मा को भी प्रकट होना चाहिये। यदि यह प्रकट होने लग जायगा तो यह सत् नहीं रह सकता।

वही।

१२—यदि तुम यह कहो कि आत्मा चन्द्र के समान रूपारूपी है तो किसी समय इसका प्रत्यक्ष होना चाहिये। यदि

तुम यह कहो कि यह दृष्ट शरीर स्वयं आत्मा का कार्य और प्रकटस्वरूप है तब आत्मा की बंध से मुक्ति नहीं हो सकती, यह अचेतन और जड़ बन जायगा।

पातंजलि का सिद्धान्त आत्मा अरूपी और निष्क्रिय है।

१३—यदि तुम यह मानो कि आत्मा अरूपी और निष्क्रिय है जैसे आकाश, तो बतलाओ कि यह आत्मा शरीर के बंधन में बद्ध होकर किस प्रकार चलना फिरना आदि अनेक प्रकार की क्रियाएँ करता है?

वैशेषिक, पूर्व मीमांसा और अन्य लोगों के मन्तव्य।

१४—यदि आत्मा अचेतन है तो यह ज्ञान कदापि नहीं कर सकता। यदि यह चिताचित् है तो चेतन अचेतन नहीं हो सकता और अचेतन चेतन नहीं हो सकता। ऐसा होना असंभव है कि एक हिस्से में चेतन हो और दूसरे में अचेतन। यदि पुनः कोई कहता है कि अचित् नहीं है किन्तु चित् है तो यह कैसे कह सकते हो कि शरीर के सम्बन्ध के बिना यह ज्ञान ही नहीं कर सकता?

पंचरात्र का सिद्धान्त, आत्मा अणुरूप है।

१५—यदि आत्मा को अणुरूप या परमाणुरूप कहा जाय तो यह शरीर के किसी भी बहिर्द्वार से आसानी से बाहर जा सकता है। यह शरीर में किसी प्रकार भी नहीं रोका जा सकता। यह न भार धारण कर सकता है और न दुख उठा सकता है। यह अपने को जड़ परमाणुओं के रूप में परिवर्तित कर देगा जो कि अचेतन हैं और अणुरूप में इसका शरीर होगा तथा उसी प्रकार यह विनाशी भी कभी होगा।

आत्मा शरीर में स्थित रहता है।

१६—यदि तुम कहो कि आत्मा शरीर के एक भाग में स्थित रहता है तो यह रूपी पदार्थ की तरह परिमित होकर विनाशीक हो जायगा और इसके ज्ञान का सारे शरीर में अनुभव नहीं हो सकता। यद्यपि तुम दीपक और उसके प्रकाश के उदाहरण को देकर अपना मन्तव्य सिद्ध करना चाहते हो तथापि आत्मा उन्हीं पदार्थों को जानेगा जो इसके समीप हैं। अन्यथा प्रकाश की भाँति इसका ज्ञान प्रत्येक इन्द्रिय द्वारा उसी समय होना चाहिये।

जैनियों का सिद्धान्त आत्मा सदेह परिणामी है।

१७—यदि तुम्हारा यह सिद्धान्त है कि आत्मा सदेह परिणामी है और इस प्रकार ज्ञान करता है तो न तो इसको नींद आनी चाहिये और न इसका अन्य अवस्थाओं में परिणमन हो सकता है। इसके अतिरिक्त इसको प्रत्येक वस्तु का हर एक इन्द्रिय के द्वारा ज्ञान कर लेना चाहिये तथा शरीर के परिमाण के अनुसार घटना, बढ़ना भी चाहिये अर्थात् छोटे शरीर में छोटा हो जाना चाहिये और बड़े शरीर में बढ़ जाना चाहिये। तथा किसी इन्द्रिय या शरीर के भाग के नष्ट हो जाने से या मर जाने से घटना बढ़ना भी चाहिये। जब शरीर अन्त में नष्ट हो जाता है तब इसको भी नष्ट हो जाना चाहिये।

पूर्वमीमांसा का मन्तव्य, आत्मा विभु है।

१८—यदि तुम्हारा यह सिद्धान्त है कि आत्मा विभु है तब तुम्हें यह सिद्ध करना पड़ेगा कि आत्मा ५ अवस्थाओं में किस प्रकार परिणमन करता है, स्वर्ग और नरक में कैसे जाता है,

सब वस्तुओं को यह एक साथ क्यों नहीं देख सकता तथा जब यह किसी एक या दूसरी इन्द्रिय से वस्तुओं को जानता है तब यह अन्य वस्तुओं को किस प्रकार जान सकता है।

वही माया आत्मा को ढँक लेती है।

१९—यदि तुम यह जानते हो कि आत्मा का ज्ञान माया की धूल से ढँक जाता है तब इसको इन्द्रियों द्वारा और अहंकार द्वारा ज्ञान पैदा नहीं करना चाहिये। तब इसको बंधन से छुटकारा भी, मुक्ति नहीं दिला सकता। यदि वह सदामुक्त, स्वप्रकाशरूप है तो उसके अन्दर परिवर्तन न होने चाहिये और न उसको बंधन में पड़ना चाहिये।

आत्मा का यथार्थ स्वभाव, यह अरूपी, व्यापी और पशु है।

२०—यह अरूपी है और विभु है, किंतु यह अचेतन जड़ से सर्वथा भिन्न है। इसकी व्यापकता, जिस वस्तु में यह रहती है उसके साथ उस समय के लिये, एकात्मकता में है, चाहे वह शरीर हो या परमात्मा हो। इसका अनादिज्ञान तथा अनन्तशक्ति अनादिकाल से ही आणव मल से अर्थात् पाश से छिपे हुए हैं और इसलिये ही यह पशु कहलाता है।

इसके भिन्न भिन्न मायाजन्य कोष्ठ और उनके परिणाम।

२१—अशुद्ध माया के गर्भ में प्रवेश करते हुए यह धुँधलेपन से अपनी ज्ञान-इच्छा-क्रिया-शक्ति को प्राप्त करता है। कला, राग और विद्या के अन्य कोषों से आवृत होकर यह विशिष्ट शरीरों में प्रकाश करता है। अनन्तर तीन गुणों के चोंगे को पहन कर और उनके परिणाम अहंकार आदि को धारण करते हुए यह उसी के साथ अपने को अद्वैत सम्बन्ध के अन्दर देखता है।

इसकी यात्रा ।

२२—आत्मा सूक्ष्म शरीर को छोड़कर स्थूल शरीर में प्रवेश करता है और ५ अवस्थाओं में जारी रहता है तथा पुनः पुनः जन्म धारण कर अच्छे और बुरे कर्मों को करता हुआ उनके फलों को भोगता है ।

पंच कोष ।

२३—आनन्दमय, विज्ञानमय, मनोमय, प्राणमय तथा अन्नमय ये पाँच कोष हैं । इनमें से पूर्व उत्तर की अपेक्षा से सूक्ष्मतर होते गये हैं । इन सबका उद्गम मूलकारण माया से हुआ है । अरूपी आत्मा इन पंचकोषों से आवृत होकर इनमें रहता है और इनके बाहर भी रहता है ।

इन कोषों को किस प्रकार घुमाया जाता है ।

२४—आत्मा रहता है, गति करता है और प्रत्येक इन कोषों में इसकी सत्ता पायी जाती है जैसे कि रथ और सूत, जैसे कि सूत्रधार और कठपुतलियाँ, जैसे कि गुप्तचर और उसका नकाब, जैसे कि योगी अन्य के शरीर में, जैसे कि नाटक का पात्र और उसके भिन्न भिन्न वेष (नियोग) ।

आत्मा शरीर से सर्वथा भिन्न है ।

२५—जैसे कि तुम कहते हो कि तुम्हारा शरीर तुम से भिन्न है और कहते हो यह मेरा शरीर है, ये मेरी इन्द्रियाँ हैं, ये मेरे कारण हैं, यह मेरी बुद्धि है इत्यादि । उसी प्रकार तुम ही कहते हो यह मेरा घर है, ये मेरे जानवर हैं इत्यादि । जिनको कि तुम अपने से अभिन्न समझते थे उन्हीं को तुम देखते हो कि तुम्हारे बाल और नख के रूप में तुमसे अलग कर दिया जाता है ।

अन्य तर्क।

२६—जब तुम अपने को सिल्क के कपड़े पहनाते हो और अपने शरीर को जवाहिरात और फूलों से सजाते हो तो तुम्हें इसका ज्ञान नहीं होता कि ये तुमसे भिन्न हैं। किंतु जब वे तुम्हारे शरीर से अलग कर दिये जाते हैं तो तुम्हें उसकी भिन्नता का ज्ञान हो जाता है। ठीक इसी प्रकार तुम अपने को अपने शरीर से भिन्न समझो।

आत्मा विज्ञान और आनन्दमय कोषों से भिन्न है।

२७—मैं समझता हूँ कि शरीर अर्थात् प्रथम तीन कोषरूप मैं नहीं हूँ किंतु यह तुम कैसे कहते हो कि मेरा विज्ञान मेरे से भिन्न है। उसी प्रकार जैसे तुम कहते हो 'मेरी बुद्धि' किंतु हम यह भी कहते हैं 'मेरी आत्मा'। जिसने वास्तव में आत्म-दर्शन किया है वह यह कभी न कहेगा। 'मेरी आत्मा' का केवल अज्ञानी ही प्रतिपादन कर सकता है।

'मेरी आत्मा' का अर्थ।

२८—लक्षण से भी हम बुद्धि को मन कहते हैं और मन को बुद्धि कहते हैं। हम चित्त को जीव कहते हैं और जीव को चित्त कहते हैं। आत्मा को परमेश्वर और परमेश्वर को आत्मा कहते हैं। अतः यह वाक्यांश 'मेरी आत्मा' यह भी बोध कराता है कि अन्य महान आत्मा अर्थात् 'परमात्मा' तुम्हारी आत्मा में सर्वदा विराजमान रहता है।

साधारण प्रयोगों में कुछ भाषा की विषमताएँ।

२९—बुद्धि, शरीर, चित्त इत्यादि सब एक हैं और ये सब उपनिषदों में एक आत्मशब्दवाच्य हैं, जैसे कि हम दीपक

को प्रकाश के नाम से कहते हैं। अपनी-अपनी क्रिया में ये अर्थ भिन्न-भिन्न हैं और उनसे अभेदरूप से सम्बन्धित हैं। आत्मा इन सब को विषय के रूप में जानता है। विषय विषयी से भिन्न है।

५ अवस्थाएँ

३०—आत्मा, जो सुषुप्तिगत स्वप्नों को बाह्य इन्द्रियों से जानता है बिना किसी क्रिया या भोग के केवल एक श्वासोच्छ्-वास के साथ गहरी नींद लेता है और पुनः जाग्रत होकर अपने स्वप्नों को याद करता है और अपनी गहरी निद्रा का अनुभव करता है। पश्चात् भोजन, व्यायाम आदि क्रियाओं में लग जाता है। यह तरीका है जिससे आत्मा ५ अवस्थाओं द्वारा शारीरिक कोषों की सहायता से ज्ञान करता है।

आत्मा स्वतः प्रकाशरूप नहीं है।

३१—यदि आत्मा स्वतः प्रकाशरूप है तो इसको इन्द्रिय या शरीरावयवों की सहायता की क्या आवश्यकता है ? चूँकि आत्मा अनादिकाल से आणव मल से आवृत है इसलिए इसे पार्थिव इन्द्रियों आदि द्वारा ज्ञान प्राप्त हो जाता है। इसका इन्द्रिय और शरीरावयवों के साथ सम्बन्ध राजा और उसके मन्त्री-जैसा है।

अधिकरण ३

आत्मा का निम्न शरीरावयवों से सम्बन्ध और भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में इसकी हालत।

आत्मा राजा है।

३२—जैसे एक राजा किसी देश के ऊपर अधिकार करने के बाद अपनी सेना के साथ अपने महल में पुनः प्रवेश करता

है तथा जिन दरबारों के दरवाजों से गुजरता है वहाँ अपने रक्षकों को छोड़ देता है और सब के अन्त में राजप्रासाद के अन्तःपुर में अकेला ही प्रवेश करता है, उसी प्रकार आत्मा भी शरीर की पाँच अवस्थाओं से गुजरता हुआ अत्यन्त आन्तरिक दरवाजों पर, प्राणों को रक्षक के रूप में छोड़कर शरीर में प्रवेश करता है।

५ अवस्थाओं के नाम व गैरह।

३३—जब आत्मा जाग्रतावस्था में होता है तब यह और इसके अवयव मिलकर ३५ होते हैं और इसका स्थान भ्रुवों के मध्य में होता है। स्वप्नावस्था में उनकी संख्या २५ होती है और उसका स्थान कंठ होता है। सुषुप्ति अवस्था में उनकी संख्या ३ होती है और स्थान हृदय होता है। तुरीयावस्था में उनकी संख्या ५ होती है और उनका स्थान नाभि होता है। और तुरीयातीत अवस्था में आत्मा एकाकी होता है।

विद्यातत्व द्वारा इनको किस प्रकार शक्ति मिलती है ?

३४—जाग्रतावस्था में पाँचों विद्यातत्व अर्थात् शिव, शक्ति इत्यादि सक्रिय रहते हैं, स्वप्नावस्था में पहले चार, सुषुप्ति अवस्था में प्रथम तीन, तुरीयावस्था में प्रथम दो और तुरीयातीत अवस्था में केवल शिवतत्व ही इसका पथ-प्रदर्शक होता है। ये सब अत्यन्त सक्रिय हो जाते हैं ज्योंही आत्मा अशुद्धमाया और प्रकृतितत्वों से गुजरता हुआ समुन्नतावस्था को धारण करता है। इस रहस्य को अच्छी तरह जानना चाहिये।

नीच और उच्च अवस्थाएँ।

३५—जीव के अन्दर ५ अवस्थाएँ सम्मिलित रूप से पायी जाती हैं। जब जीव अग्रिम भाग में अर्थात् ललाट-देश में रहता

है और जब प्रत्येक शरीर-अवयव सक्रिय होता है तब उनके खेल को तुम देख सकते हो। सर्वदा दूरदर्शी ज्ञानी पुरुष जन्म-मरणादि के दुःखों को दूर होने के लिये तथा मोक्ष सम्पादन करने के लिये ५ उच्च अवस्थाओं से, ईश्वर के कृपानुसार, अपने को मुक्त कर लेते हैं।

इन अवस्थाओं के फल।

३६—इन पाँच अवस्थाओं में से एक हीनावस्था मनुष्य को जन्म वगैरह में घसीट कर डाल देती है। दूसरी अवस्थाएँ जन्मादि के बन्धन से छुड़ाकर ऊपर को उठा लेती हैं। योगी, समाधिस्थ होकर केवल दूसरे ही जन्म में मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

कारणावस्था।

३७—सूक्ष्म या कारणावस्थाएँ ३ हैं जिन्हें केवला, सकला तथा शुद्धा कहते हैं। जब आत्मा कैवल्य में रहता है तब उसकी केवलावस्था होती है। सकला अवस्था में यह उस समय होता है जब परमेश्वर इसका इन्द्रिय और शरीरावयवों से सम्बन्ध करा देता है। यह शुद्धावस्था में तब होता है जब जन्मादि को छोड़कर यह सब प्रकार के मलों से निर्लेप हो जाता है।

केवलावस्था।

३८—केवलावस्था में आत्मा बुद्धि या ज्ञानरहित हो जाता है, यह अरूपी, अमर बन जाता है। न इसका राग और दूसरे गुणों से सम्बन्ध रहता है। न कला और दूसरे तत्वों से ही इसका सम्बन्ध रहता है। यह निष्क्रिय, निश्चिह्न, हो जाता है। न यह अपने कर्मों का कर्ता या भोक्ता रहता है। इसका

सम्बन्ध आणव से हो जाता है और यह विभु होकर सर्वव्यापी हो जाता है।

सकलावस्था।

३९—सकलावस्था में आत्मा को शरीर मिल जाता है तथा बहुत सी इन्द्रिय और शरीरावयवों से मुक्त हो जाता है चाहे वे अन्दरूनी हों या बहिरूनी। इस समय इसके अन्दर विषयों को भोगने की इच्छा उत्पन्न हो जाती है और इसके कारण यह भिन्न-भिन्न भवों में जन्म ग्रहण करता है।

शुद्धावस्था।

४०—शुद्धावस्था में जीव पुण्य और पाप में समताभाव धारण करता है। भगवान् शिव की कृपा उसके ऊपर उतरती है। अपने गुरु का उसे आशीर्वाद मिल जाता है। वह ज्ञान-योगरूप समाधि प्राप्त कर लेता है और त्रिविधमल से रहित हो जाता है। उसका ज्ञान सीमित नहीं रहता, वह सर्वज्ञ होकर परमेश्वर के चरणों से मिल जाता है। यह उसकी शुद्धावस्था है।

सूत्र ५

ईश्वर, आत्मा और शरीर का परस्पर संबंध।

ईश्वर परमज्ञानी और परमोपदेशक होता है।

१—जैसे इन्द्रियाँ आत्मा की सहायता से वस्तुओं को जान सकती हैं और वे आत्मा को नहीं जान सकतीं, उसी प्रकार आत्मा ईश्वर की कृपा के अनुसार समझ सकता है, किन्तु ईश्वर को नहीं जान सकता। परमसर्वज्ञ शिव ही केवल सब वस्तुओं को जानता है और सब को ज्ञान प्रदान करता है।

अधिकरण १

सब आत्मा समानरूप से अच्छी तरह ज्ञान क्यों नहीं करते ?

२—यदि ईश्वर ज्ञान प्रदान करता है तो सब का ज्ञान समानरूप होना चाहिये। यदि ज्ञानगत भेद कर्मजन्य हैं तब ईश्वर की कोई आवश्यकता नहीं। यह कहना ठीक नहीं। आदिकारण अर्थात् परमेश्वर सब को उनके कर्मों के अनुसार उसी प्रकार फल प्रदान करता है जैसे पृथ्वी परिश्रम के अनुसार फसलरूप फल को प्रदान करती है अथवा जैसे सूर्य कमल की कलियों को खिलाता है।

क्या आत्मा अपने आपको समझता है ?

३—परमोत्तम ईश्वरीय ज्ञान की सहायता से ही आत्मा ज्ञान करता है और स्वयं अपने आप ज्ञान नहीं कर सकता, क्योंकि यह जाननेवाला आत्मा केवल किसी इन्द्रिय के द्वारा ही ज्ञान करता है और इसने क्या जाना है उसको भूल जाता है। इसका ज्ञान अन्य पर ही अवलम्बित है, यह अपने को नहीं जानता कि मैं ज्ञाता हूँ।

अधिकरण २

ईश्वर ज्ञान किस प्रकार देता है ?

४—एक, अद्वितीय परमात्मा अनेक इन्द्रियावयवों द्वारा, संवेदनों द्वारा, सूर्य चन्द्रमा आदि द्वारा, काल, कर्म और शरीर द्वारा, न्यायशास्त्र द्वारा, दर्शनशास्त्र द्वारा तथा गुरु के उपदेश द्वारा आत्माओं को ज्ञान प्रदान करता है। क्योंकि आत्मा केवलावस्था में रूपरहित होते हैं।

ईश्वर को अपने लिये इनकी सहायता की आवश्यकता नहीं।

५—एक परमात्मा सब को जानता है और सब को ज्ञान

प्रदान करता है। वह आत्माओं का आत्मा है, उनसे भिन्न है और बिना रूप के, बिना किसी इन्द्रिय या पदार्थ की सहायता के, बिना किसी सूर्य, चन्द्र आदि की सहायता के तथा बिना किसी काल, कर्म, शरीर, शास्त्र आदि की सहायता के सब वस्तुओं को पैदा करते हुए तथा सब की उन्नति करते हुए, सब वस्तुओं के अन्दर विद्यमान रहता है।

क्या संसार में स्थित रहने से ईश्वर को दोष लगता है ?

६—तुम्हें वेदों का परिपूर्ण ज्ञान नहीं है। वेद कहते हैं कि संसार में ईश्वर के विद्यमान रहने पर ही परिवर्तन होते हैं। ईश्वर मायाजाल में कभी नहीं पड़ सकता तथा शिव के, शुद्ध चैतन्य के समक्ष कोई उचित पदार्थ नहीं ठहर सकता। उसकी समक्षता में ही सशरीर जीव उत्पन्न होते हैं और उन्हें ज्ञान प्रदान किया जाता है।

सब वस्तुएँ उसी परमात्मा के अंश हैं।

७—संसार उसके शरीर के अंश हैं, जीव उसकी इन्द्रियाँ हैं, इच्छा, ज्ञान, क्रिया शक्तियाँ उसके अन्तःकरण हैं। अनन्त जीवात्माओं को उनके अच्छे बुरे कर्मों के फल उनकी योग्यतानुसार भोगने के लिये परमात्मा उत्पत्ति, स्थिति, लय, आवरण और कृपा का नृत्य करता है।

परमेश्वर की कृपा किस प्रकार प्रदान की जाती है ?

८—एक परमेश्वर, जीवों को उनके शरीर से तथा इन्द्रियों से सम्बन्धित कराकर सांसारिक सुख दुःखों का अनुभव कराता है। इस प्रकार वह उन्हें अनेक जन्म मरण के दुःखों को अनुभव कराकर उनकी अधोवस्था पर दया करता है तथा गुरु के रूप में सर्वोच्च ज्ञान प्रदान कर उन्हें परमस्थान में भेजने की कृपा करता है।

ईश्वर का अपनी शक्ति के साथ सम्बन्ध।

९—भगवान् हर अपनी शक्ति के लिये कृपा रखते हैं। अपने परमप्रेम और कृपा को छोड़ कर संसार में शिव ही नहीं है और शिव के बिना शक्ति नहीं। ईश्वर अपने प्रेम से लोगों के भ्रम को दूर करता है और उन्हें आनन्द प्रदान करता है, जैसे सूर्य अपने प्रकाश से आँखों को आवृत करते हुए अन्धकार को दूर कर देता है।

सूत्र ६

परमात्मा का स्वरूप।

१—यदि तुम यह प्रश्न करो कि परमात्मा ज्ञान का विषय है या नहीं तो तुम्हें जानना चाहिये कि यदि परमात्मा ज्ञान का विषय है तो वह अचेतन और असत् हो जायगा। यदि वह ज्ञान का विषय है तो वह जाना नहीं जा सकता और वह अवस्तु ठहरेगा। इसका उत्तर यह है कि सर्वव्यापी परमात्मा इन दोनों विकल्पों से परे है, वह शुद्ध चैतन्य और सत् स्वरूप है। सत् के समक्ष, सत्य मार्ग का अनुसरण करते हुए उसका ज्ञान किया जाय तो असत् का प्रादुर्भाव नहीं होगा।

अधिकरण १

अचित् क्या है?

२—ज्ञान के जितने विषय हैं वे सब अचित् हैं। सब ज्ञान के विषय काल से सम्बन्धित होने के कारण उत्पन्न होते हैं और नष्ट होते हैं। वे संसार में क्षेत्र के सम्बन्ध से शरीर, इन्द्रिय और भोगों में विभक्त किये जाते हैं। वे एक समय

बुद्धि से सम्मिश्रित होकर बंधावस्था में बुद्धिरूप हो जाते हैं तथा मोक्षावस्था में भिन्न रूप हो जाते हैं। इस प्रकार वे सब माया के रूप हैं। इस प्रकार के सब अचित् और ज्ञानरहित सत् से भिन्न असत् रूप हैं।

असत् का लक्षण।

३—इस जीवन के भोग, देवाधिदेव शिव, ब्रह्मा और विष्णु का आनन्द असंख्यात चेतन जीवों के जीवन, इन सब की तुलना जादूगर के जादू, स्वप्न या मृगतृष्णा से की जा सकती है। उनकी क्षणिक सत्ता प्रतीत होती है और क्षण में ही वे नष्ट हो जाते हैं। इसलिये संसार को असत् कहा गया है।

अधिकरण ३

ईश्वर अनिर्वचनीय नहीं है।

५—ईश्वर को अनिर्वचनीय क्यों न कहा जाय क्योंकि वह न सत् है, न असत् है और न सदसत् है। ठीक है, यदि इस प्रश्न का, कि ईश्वर सत् है या असत् है, यह उत्तर दिया जाय कि वह सत् है तब इससे यही सिद्ध होता है कि वह सत् है। इसलिये वह चित् है जो हमारे मानुषीय विचार और भाषा से परे है। वह अचित् भी है क्योंकि वह मानुषीय मस्तिष्क से जाना भी जा सकता है।

ईश्वर कैसे जाना जा सकता है?

६—ज्ञात विषय अचित् और विनाशीक है। अज्ञात को सत् कहा जाता है तथा इससे लाभ क्या? क्योंकि ईश्वर वास्तव में असत् है। ज्ञाता उसको केवल उसकी कृपा से ही जान सकता है क्योंकि ज्ञाता और ज्ञेय अनन्य अन्य है और

अनन्यान्य है। ईश्वर केवल प्रेम (अरुड़) रूप में ही जाना जा सकता है।

अधिकरण ४

योगी का ईश्वरविषयक विचार सत्य नहीं।

७—यदि ईश्वर ध्यान का विषय हो सकता है तो वह हमारे इन्द्रियज्ञान का विषय होकर असत् बन जायगा। यदि तुम उसे हमारी इन्द्रियों के ज्ञान का विषय नहीं मानते तब भी वह हमारे किसी प्रयोजन का नहीं ठहरता। यदि तुम उसे ध्यान से भी परे मानते हो अर्थात् वह ध्यान का विषय नहीं हो सकता तब भी तुम्हें उससे कोई लाभ नहीं, क्योंकि फिर वह केवल कल्पना की वस्तु रह जायगी। इसलिये इन कल्पना के विचारों का परित्याग कर उसको जानने का मार्ग केवल यही है कि उसके स्वरूप को उसकी कृपा या अरुड़ से जाना जाय।

आत्मा ईश्वर है और नहीं भी।

८—जब एक, अद्वितीय ईश्वर का सिद्धान्त स्थापित किया जा चुका तो वही सिद्धान्त यह भी सिद्ध करता है कि जो वस्तु सिद्धान्तरूप से उपस्थित की गयी है वह भिन्न है तथा ईश्वर भिन्न भी नहीं है, क्योंकि तुम्हारा उसके साथ अभिन्न सम्बन्ध है और वह भेदजनक तमाम बुद्धि को पार कर जाता है। क्योंकि वह आत्मा का सर्वदा आन्तर स्वरूप है, इसलिये आत्मा को शिव भी कहा जा सकता है।

सूत्र ७ आत्म-दर्शन

अधिकरण १ और २

१—यदि प्रत्येक वस्तु सत् है तो चेतनात्मक ज्ञान किसी

वस्तु का नहीं हो सकता। अगर तुम यह कहा कि सत् असत् के सम्बन्ध से ज्ञाता बन जाता है यह कहना ठीक नहीं। सत् के सामने असत् कभी प्रकट नहीं हो सकता, जैसे कि अन्धेरा प्रकाश के सामने टिक नहीं सकता। यदि तुम कहो कि असत् स्वयं ज्ञाता है, नहीं, यह नहीं हो सकता, क्योंकि यह सत् के समक्ष ठहर ही नहीं सकता और क्योंकि यह केवल अन्य के ज्ञान कराने का कारण है।

अधिकरण ३

२—ज्ञाता जो सत् और असत् दोनों को जानता है, वह आत्मा है। यह न सत् है और न असत्। यह नित्य, अनादि, सद्सत् रूप है। यह कार्य या कारण के रूप में दोनों से उत्पन्न नहीं हुआ है। फिर भी यह दोनों से उत्पन्न हुआ है जैसे पुष्प से सुगन्धि आती है।

मल आत्मा से लगे रहते हैं, ईश्वर से नहीं।

३—असत् और अज्ञान, सत् ज्ञानरूप और ज्योतिरूप परमात्मा को नहीं लग सकते। सब प्रकार के मल आत्मा को लगते हैं। वेद कहते हैं कि असत् और आत्मा ईश्वर के साथ अनादिकाल से ही विद्यमान हैं, जैसे समुद्र में जल और नमक।

इसलिये परमेश्वर स्वतन्त्र है और आत्मा अस्वतन्त्र है।

४३—आत्मा को विशिष्ट सत् और चित् कहते हैं, क्योंकि यह तभी जानता है जब इसे सिखाया जाता है और यह अनादि नित्य है। परमेश्वर अनादि काल से पवित्र, स्वतन्त्र और ज्ञानवान् है तथा अपनी कृपा से वह आत्माओं को मलों से शुद्ध करता है।

सूत्र ८

अधिकरण १

आत्मा को ज्ञान प्रदान करने की विधि।

१—जैसे कि एक राजपुत्र, पकड़ा हुआ और जंगली मनुष्यों के वातावरण में पला हुआ, अन्य जंगलियों से अपने को भिन्न नहीं समझता जब तक कि उसका यथार्थ पिता नहीं आता, उसको जंगली मनुष्यों की संगति से अलग नहीं करता, अपना पुत्र स्वीकार नहीं करता और अपने समान उसका सम्मान नहीं कराता। उसी प्रकार हमारा परमात्मा कृपालु गुरु के रूप में प्रकट होता हुआ दुखी आत्मा को अलग कर देता है जो असभ्य ५ इन्द्रियों की संगति में फँसा रहता है और इनके वातावरण में फँसकर अपनी महानता को नहीं जानता और न वह परमात्मा की महानता को जानता है जो इसकी अशुद्धता से इसको पवित्र करता है तथा अपने चरणकमलों में रखकर अपने गौरव में भी इसको परिणत कर देता है।

भिन्न भिन्न आत्माओं को कृपा किस प्रकार दिखलाई जाती है?

२—आत्मा तीन वर्गों में विभाजित किये जाते हैं—१—विज्ञानकला, २—प्रलयकला, ३—सकला कला। ये क्रमशः निम्नलिखित मलों से अवलिप्त हो जाते हैं—१ आणव मल, २ आणव मल और कर्ममल तथा ३ आणव मल और मायामल। प्रथम दो वर्गों के आत्मा को परमात्मा अपनी असीम कृपा से निराधार अवस्था में अपने दर्शन देता है और २ प्रकार के तीव्र और तीव्रतर शक्तिनिपात के द्वारा उनके मलों को दूर करता है। सकलावस्था वाले मनुष्यों को वह अपने को

गुरु के रूप में प्रकट करता है तथा जब उनके मल समतुल्य हो जाते हैं और तब वह चार प्रकार के शक्तिनिपातों द्वारा उनके पापों को दूर कर देता है।

भिन्न भिन्न प्रकार की दीक्षाएँ।

३—भिन्न भिन्न प्रकार की दीक्षाएँ जिनके द्वारा आचार्य पापों को दूर करता है, ये हैं १—नयनदीक्षा, २—स्पर्शदीक्षा, ३—वाचकदीक्षा, ४—मानसदीक्षा, ५—शास्त्रदीक्षा, ६—योगदीक्षा। होतृदीक्षा के भी अलग अलग प्रकार हैं और वे ज्ञान और क्रियादीक्षाओं में विभाजित हैं, ज्ञानदीक्षा मानसिक कार्यों से सम्बन्ध रखती है। क्रियादीक्षा होम और यज्ञ की सहायता से दी जाती है। क्रियादीक्षा के भी उत्तरभेद दो हैं—बीजदीक्षा और निर्बीजदीक्षा।

निर्बीजदीक्षा का लक्षण।

४—निर्बीजदीक्षा वह है जो बच्चों को, बालकों को, वृद्ध पुरुषों को, स्त्रियों को, संसारी मनुष्यों को तथा रुग्णों को दी जाती है। आचार्य के पुत्र और समयी को समयाचार नामक धार्मिक क्रिया से शुद्ध किया जाता है और यथासम्भव दैनिक कृत्य करने को सिखाया जाता है। ये निरधिकार दीक्षित वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। जो ऊँचे-ऊँचे चढ़ते जाते हैं वे अधिकारदीक्षित कहलाते हैं। निर्वाणदीक्षा भी दो प्रकार की है—१ सत्य निर्वाण, जो मनुष्य को एकदम मोक्ष में ले जाता है और २ असत्य निर्वाण, जो मनुष्य को शरीर से सम्बन्ध छूटने पर ऊपर ले जाता है।

सबीजदीक्षा के भिन्न-भिन्न प्रकार।

५—जो मनुष्य ज्ञान और चरित्र में समुन्नत हैं उनको

सर्वोत्तम सबीजदीक्षा प्रदान की जाती है। उन्हें नित्य, नैमित्तिक तथा काम्य कर्तव्य सिखाये जाते हैं तथा उनको साधक और आचार्य का अधिकार प्राप्त हो जाता है और वे स्वतन्त्रता या मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं। वे लोग धर्मी तथा शिवधर्मी भी कहलाते हैं। समय विशेष और निर्वाण और अभिषेक के भेद उपर्युक्त सबीज और निर्बीज दीक्षा को बनाते हैं।

दीक्षा का उद्देश्य अध्वों की शुद्धि करना है।

६—भगवान् हर उपर्युक्त ३ वर्गों की आत्माओं के जन्मों का, उनके मलों को दूर कर के ज्ञान और क्रियादीक्षा द्वारा उनको शुद्ध करके, अन्त कर देते हैं। शुद्ध अध्वों की संख्या ६ है :—१—मन्त्र, २—पद, ३—वर्ण, ४—भुवन, ५—तत्व, ६—कला। इनमें नीचे के अध्व ऊपर के अध्वों द्वारा यथासंख्य व्याप्त किये जाते हैं। अन्त में शक्ति, कला को व्याप्त करती है और शक्ति का स्थान भगवान् शिव में है।

निवृत्ति और प्रतिष्ठाकला से प्रकाशित अध्व।

७—प्रथम मंत्र अध्व पाँच कलाओं से प्रकट हुआ है। निवृत्तिकला से २ मन्त्र, २८ पद, १ वर्ण, १०८ भुवन, १ तत्व अर्थात् पृथ्वी प्रकट हुए हैं और इसकी देवता ब्रह्मा है। प्रतिष्ठाकला से २ मंत्र, २१ पद, २४ वर्ण, ५६ भुवन और २३ तत्व प्रकट हुए हैं और इसकी देवता विष्णु है।

शान्ति और विद्याकला से प्रकटित अध्व।

८—विद्याकला से २ मन्त्र, २० पद, ७ वर्ण, २७ भुवन, ७ तत्व प्रकट हुए हैं और इसकी देवता अविनाशी रुद्र है। शक्तिकला से २ मन्त्र, ११ पद, ३ वर्ण, २८ भुवन, ३ तत्व प्रकट हुए हैं और इसकी देवता महेश्वर है।

शान्त्यतीतकला से प्रकटित अध्व।

९—शांत्यतीतकला से ३ मंत्र, १ पद, १६ वर्ण, १५ भुवन, २ तत्व प्रकट हुए हैं और इसकी देवता सदाशिव है। इसलिये कुल मन्त्र ११ हैं, पद २१ हैं, वर्ण ५१ हैं, भुवन २२४ हैं, तत्व ३६ और कला ५ हैं।

भिन्न-भिन्न प्रकार के कर्म किस प्रकार परमगुरु की कृपा से नष्ट हो जाते हैं?

१०—मन, वचन, काम के द्वारा किये हुए कर्मों को आत्मा, उनके कारणों द्वारा कर्मों के फल को ६ अध्वों के द्वारा भोग कर, नष्ट कर सकता है। उनके फल को भोगने के बाद आणव का मल पक जाता है और आत्मा उन्नति की एक खास अवस्था को पहुँच जाता है। तब परमात्मा गुरु के रूप में प्रकट होता है और अकाम्य कर्मों को नष्ट कर देता है जिससे भविष्य में पुनर्जन्म न हो सके और आणव मल भी न लग सके। प्रारब्ध कर्म अध्वों की शुद्धिपूर्वक शरीर में अनुभव के द्वारा नष्ट किये जा सकते हैं।

अधिकरण २

धार्मिक उन्नति की अनेक अवस्थाएँ।

११—एक व्यक्ति जो कुधर्म को छोड़ता है, सनातन शुद्धधर्म को धारण करता है, स्मृति, अनेक आश्रम और उनकी क्रियाओं के मार्ग का अनुसरण करता है, अद्‌भुत तपों को तपता है, अपूर्व विद्याओं का अध्ययन करता है, वेदों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करता है, श्रेष्ठ पुराणों को समझता है, वेदान्त का स्पष्ट ज्ञान कर लेता है, इन सब का ज्ञान प्राप्त करने के बाद ऊपर उठ

कर ही शैवसिद्धान्त की महानता का ज्ञान कर आत्मकल्याण कर सकता है। अनन्तर क्रिया, चर्या, योग की साधना करके ज्ञान के द्वारा ही शिव के चरणों में पहुँच सकता है।

भिन्न भिन्न मनुष्यों के भिन्न भिन्न लक्ष्य।

१२—कुछ मनुष्य विश्वास करते हैं कि सुन्दर युवती देवियों के मध्य में आनन्द करने से ही सर्वोत्तम मुक्ति प्राप्त होती है। अन्य लोग मानते हैं कि भिन्न भिन्न स्वर्गों में स्थान प्राप्त करने से ही परम मुक्ति प्राप्त होती है। अन्य लोग ५ स्कन्धों के विनाश को ही मुक्ति मानते हैं। अन्य लोग अष्ट गुणों से मुक्त होना ही परम मुक्ति समझते हैं। अन्य लोग शिलावत् अवस्था की प्राप्ति को ही मोक्ष समझते हैं, अन्य लोग ईश्वर और जीव के विवेक को ही मुक्ति स्वीकार करते हैं, अन्य लोग कहते हैं सत्य ईश्वर के रूप की प्राप्ति ही मुक्ति है, किंतु हमारा मन्तव्य यह है कि परमेश्वर शिव के चरणों का प्रसाद मिलना ही मुक्ति है।

विश्वधर्मका स्वरूप।

१३—धर्म भिन्न भिन्न है। सिद्धान्त भिन्न भिन्न है। धार्मिक पुस्तकें भिन्न भिन्न हैं और एक दूसरे से विरोध रखती हैं। यह पूछा जाता है कौनसा धर्म सच्चा है, कौनसा सिद्धान्त सत्य है और कौन से शास्त्र सच्चे हैं? वही सच्चा धर्म है, वही सत्य सिद्धान्त है और वही सत्य शास्त्र है जो इससे या उससे विरोध न रखते हुए युक्तिपूर्वक हरएक वस्तु को अपने सिद्धान्त या धर्म में सम्मिलित कर लेता है। इसलिये ये सब वेदों और आगमों में सम्मिलित हैं तथा वेद और आगम, भगवान् हर के परमपवित्र चरणों में अन्तर्हित हैं।

वेद और आगमों की आवश्यकता।

१४—क्योंकि वेद और आगम समग्र सत्यों का प्रतिपादन करते हैं इसलिये उनको 'मुदल नूल्' कहते हैं, उनके अमेय अर्थ का वर्णन वही लोग कर सकते हैं जिनके ऊपर ईश्वर की कृपा है। अन्य लोग तो अपने अपने मतलब के अनुसार उनका अलग अलग अर्थ करके भिन्न भिन्न मतों की स्थापना करते हैं। स्मृति, पुराण और कला शास्त्र इत्यादि 'वली नूल्' या पथप्रदर्शक शास्त्र कहलाते हैं। वेदान्त और उपांग सार्व-नूल् अर्थात् सहायक शास्त्र कहलाते हैं, किंतु वेद और आगमों की तुलना करने वाले कोई शास्त्र नहीं हैं। हमारे पास उनको समझाने के लिये जो उत्सूत्रभाषी है, कुछ नहीं है।

पूर्वपक्ष और सिद्धान्त के शास्त्र कौन हैं?

१५—यथार्थ तत्व के प्रतिपादक वेद और शैवागम हैं। अन्य पुस्तकें इन्हीं से निकाली हुई हैं। ये दो शास्त्र अनादि-काल से पूर्ण परमात्मा द्वारा प्रकट हुए हैं। इनमें वेद साधारण हैं और हरएक के लिये दिये गये हैं। आगम विशिष्ट हैं और वे उन्हीं के लिये प्रकट हुए हैं जो भाग्यवान हैं। उनमें वेद और वेदान्त के आवश्यक सिद्धान्त निबद्ध हैं। इसलिये अन्य सब शास्त्र पूर्वपक्ष के रूप में हैं और शिवागम ही केवल सिद्धान्त का प्रतिपादक शास्त्र है।

सिद्धान्त का ध्येय।

१६—सिद्धान्त-ग्रन्थों में परमशिव ने अपनी कृपा से प्रकटित किया है कि वह एक जन्म में ही अपने भक्तों को, उनके मलों को दूर करके, ज्ञान के समुद्र में स्नान कराके, परमानन्द का पान कराके तथा भविष्य के जन्मों से मुक्त

कराके, जीवन्मुक्ति प्रदान कर सकता है और अनन्तर अपने चरणों में शाश्वत स्थान प्रदान कर सर्वकाल के लिये उनको आत्यन्तिक निश्रेयस प्रदान कर सकता है। तथापि यह संसार कितना विमूढ़ है कि लोग शैवसिद्धान्त पर विश्वास नहीं करते और अनेक प्रकार के विपरीत प्रलाप कर अपने को नरक और अधोगति में डालते हैं।

परमेश्वर के विशिष्ट गुण।

१७—परमेश्वर वही है जिसमें सर्व प्रकार का ज्ञान, सब प्रकार की शक्तियाँ तथा सब प्रकार की दया पाई जाती है। उसकी सर्वज्ञता उसके द्वारा प्रकटित वेद और आगमों से स्पष्ट है। उसकी सर्वशक्तिता उन लोगों के लिये फलों को प्रदान करने से स्पष्ट है जो उसकी आज्ञा का अनुसरण करते हैं और नहीं भी करते। क्योंकि वह जीवों के कर्मों के भोगों को भुगवा कर उन्हें दूर कर देता है। वह परमदयालु है। हम अपने परमेश्वर शिव में ये सब महानताएँ पाते हैं।

ईश्वरप्राप्ति के ४ मार्ग।

१८—ईश्वरप्राप्ति के ४ मार्ग ये हैं १—सन्मार्ग, २—सहमार्ग, ३—सत्पुत्रमार्ग, ४—दासमार्ग। इन्हीं ४ मार्गों को ज्ञान, योग, क्रिया और चर्या मार्ग या पाद भी कहते हैं। ये क्रमशः मनुष्य को सायुज्य, सारूप्य, सामीप्य और सालोक्य मुक्तियों को प्राप्त कराते हैं। प्रथम प्रकार की मुक्ति जो ज्ञानमार्ग से प्राप्त की जाती है, परमुक्ति या आत्यन्तिक निश्रेयस है। अवशिष्ट पादमुक्तियाँ कहलाती हैं।

दशमार्ग का व्याख्यान (वर्णन)।

१९—परमेश्वर के मन्दिर का धोना और साफ करना,

ईश्वर के सजाने के लिये फूलों का चुनना और अनेक प्रकार की मालाओं को तैयार करना, पुष्पवाटिकाओं का निर्माण करना, मन्दिरों में ज्योति जलाना और भगवान् की आरती करना, ईश्वर के भक्तों की आज्ञा का पालन करना, नमस्कार करके उनसे आदेश ग्रहण करना, ये सब दशमार्ग के कर्तव्य हैं और जो इन मार्गों में रहकर कार्य करेंगे अवश्य शिवलोक को प्राप्त करेंगे।

सत्पुत्रमार्ग का वर्णन।

२०—नव सुगन्धित पुष्प, दीप, धूप, तिरुमंजन, नैवेद्य का लेना, पाँचों प्रकारों की वस्तुओं को एकत्रित कर पवित्र करना, शिवलिंग की स्थापना करना, सर्वज्ञ और सर्व-प्रकाश के रूप में भगवान् के अस्तित्व का आह्वान करना, प्रेम से उसकी पूजा करना, परमेश्वर की प्रार्थना करना तथा उसके गुणगान करना तथा अग्निहोत्र आदि करना इत्यादि ये सब क्रियामार्ग के कर्तव्य हैं। जो इन कर्तव्यों का प्रतिदिन पालन करेंगे वे परमात्मा के निकट पहुँच जायँगे।

सहमार्ग का वर्णन।

२१—सहमार्ग में मनुष्य को अपनी इन्द्रियाँ वश में करनी पड़ती हैं, श्वासक्रिया को रोकना पड़ता है, चित्त की स्थिरता करनी पड़ती है, ६ आचारों के रहस्य को जानना पड़ता है तथा उनके देवताओं को जानना पड़ता है और चन्द्रमंडल के द्वारा प्रकाशित क्षेत्रों से भी परे जाना पड़ता है तथा प्रत्येक रोमछिद्र को भरते हुए अमृत का गहरा पान करना पड़ता है और अन्त में परमप्रकाश में विराजमान होना पड़ता है। यदि कोई व्यक्ति इन ८ योगों की क्रियाओं को करता है तो उसके पाप भविष्य में सर्वथा नष्ट हो जायँगे और वह ईश्वर के रूप को प्राप्त हो जायगा।

सन्मार्ग का वर्णन ।

२२—सन्मार्ग में सब प्रकार की कलाओं का तथा विद्याओं का अध्ययन करना पड़ता है। वेदों और पुराणों का अध्ययन करना पड़ता है। भिन्न-भिन्न धर्मों का अध्ययन करना पड़ता है तथा सर्वप्रकार के ज्ञानों को नीचा सिद्ध करते हुए तीन पदार्थों के सत्यज्ञान का अवलम्बन करना पड़ता है और अन्त में शिवपरमात्मा के मार्ग का अनुसरण करते हुए ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान की अभेदता से ईश्वर के साथ एकात्मता को धारण करना पड़ता है। इस प्रकार के मार्ग पर चलने वाले ही शिवप्राप्ति करते हैं।

ज्ञान और कर्ममार्ग में भेद।

२३—ज्ञान को पैदा करनेवाले शास्त्रों का स्वाध्याय करना, उनको अन्य को पढ़ाना और व्याख्यान करना, दूसरों से अध्ययन करना, उनके अर्थ पर विचार करना—यह ज्ञान-पूजा या ज्ञानयज्ञ कहलाता है, इससे मनुष्य ईश्वर के चरणों की प्राप्ति कर सकता है। शुद्ध कर्मयज्ञ, तपयज्ञ, जपयज्ञ और ध्यानयज्ञ—ये ऊपर-ऊपर शुद्धतर हैं और ये भोग को ही पैदा करेंगे। इसलिये जिनको मोक्षमार्ग का ज्ञान है वे ज्ञानमार्ग का ही अनुसरण करते हैं।

जो समाधि में प्रवेश करते हैं और नहीं करते उनमें भेद।

२४—ज्ञान की सूक्तिओं को सुनना, उनपर विचार करना, सत्य का स्पष्ट दर्शन करना तथा समाधिस्थ होना—ये ४ ज्ञान के रूप हैं। जो समाधिस्थ हो जाते हैं, वे मोक्ष में शीघ्र पहुँच जाते हैं। जो इस अवस्था तक नहीं पहुँचने

पाते, वे स्वर्गीय क्षेत्रों के स्वामी बन जाते हैं और परमानन्द का आस्वादन करते हैं तथा ईश्वर की दया से अच्छे वंशों में उत्पन्न होते हैं। ये ही ज्ञानाचार्य की कृपा से समाधि प्राप्त कर लेते हैं तथा ईश्वर के चरणों में पहुँच जाते हैं।

वैदिक तथा आगमिक मार्गों में भेद।

२५—जो मनुष्य दान के कार्य करते हैं, कर्मयज्ञों को करते हैं, पवित्र सलिलों समुद्र, नदी वगैरह की यात्राएँ करते हैं, आश्रमों में विहित कर्मों को करते हैं, तपों को तपते हैं, शान्ति-वृतों को धारण करते हैं और कर्मयोग करते हैं वे सब से उत्तम स्थानों में पहुँच कर फिर संसार में पैदा होंगे। जो ज्ञानयोग, क्रियायोग और चर्यायोग धारण करेंगे वे पदमुक्ति को प्राप्त करेंगे और यदि समय के अन्त में भी उन्हें परमेश्वर की कृपा प्राप्त नहीं होती तो वे फिर संसार में पैदा होंगे, पश्चात् ज्ञानमार्ग से शिवप्राप्ति करेंगे। यदि वे ईश्वर की दया के पात्र बन जाते हैं तो वे एकदम ईश्वर के चरणों की प्राप्ति करेंगे।

शिवज्ञानियों के लिये वरप्रदान के गुण।

२६—यद्यपि शिवज्ञानियों के लिये छोटे-छोटे वरदान दिये गये हैं तथापि ये पृथ्वी के पहाड़ों के रूप में वृद्धि के समान बढ़ेंगे और दानी लोग जन्म मरण से परिपूर्ण संसार में गिरने से बच जायँगे। वे सर्वोत्तम लोकों में परमानन्द का अनुभव करेंगे। अपने पापों को नष्ट करके वे एक पवित्र भव ग्रहण करेंगे तथा चर्या, क्रिया और योग की क्रियाओं को करने के अतिरिक्त ही परमज्ञान की प्राप्ति करेंगे और भगवान् शिव के चरणकमलों में जाकर विराजमान हो जायँगे।

परम निश्रेयस, ज्ञान से ही प्राप्त हो सकता है।

२७—वेद, आगम और पुराण कहते हैं कि ज्ञान से ही मोक्ष हो सकता है। किन्तु उन मूर्खों के लिये क्या कहा जाय जो भिन्न-भिन्न रूप से तत्व का प्रतिपादन करते हैं। अज्ञान से बंध उत्पन्न होता है, सत्यज्ञान से मोक्ष होता है। जैसे अन्धकार प्रकाश के समक्ष भाग जाता है वैसे ही अज्ञान नष्ट हो जाता है और इसके नष्ट होने पर बन्ध टूट जाता है और मोक्षप्राप्ति हो जाती है। ज्ञान से हमारा अभिप्राय उस ज्ञान से नहीं है जो मिथ्या आग्राहियों द्वारा प्रतिपादित है, किन्तु एक, सत्य शिव के प्रेम और ज्ञान से है जो साक्षात् मुक्ति का कारण है।

२८—जैसे आतिशी शीशा सूर्य की किरणों के सामने लाने से अग्नि पैदा करता है वैसे ही परमगुरु अपनी पूर्ण दया से मनुष्य के सामने प्रकट होता है और उसके अन्दर शिवज्ञान उत्पन्न करता है। तब उसे शिव का साक्षात्कार होगा और अपने शुद्ध आत्मा के दर्शन होंगे। वह सारे विश्व का अपने अन्दर अवभास करेगा। पश्चात् वह अणु से भी अणुतम, महान् से भी महत्तम और आत्माओं का आत्मारूप परमात्मा का साक्षात्कार करेगा।

गुरु के प्रकट होने का परिणामफल।

२९—जब उनकी अच्छी तरह उन्नति हो जायगी और भगवान् की कृपा प्राप्त हो जायगी अर्थात् शक्तिनिपात में पहुँच कर ज्ञान प्राप्त कर लेंगे तब उन्हें गुरुजी अपनी दया-दृष्टि से ज्ञानसम्पादन करावेंगे तथा इस प्रकार के ज्ञान के आचरण से वे पूर्ण समाधि प्राप्त कर लेंगे। अनन्तर वे संसार

में जीवन्मुक्त कहलावेंगे। उनके न इच्छाएँ होंगी और न अनिच्छाएँ। वे सुवर्ण और मृत्पात्र के टुकड़े में कोई मूल्य का भेद नहीं करेंगे। परमात्मा का उनके साथ ऐसा मेल हो जायगा कि वे परमात्मा को कभी नहीं छोड़ेंगे और न परमात्मा उन्हें छोड़ेगा। वे परमात्मा में विराजमान हो जायँगे और उन्हें सब वस्तुओं में परमात्मा के ही दर्शन होंगे।

परमात्मा के साथ मेल करने की विधि।

३०—परमात्मा की असीम कृपा से, अपने ऐन्द्रिक ज्ञान द्वारा पैदा की हुई बुद्धि के अज्ञान को दूर कर तथा क्षुद्र मन के द्वारा बिना प्रत्यक्ष के ईश्वर की दया से परमज्ञान का अपनी उच्चतर आत्मा में प्रत्यक्ष करते हुए और बिना दर्शन के उसके दर्शन करते हुए तथा बगैर अन्तःकरण और अवस्थाओं के मेल के यदि तुम अपने को परमात्मा में लुप्त करा सकते हो, तब वह परमशिव जो प्रत्येक वस्तु से अभिन्न है, भिन्न रूप से प्रकट होगा और वह सारे विश्व से भिन्न और अभिन्न तथा निराधार दृष्टिगोचर होगा।

मेल का स्वरूप।

३१—अच्छे कर्म मनुष्य को उच्च जन्मों में तथा संसारों में उन्नति करावेंगे और बुरे कर्म नीच जीवों में तथा पाताल में गिरावेंगे। इस प्रकार पवित्र शिव की सत्ता की पूजा के गुण से उत्पन्न हुई बुद्धि से अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के कर्मों को नष्ट करते हुए वह मध्य लोक में, ऊर्ध्व लोक में तथा अधोलोक में, पुनर्जन्म ग्रहण नहीं करेगा। मनुष्य जब जीवन्मुक्त हो जाता है, इसकी परवा नहीं करता कि सूर्य कहाँ चमक रहा है। वह किसी प्रकार की इच्छा नहीं करता। वह अपने शरीर

का परित्याग करते हुए परमशिव के पूर्णत्व को प्राप्त करता है और उस पूर्णत्व में प्रवेश कर पूर्णमय हो जाता है।

जीवन्मुक्तों का स्वरूप।

३२—जो ज्ञानसमाधि को प्राप्त हो जाते हैं उनके अन्दर न इच्छा रहती है और न अनिच्छा, वे कुछ नहीं चाहते, वे सामाजिक व्यवहार की भी परवाह नहीं करते। न उन्हें तप, आश्रमों के नियम तथा ध्यान की ही परवाह होती है। उनका हृदय अशुद्धता से रहित होता है। वे धार्मिक चिह्नों की भी परवाह नहीं करते। न वे अपने शरीर और इन्द्रियों और मन की आज्ञा का अनुसरण करते हैं। उनमें दुर्गुण कोई नहीं होता, न उनका कोई पंथ होता है और न जाति। वे बालवत् होते हैं, उनका व्यवहार विक्षिप्तों की भाँति होता है तथा वे भूताविष्टों की तरह व्यवहार करते हैं। वे गाने और नाचने में भी मस्त होकर आनन्द लेते हैं।

वही।

३३—उनको स्थान, समय और आसनों की आवश्यकता नहीं होती। वे बिना किसी फल की आकांक्षा के कार्य करते हैं। उनके मस्तिष्क झूले की तरह नहीं झूमते। वे अपने दैनिक कार्यों में, बैठे हों या चलते हों, जागते हों या सोते हों, खाते हों या भूखे मरते हों, पवित्रता में हों या अपवित्रता में, धनी हों या निर्धन हों, दुखी हों या सुखी हों, संयोग में हों या वियोग में हों, प्रेम में हों या द्वेष में हों, अपने भगवान् के चरणों की याद नहीं भूलते। चाहे ये कार्य अन्य जनों की तरह किये जाते हों या न किये जाते हों।

समाधि-प्राप्ति के लिये एक विशेष प्रकार की उपासना।

३४—यदि तुम इस अवस्था को प्राप्त नहीं हुए हो तो

इस तथ्य को कि परमात्मा सब वस्तुओं में है और सब वस्तुएँ परमात्मा में हैं, अनुभव में लाओ और अपनी अन्तर इन्द्रियों को वश में करो तथा जो कुछ तुम्हारे ज्ञानगुरु ने कृपापूर्वक तुम्हें बतलाया है उसके अनुसार आचरण करो और उस परमात्मा तक पहुँचो जो तुम्हारे ही अन्दर विद्यमान है। उसको प्राप्त कर तुम्हारी जितनी मानुषीय आन्तरिक शक्तियाँ हैं वे सब ईश्वरीय शक्तियों में परिवर्तित हो जायँगी। अपनी जाग्रत अवस्था में ही उस इन्द्रियातीत सत्ता का अनुभव करो तब तुम्हारी शिवानुभूति ही स्वानुभूति बन जायगी।

अधिकरण ३

जीवन्मुक्तों की महानता।

३५—जो मनुष्य जाग्रत अवस्था में ही परमात्मा का साक्षात्कार कर लेते हैं वे ही सच्चे ऋषि हैं। जिन्होंने सर्व निवृत्ति को प्राप्त कर लिया है अर्थात् जिनको पूर्ण मोक्ष प्राप्त हो गया है, हम उनकी महानता का किस प्रकार वर्णन कर सकते हैं। उन्होंने इस जीवन में ही अपने आप को सब बन्धनों से स्वतन्त्र बना लिया है तथा शिव को प्राप्त करके स्वयं परमात्मा बन गये हैं। यदि वे संसार में छत्रपति राजा बनें और सुखों का अनुभोग करते हुए लोगों पर शासन करें तब भी उनको इस संसार से कोई विशेष मोह नहीं होगा। यदि मनुष्य इस प्रकार की समाधि को प्राप्त नहीं होता और यदि उसके समस्त वाहन बन्धन टूट भी जायँ तो वह पुनर्जन्म अवश्य धारण करेगा और उसके मल नष्ट नहीं होंगे।

अधिकरण ४

क्या मोक्ष में भी अनुभूति होती है?

३६—यदि तुम यह कहो कि हम अपनी इन्द्रियों को खोने

के पश्चात् कुछ नहीं देख सकते। यह कहना ठीक नहीं। क्योंकि जिन्होंने सत्य के दर्शन नहीं किये हैं वे ही कुछ नहीं देख सकते। जैसे कि एक निपढ़ बाला नहीं जान सकती कि प्रेम क्या होता है। जब दो प्रेमी आनन्द से एक दूसरे का आलिंगन करते हैं उनके आनन्द का शब्दों से वर्णन नहीं हो सकता, उस आनन्द का केवल वे ही अनुभव कर सकते हैं। ऐसे मनुष्य बिना परमात्मा की असीम कृपा के स्वयं कुछ नहीं जान सकते। यदि कोई ऐसा कहे कि उन्होंने अपनी साधारण इन्द्रियों से परमात्मा का प्रत्यक्ष कर लिया है तो उनका यह कहना भ्रमपूर्ण है। यदि उन्हें ईश्वर की कृपा प्राप्त हो गयी है तो वे स्वयं देख सकते हैं और बिना प्रत्यक्ष ज्ञान के भी परमात्मा के दर्शन कर सकते हैं। यदि उन्हें इस प्रकार का दर्शन नहीं होता तो उनकी जन्मसंतति नष्ट नहीं होगी और न आणव मल उनका नष्ट होगा।

अधिकरण ५

३७—यह जानते हैं कि आत्मा का स्वरूप एक पारदर्शक शीशे के समान है जिसमें अनेक रंग झलकते हैं। उसी प्रकार आत्मा में तमाम अन्तर और बहिरिन्द्रियों का कार्य भी अपने आप झलकता है। जो यह जानते हैं कि ये इन्द्रियों के प्रतिबिंब इसके हिस्से नहीं हैं तथा अपने सत्य सुन्दर आत्मा को परमात्मा की कृपा से, झूठे इन्द्रियों के रूपों से पृथक् रखते हैं, वे सत्य के द्रष्टा भगवान् में सम्मिलित हो जायँगे और पश्चात् कदापि उनको न छोड़ेंगे जैसे कि बलबलाते हुए नदी का जल तटों को उखाड़ता हुआ समुद्र में पहुँच जाता है और उसमें मिल जाता है और फिर वियुक्त नहीं होता।

ईश्वर की विश्वव्यापकता का स्वरूप।

३८— यदि परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है और सर्वमय है तब हमें उसके पास जाने की क्या आवश्यकता है? यदि वह सब जगह नहीं है तब वह परमात्मा नहीं हो सकता। उसका सम्बन्ध शरीर और आत्मा के सम्बन्ध के समान है। आँखें सब इन्द्रियों को देख सकती हैं किंतु स्वयं अपने को नहीं देख सकतीं। आत्मा भी उसी प्रकार अन्य तत्वों के सम्बन्ध से उनको देख सकता है। ईश्वर की दया से ही मनुष्य को परिज्ञान हो सकता है। तब उसकी अवस्था उस अन्ध पुरुष के समान होगी जिसे अपनी दृष्टि पुनः प्राप्त हो जाती है। तब वह परमात्मा के जो प्रकाशों का प्रकाश है, दर्शन कर सकता है।

वासनामल से मुक्त होना।

३९—जैसे तुम एक पत्थर तालाब में फेंकते हो जो कि काई से ढँका हुआ है। वह थोड़ी देर के लिये साफ हो जाता है और फिर ढँक जाता है उसी प्रकार मल, माया और कर्म मनुष्य से अलग हो जाते हैं जब उसकी लगन परमात्मा से लग जाती है तथा परमात्मा से अलग होने पर वे फिर उसमें लग जाते हैं। जो मनुष्य परमात्मा के चरणकमलों में स्थिरतापूर्वक प्रेम करते हैं वे अपनी समाधि कदापि नहीं खोयेंगे। जो मनुष्य परमात्मा में अपना मन स्थिरतापूर्वक नहीं लगा सकते उनके लिये दूसरा उपाय है जिससे वे अपने बंधन काट सकते हैं।

सूत्र ९. आत्मा की शुद्धि।

अधिकरण १

श्री पंचाक्षर का ध्यान करो।

१—उस परमात्मा को जो पशु और पाशज्ञान द्वारा नहीं

जाना जा सकता, तुम नहीं प्राप्त कर सकते जब तक तुम्हारे पास पर्याप्त पतिज्ञान और हृदय में प्रेम न हो। इसी कारण से तुम उसके पवित्र चरणों से अलग रहते हो और उसे प्राप्त नहीं कर सकते। तुम उसे तब प्राप्त कर सकते हो जब तुम संसार को मृगतृष्णा समझो और संसार के जाल से अपने को बचा के रक्खो। यदि तुम धर्म के अनुसार पुनः श्री पंचाक्षर का सर्वदा ध्यान करोगे तो परमात्मा कृपापूर्वक तुम्हारे हृदय के अन्धकार को दूर करके तुम्हारे हृदय में प्रवेश कर जायगा।

पाश और पशुज्ञान का लक्षण।

२—वेद, शास्त्र, स्मृति, पुराण, कला आदि का ज्ञान तथा उसके साथ वैखरी मन्त्र से लेकर नाद तक का ज्ञान ये दोनों मिल कर ही पशुज्ञान बनते हैं। इनका परिणाम ही भविष्य में जन्म ग्रहण कराता है। 'अहं ब्रह्मास्मि' मैं ब्रह्म हूँ, इस प्रकार का ज्ञान पशुज्ञान कहलाता है, क्योंकि पशु शरीर से बद्ध हो जाता है तथा इन्द्रिय आदि की सहायता से क्रमपूर्वक एक एक करके पदार्थों को जानता और सीखता है। परमशिव बगैर किसी की सहायता के अकेला ही सब कुछ जानता है।

इन्द्रियनिर्वाण मोक्ष नहीं है।

३—यदि तुम यह स्वीकार करते हो कि इन्द्रियों का निर्वाण ही मोक्ष है तो हम भी यह मान सकते हैं कि मछलियों के अंडे, चिड़ियों के अंडे, बीज, मृत जीव, बेहोषी की अवस्था में जीव, सुप्तजीव, योगी, सर्पों से काटे हुए जीव—ये सब मुक्ति अवस्था में हैं। यदि तुम समाधि अवस्था को प्रकाश की अवस्था के समान समझते हो, जैसे किसी व्यक्ति की परछाईं क्रमशः कम होती जाती है और मध्याह्न में एकदम

नष्ट हो जाती है तथापि अन्धकार दूर नहीं होता—यह ज्ञान भी पशुज्ञान है। तब बिना ज्ञान के उसके चरणों का ज्ञान करो जिसने त्रिपुर को भस्म किया, तभी तुम अपने दोषों को दूर कर सकते हो।

परमेश्वर के अनुग्रह की आवश्यकता।

४—हम यह क्यों कहते हैं कि परमात्मा केवल उसके ज्ञान के चरणों की कृपा से ही मिल सकता है? इसका कारण यह है कि वह हमारे मन, वचन और काम द्वारा कदापि नहीं जाना जा सकता। उसके ज्ञान के चरण उसके प्रकाश के प्रतीक हैं और क्योंकि यह उसके ज्ञान के चरणों का ही अनुग्रह है कि आत्मा संशयरहित हो जाता है चाहे वह संसार में शरीर से और इन्द्रियों से ही क्यों न सम्बद्ध हो तथापि उसको उसके सत्य आत्मा का दर्शन करा दिया जाता है।

परमेश्वर किस प्रकार प्रकट होता है?

५—चक्षु जो समस्त वस्तुओं का अवलोकन करती है वह अपने आपको नहीं देख सकती, मन अपने आपको देख सकता है जो इनको प्रेरित करता है। आन्तरिक इन्द्रियाँ भी अपने आपको नहीं जान सकतीं, न आत्मा ही अपने आपको जान सकता है। आत्मा जो अपने आप आनन्द लेता है वह भी अपने को नहीं जान सकता, न वही जान सकता है जो उसके आत्मा का आत्मा है। इसलिये शिव भगवान् जो सर्व-द्रष्टा हैं आत्मा के समक्ष स्वयं प्रकट होते हैं और अपने आत्मा का दर्शन कराते हैं। यद्यपि वह इन्द्रियों से नहीं देखा जाता तथापि वह सब की इन्द्रियों के समीप रहता है। यदि तुम

उसे इस प्रकार जानते हो, अपने हृदय में उसका दर्शन करते हो और उसके चरणों में मिल जाते हो, तब तुम्हारा पाश कट जायगा। यदि इतना करने पर भी पाश तुम्हें बाँधे तो उसके चरणों में दृढ़ होकर खड़े रहो।

अधिकरण २

आनन्द किस प्रकार दिया जाता है ?

६—जब मनुष्य शैवसिद्धान्त द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर दृढ़ रहता है, अष्ट ऋद्धि और अष्ट सिद्धि, ब्रह्मलोक, और अन्य देवताओं आदि की परवाह नहीं करता है तथा छः अध्वों के बन्धनों को पार करते हुए इन सबको मिथ्या समझ कर परित्याग करता है तब वह ईश्वर जो पातोत्पात से रहित है, जिसके गुणों की सीमा नहीं है, जिसको कोई बुद्धिगम्य नहीं बना सकता, जो स्वेच्छा का धारक है, स्वयं तुम्हारे हृदय में प्रवेश करेगा, उसको अमित प्रेम से भरेगा और तुम्हें अद्भुत आनन्द से परिपूर्ण करेगा।

अधिकरण ३

'तत्त्वमसि' की यथार्थ व्याख्या।

७—दृश्य जगत् से तथा अदृष्ट परमात्मा से अपने को भिन्न समझते हुए तथा पूर्ण विनय से उसकी भक्ति करते हुए और हमारे साथ उसका अभिन्न संबंध जानकर यदि हम 'तत्त्वमसि' पर ध्यान लगावें तो वह हम से अभिन्न रूप में प्रकट होगा। जिस प्रकार सपेरा गरुड़ मंत्र के ध्यान से साँप से काटे हुए मनुष्यों का विष दूर कर देता है उसी प्रकार 'तत्त्वमसि' के ध्यान से हमारे सब पाप नष्ट हो जायँगे और

पवित्रता प्राप्त हो जायगी। यही कारण है कि प्राचीन वेद शास्त्र हमें 'तत्वमसि' मन्त्र की आराधना की शिक्षा देते हैं।

पंचाक्षर।

८—श्री पंचाक्षर 'नमः शिवाय' के अनुसार परमात्मा के प्रति अपनी अधीनता का ज्ञान करते हुए तथा पंचाक्षर में अपने रूप का दर्शन करते हुए, और पंचाक्षर द्वारा अंगीकृत न्यास-क्रिया करते हुए, पंचाक्षर से ही अपने आत्मा के हृदय में परमेश्वर की पूजा करते हुए, अप्राप्य ऊर्ध्व ललाटप्रदेश तक पहुँचते हुए, तथा धर्मानुसार पंचाक्षर का उच्चारण करते हुए, आत्मा के समक्ष ही परमात्मा प्रकट होता है जैसे राहु और केतु जो कि अदृश्य ग्रह हैं विशिष्ट समयों पर सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के लिये प्रकट होते हैं।

अन्य साधना।

९—जहाँ तक हृदयकमल का सम्बन्ध है इसकी जड़ नाभि है, इसका तना पृथ्वी के तत्व हैं, इसका पुष्पकोष मोहिनी या अधोमाया है, अष्टदल शुद्ध विद्या हैं, इन दलों में अष्टाक्षरों के चिन्ह हैं, ईश्वर, सदाशिव और उसकी शक्तियाँ पुष्पकेसर हैं। गर्भकेसर तथा गर्भाशय शक्तितत्व हैं, इस शक्ति के ऊपर परमशिव विराजमान है। इस परमावस्था का ज्ञान रखते हुए उस परमात्मा की पूजा करो।

इस आन्तरिक पूजा का फल।

१०—यह आन्तरिक यज्ञ की उपासना मुक्तिसाधना मानी गयी है, क्योंकि इससे आत्मा शुद्ध होता है। चन्दन, पुष्प, धूप और मंजन तथा सुसंस्कृत नैवेद्य लेकर परमात्मा की पूजा करते हुए जब तुम उसका पुनः पुनः ज्ञानपूर्वक चिन्तन करोगे

तब वह परमात्मा धीरे-धीरे तुम्हारे हृदय में प्रवेश करेगा जैसे आदर्श को स्वच्छ और साफ करने पर उसमें प्रकाश प्रवेश कर जाता है, उस समय तुम्हारी समस्त अशुद्धताएँ स्वयं दूर हो जायँगी।

दूसरा उपाय, बाह्य पूजा।

११—यदि मनुष्य बाह्यरूप परमात्मा की पूजा करना चाहता है तो उसे वृक्षों के स्वयं-पतित पुष्प लेकर परमशिव की पूजा और प्रार्थना करनी चाहिये। दृष्ट रूप में उसी प्रकार पूजा करनी चाहिये जैसे कि अन्तरंग रूप में की जाती है। मनुष्य को यह सोचते हुए कि पुण्य और पाप का दायित्व मेरे ऊपर नहीं है अपने आपको परमात्मा के चरणों में समर्पित कर देना चाहिये और आन्तरिक या बाह्य पूजा का भेद न रखते हुए परमात्मा का प्रत्येक वस्तु में दर्शन करना चाहिये। इससे भक्तों को अत्यन्त पुण्य का संचय होता है।

इस पूजा या भक्ति का फल।

१२—परमात्मा मनुष्य के मलों को दूर करके अपनी दया को दर्शायेगा यदि वह काष्ठ में अग्नि की तरह, दुग्ध में घी की तरह, फलों में रस की तरह तथा बीजों में तेल की तरह परमात्मा के सर्वत्र दर्शन करता है और उसकी पूजा करता है तो इस प्रकार की पूजा से परमात्मा भक्त के हृदय में प्रवेश करने के लिये उद्युक्त होगा, उसके मलों को नष्ट करेगा तथा अपने स्वरूप में उसको उसी प्रकार परिवर्तित कर लेगा जैसे लोहखंड अग्नि में तपाने से अग्निरूप हो जाता है तथा अपने संपूर्ण ऐश्वर्य के साथ सदा उसमें स्थित रहेगा।

सूत्र १० पाशक्षय ।

अधिकरण १

आगामी कर्म जीवन्मुक्तों पर क्यों नहीं प्रभाव डालते ?

१—जो कुछ पुण्य और पापकर्म जीव करेगा वह अन्त में उन्हीं पर आकर पड़ेगा जो उसके प्रति अच्छा या बुरा करेंगे। जब वह परमात्मा के साथ 'सोऽहम्' अर्थात् मैं वही हूँ के सम्बन्ध से एक हो जायगा, सब क्रियाएँ भगवान् हर के लिये अर्पण कर देगा और इस आसन में स्थिर रहेगा, तब उसके समस्त दोष दूर हो जायँगे। परमात्मा भी उसके कर्तव्यों को अपने कर्तव्य समझेगा तथा जो कुछ कार्य उसके लिये होगा वह अपने ही लिये होगा तथा उसके सब भक्तों को दूर करके हमेशा उससे अभिन्न रहेगा, सबसे बड़े पाप भी इस परम-प्रेम की अवस्था में किये हुए केवल परमात्मा की सेवा कहलायेंगे, न कि दूसरे प्रकार किये हुए।

क्योंकि जीवन्मुक्त अहंभाव और ममता से
रहित हो जाता है।

२—ज्योंही यह जीव अपने ज्ञान की अग्निद्वारा अहंभाव और ममता अर्थात् मैंने यह किया, दूसरों ने यह किया, इत्यादि भावों को जला देता है और मार्ग पर दृढ़ रहता है त्योंही वह सूक्ष्म परमात्मा उसके लिये प्रकट हो जाता है और उसके कर्मों को भगा देता है। जो जीव इस अहंभाव को अपने अन्दर कायम रखता है उसके लिये ईश्वर प्रकट नहीं होता। वह अपने कर्मों का फल भोगेगा तथा कर्म उसको दूसरे जन्मों में उत्पन्न करेंगे तथा जब तक

उसे शिवज्ञान उत्पन्न नहीं होगा तब तक वह अहंभाव तथा ममत्व को नहीं निकाल सकता।

अधिकरण २

इन्द्रियों के बन्धन से निकलने का एक और उपाय।

३—इस तथ्य को अच्छी तरह समझो कि यद्यपि ये इन्द्रियाँ तुमसे सम्बन्धित हैं तथापि ये तुम्हारे नियन्त्रण में नहीं हैं। इनका यह व्यापार परमनियन्ता द्वारा होता है। उस परमात्मा के चरणों की सेवा करो जो तुम्हारा और तुम्हारी इन्द्रियों का स्वामी है। इन्द्रियजन्य इच्छाओं को उसकी कृपा या अनुग्रह से नष्ट करो और परमशान्ति का आस्वादन करो। यदि फिर भी तुम्हें ये विपरीत मार्ग पर ले जावें तो अपने आपको परमात्मा के चरणों में समर्पित कर दो और कहो कि तुम्हें इनसे कोई प्रयोजन नहीं। यह तो केवल पूर्वजन्मकृत कर्मों का फल है। तब आकाम्य कर्म पैदा नहीं होंगे और तुम पुनर्जन्म से मुक्त हो जाओगे।

परमात्मा की दयालुता और शिवार्पण की महत्ता।

४—परमात्मा पक्षपाती नहीं है। वह प्रत्येक मनुष्य या जीव को अपने-अपने कर्मों के फल अपने-अपने आत्मा के परिणाम से किये हुए अच्छे या बुरे कर्मों के अनुसार भुगवाता है। जब मनुष्य अपने स्वरूप को इस प्रकार खो देता है तब परमात्मा उसकी, कर्मों के संयोग से रक्षा करता है। ऐसे मनुष्य कहते हैं "हे ईश्वर! हमारे तमाम कार्य तेरी इच्छा पर निर्भर हैं, तुम हमारे अन्दर विराजमान होकर हमारे कार्यों में प्रेरणा प्रदान करते हो और उन्हें करवाते भी हो। मेरी स्वतन्त्र कोई इच्छा नहीं है, तुम्हारी ही इच्छा सर्वत्र

बलवती है।" ऐसे मनुष्यों से सब कर्म अपने आप भाग जायँगे।

शिवज्ञान की महत्ता।

५—देश-देशान्तरों की यात्रा करना, वनों में और गुफाओं में आवास करना, उपवास करना, अनियमित समय के लिये जीवन लम्बा करना, ये सब कार्य शुद्ध ज्ञान के अभाव में किसी प्रयोजन के नहीं तथा ये पुनः नष्ट हो जायँगे। यदि उनको यह शिवज्ञान प्राप्त हो जाय तो वे चाहे सुन्दर हों, पुष्पमालाओं से सुसज्जित देवांगनाओं और अप्सराओं के साथ भी क्रीड़ा करते रहें, तो भी उनके हृदय परमानन्दमय उस परमेश्वर के चरणों में लगे रहेंगे और आनन्द में गोते लगाते रहेंगे।

उक्त सिद्धान्त का उदाहरण।

६—जो अग्निस्तम्भ में निपुण है उसको अग्नि नहीं जला सकती, विष उसका कुछ नहीं कर सकता जिसको विषमारक औषधि और मन्त्र का ज्ञान है। पुण्य और पाप ज्ञानी पुरुष का कुछ नहीं कर सकते यदि वे सब प्रकार का कार्य भी करते रहें। इस जीवन के साथ उनके पूर्व कर्मों के फल भी समाप्त हो जायँगे, जैसे हींगड़ा के हटा देने पर भी घड़ा कुछ समय तक सुगन्धित रहता है। कुम्भकार के हाथ के हटा लेने पर भी चक्र कुछ समय तक घूमता रहता है, उसी प्रकार गत कर्मों के परिणाम (वासनामल) जीवन्मुक्त को कुछ समय तक कष्ट भले ही दें, किन्तु उसके शरीर के साथ वे सब नष्ट हो जायँगे।

सूत्र ११. पतिज्ञान-भक्तिलक्षण।

अधिकरण १

मुक्त आत्माओं को परमात्मा किस प्रकार शिक्षा देता है?

१—जैसे आत्मा आँख को, जो अपने आप नहीं देख

सकती, देखने में सहायता करता है और स्वयं देखता है उसी प्रकार जब आत्मा शरीर से मुक्त होकर पवित्र हो जाता है, परमात्मा आत्मा को उसके ज्ञान में सहायता करता है और स्वयं जानता है। इस ज्ञान के साथ अगर कोई ईश्वर की भक्ति करे तो वह मुक्त हो जायगा। इस शरीर में ही पवित्र होकर तथा सब पाशों से मुक्त होकर हर के चरणकमलों में वास करेगा और वहाँ अनन्त स्वानुभव में मग्न रहेगा।

जीवन्मुक्त ही परमात्मा के दर्शन कर सकते हैं और कोई नहीं।

२—जो परज्ञान के द्वारा परम के दर्शन करते हैं वे परम के ही दर्शन करेंगे और किसी वस्तु का नहीं, परमात्मा के अतिरिक्त अन्य वस्तु का परिज्ञान अनेक प्रकार का होता है और वह भेदजनक अज्ञान ही होता है। सुनकर और पढ़कर ज्ञान प्राप्त करना भी सभ्रान्त ज्ञान है, क्योंकि इसका कारण उच्चतर माया है। ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान का ज्ञान भी सांकल्पिक या भाव-ज्ञान है, वह सत्य निश्चायक ज्ञान नहीं। सत्य ज्ञान शिव-ज्ञान है जो इन सब को पार कर जाता है। इसलिये जीवन्मुक्त केवल शिव के ही दर्शन करता है।

मुक्त्यवस्था में शरीर नहीं रहता।

३—यदि यह कहा जाय कि शरीर तो अनादिकाल से जन्म-जन्मान्तर में कर्म के सूक्ष्म शरीर से बदलता रहता है और मुक्ति में भी भाग्यशाली आत्मा अनादि स्वरूप में अवस्थित रहेंगे, तो हमारा उत्तर यह है कि यह मुक्ति, पाद-मुक्ति ही हो सकती है और वह दुःखरहित अवस्था है। अगर शरीर होगा तो कर्म, माया और अन्य मल उत्पन्न हो

जायँगे। शरीर मन से निकलता हुआ कारण की अपेक्षा से आदिमान है जो कि अनादि भी कहा जा सकता है। यह मलों को नष्ट करने के लिये औषधि के रूप में लाभदायक है। जब रोग नष्ट हो जाता है तब शरीर भी इसके साथ नष्ट हो जाता है।

जीवन्मुक्त किस प्रकार अपने को मल से रहित अनुभव करता है?

४—जब आत्मा अज्ञेय सत्यज्ञान में स्वयं प्रवेश करता है तब भगवान् शिव इसको प्रकाशित करते हैं और यह जीवन्मुक्त हो जाता है। जैसे औषधि के प्रयोग से विष का असर दूर हो जाता है, प्रकाश से अन्धकार नष्ट हो जाता है और गन्दले पानी की गंध निर्मली या कतक फल से नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार जीवन्मुक्त जीव में स्थित मल भी बिना नष्ट किये हुए निरर्थक हो जाता है और शरीर की समाप्ति तक रहता है तथा शरीर के अन्त के साथ, बगैर किसी अन्य शरीर के सम्बन्ध के, स्वयं नष्ट हो जाता है।

५—यदि यह तर्क उपस्थित किया जाय कि आणव मल तो अनादि है, यह कैसे नष्ट किया जा सकता है? अगर नष्ट भी हो जाय तो आत्मा को भी इसके साथ नष्ट हो जाना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं होता। हम देखते हैं कि जैसे परिस-वेदी ('पारस पत्थर') के स्पर्श से तांबे की मूल अशुद्धि दूर हो जाती है और तांबा तांबे के रूप में प्रकट हो जाता है, उसी प्रकार स्थाणु के सम्बन्ध से आत्मा के सब मल नष्ट हो जाते हैं और आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित हो जाता है। यदि यह माना जाय कि मलों के नष्ट होने से आत्मा का शुद्ध होना ही मुक्ति है, इसका ईश्वर के साथ सम्बन्ध करने की कोई

आवश्यकता नहीं तो हमारा कहना है कि यह सिद्धान्त गलत है। क्योंकि अन्धकार जो पृथ्वी को आवृत किये रहता है तभी हमारी दृष्टि से नष्ट होता है जब सूर्य का उदय होता है, उसके पहले नहीं। इसलिये मल तभी नष्ट होगा जब आत्मा अपने को भगवान् के चरणों में पार्थिव कर देगा।

मुक्त जीवों का आणव मल सर्वथा नष्ट हो जाता है।

६—यद्यपि धान अवस्था में चावल और तुष दोनों आदि से ही सम्बद्ध रहते हैं किन्तु तुम उस अवस्था को अच्छी तरह समझ सकते हो जब वे दोनों पृथक् कर दिये जाते हैं। वास्तव में तुष, शुद्ध चावल में नहीं रहते। जब तुष अलग कर दिया जाता है तब अलग किये तुष से धान पैदा नहीं किया जा सकता। क्रमशः वे दोनों पूर्णतया पृथक्-पृथक् हो जाते हैं। आत्मा जब दयालु भगवान् शिव के साथ सम्बन्धित हो जाता है तब मल, कर्म और शरीर उससे सर्वथा नष्ट हो जाते हैं। यह यद्यपि बद्ध आत्मा से सम्बन्धित रहता है, इसलिये इसे अनादि भी कह सकते हैं।

परमेश्वर का जीव के साथ अभेदभाव।

७—किसी भी समय आत्मा बिना परमेश्वर की सहायता के न ज्ञान कर सकते हैं और न कोई क्रिया कर सकते हैं, परमेश्वर आत्माओं के हृदय में प्रवेश करता हुआ, इनके विचारों को और कर्मों को प्रेरित करता हुआ सब रूप से सर्वत्र विद्यमान है। ये आत्मा अगर भगवान् की इच्छा न हो तो पुनः प्रकट नहीं हो सकते। आत्माओं का उसके साथ वैसा ही सम्बन्ध है जैसा प्रत्येक वर्ण के साथ 'अ' अक्षर का सम्बन्ध

है। इसलिये भगवान् हर के चरणों से आत्मा किस प्रकार पृथक् रह सकता है।

अधिकरण २

परमेश्वर की विश्वव्यापकता और सर्वातिशायिता।

८—यदि परमात्मा सर्वव्यापक है तो उसका दर्शन सब को सर्वत्र होना चाहिये। यह कहना ठीक नहीं। अन्धे पुरुष के लिये सूर्य भी काला दीखता है, उन लोगों के लिये जिनके ऊपर परमात्मा की कृपा नहीं है उनको प्रकाश में अन्धकार प्रतीत होता है। जैसे परिपक्व कमलकलियाँ सूर्योदय होने पर विकसित हो जाती हैं, उसी प्रकार भली प्रकार उन्नत आत्माओं को भगवान् शिव ज्ञान-चक्षु प्रदान करता है और उनके समक्ष प्रकाशों के प्रकाशरूप में प्रकट होता है।

मुक्त्यवस्था में ईश्वरैक्य-सिद्धान्त का खण्डन।

९—यदि यह कहा जाय कि ईश्वर वृक्ष की छाया के समान है, जिसको जीव, थके हुए यात्री के समान प्राप्त करता है, तो हमारा कहना है कि यह ठीक नहीं, तब तो अन्वेषक स्वयं मूलकारण या परमात्मा बन जायगा। यदि फिर भी यह माना जाय कि ईश्वर और आत्मा का ऐक्य हो जाता है तो आत्मा तो मरणशील है। जो अमर है उसका मृत स्वभाव वाली वस्तु से कैसे सम्बन्ध हो सकता है? यदि मुक्ति अवस्था में इसका नाश न हो तो वह मुक्ति ही नहीं। यदि ऐक्यानन्तर भी यह नष्ट न हो जाय तो वह क्या है जो मुक्ति का अनुभव करता है? यदि आत्मानाश ही मुक्ति है तो आत्मा के अनादि-सिद्धान्त से विरोध आता है। यदि उसकी उपमा जल में जल

के मिलने के समान दी जाय तब भी वे दोनों बराबर हो जायँगे और वास्तव में वे दोनों बराबर नहीं हैं।

कुछ और सिद्धान्तों का विचार।

१०—'जब लोहा पारस पत्थर से छुवाया जाता है तब वह स्वयं सुवर्ण बन जाता है, उसी प्रकार आत्मा, ईश्वर से सम्बन्धित होने पर तद्रूप हो जाता है और उसके मल नष्ट हो जाते हैं' ऐसा तुम्हारा कहना है। यह कहना भी युक्ति-युक्त नहीं, क्योंकि परमात्मा सुवर्ण के समान नहीं है। वह पारस पत्थर की तरह मल को तो दूर कर देता है और आत्मा को अपने सुवर्णमयी चरणों में स्थापित करा देता है। पारस पत्थर जो लोहे में से मल को दूर करता है स्वयं सुवर्ण नहीं है। देवाधिदेव परमेश्वर में ही जगत्कर्तृत्व आदि शक्तियाँ पाई जाती हैं और मुक्त आत्मा ही केवल परमानन्द को भोगने के योग्य है।

दो चित् शक्तियाँ।

११—यदि यह कहा जाय कि ईश्वर और आत्मा दोनों चेतन हैं और इसलिये वे दोनों एक हैं। हमारा कहना है कि यह ठीक नहीं। परमात्मा अटल चित् है अर्थात् उसका चेतन कृपापूर्ण है और आत्मा वह है जो उसकी कृपा का हिस्सेदार है। ईश्वर वह चित्-शक्ति है जो आत्माओं के मलों को दूर करने के लिये उनको अनेक जन्मों में से विकसित करते हुए मोक्ष में ले जाता है। आत्मा वह है जिसको विकास आदि की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। ईश्वर चित् शक्तिरूप है जो स्वप्रकाश है और अन्य को भी

प्रकाशित करता है तथा आत्मा वह है जो इस प्रकार का प्रकाश और ज्ञान प्राप्त करता है। इसलिये ईश्वर और आत्मा अभिन्न रूप से सम्बन्धित हैं, किन्तु वे एक और वही नहीं हैं। उदाहरणार्थ, क्या आत्मा और उसकी बुद्धि ज्ञान, यद्यपि दोनों चित् हैं, बराबर हो सकते हैं? चित् आत्मा के लिये बुद्धि अचित् है। इसी प्रकार ईश्वर चित् है और आत्मा अचित् है।

आत्मा और ईश्वर के सम्बन्ध का उदाहरण।

१२—जैसे चुम्बक लोहकणों को खींच लेता है उसी प्रकार ईश्वर आत्मा को अपनी ओर खींच लेता है और अपने स्वरूप में इसको परिवर्तित कर लेता है जैसे अग्नि लोह को तथा उसके मलों को नष्ट कर देता है। जैसे अग्नि काष्ठ से उत्पन्न होती हुई, इसको घेरती हुई, उसी को नष्ट कर देती है और इसके साथ मिल जाती है, जैसे नमक जल में मिल जाता है और उस पर असर डाल देता है, जैसे पारस पत्थर लोहे को सुवर्ण में बदल देता है, ईश्वर इन सब को पार कर जाता है और वह आत्यन्तिक आनन्द में मग्न रहता है। वह अभिन्न रूप से सम्बन्धित रहता है जैसे इक्षुरस, मधु, दूध, मीठे फल और मिश्री आदि को मिश्रित कर शर्बत बनाया जाता है।

सूत्र १२ शुद्ध आत्मा का स्वरूप

अधिकरण १

शुद्ध आत्मा किस प्रकार अदृश्य परमात्मा के दर्शन करते हैं और उसमें आनन्द लेते हैं?

१—शिवज्ञानी तीन प्रकार के पाशों से उन्मुक्त होकर जो

इनको परमात्मा के चरणकमलों के दर्शन से रोके रहते हैं, ईश्वर के भक्तों की टोलियों में सम्मिलित होकर उनकी पूजा करते हुए तथा उसके प्रतिबिम्बों की मन्दिरों में पूजा करते हुए, उनके स्तोत्रों का पाठ करते हुए तथा भक्ति के आनन्द में नृत्य करते हुए और शिवज्ञानियों की महत्ता का अनुभव करते हुए और अन्य धर्मावलम्बियों को हीन समझते हुए, केवल अर्धचन्द्र से विभूषित शिव के भक्तों को ही नमस्कार करते हुए, संसार में भ्रमण करते हैं।

अधिकरण २

ईश्वर के भक्तों से प्रेम करो और उनकी आज्ञा का पालन करो।

२—जो ईश्वर के भक्तों से प्रेम नहीं करते वे ईश्वरभक्त नहीं होते, न वे दूसरों से ही प्रेम करते हैं और न अपने से ही प्रेम करते हैं। इस प्रकार के अचेतन मुर्दों के बारे में बातचीत करने से कोई प्रयोजन नहीं। उनका संग बिलकुल छोड़ दो क्योंकि उनके संग से तुमको फिर जन्म और मरण के दुख उठाने पड़ेंगे। ईश्वर के भक्तों से सदा प्रेम करो, उनकी आज्ञा पालन करो, उनसे विनयपूर्वक बोलो, उनके कृपापूर्ण आदेशों के अनुसार दृढ़ रहो, उनकी पूजा करो और उनको नमस्कार करो, उनको देखकर प्रसन्न हो और आनन्द में विभोर होकर नाचो।

अधिकरण ३

ईश्वर के भक्त ईश्वर ही हैं।

३—जैसे परमेश्वर आत्माओं का आत्मा बनकर मनुष्य के शरीर में, अदृष्ट परमात्मा की प्राप्ति कराने के निमित्त रहता है तथा अपना ज्ञान उनमें भर देता है, इसलिये उसके भक्तों

का रूप उसका ही रूप है। क्योंकि वह 'शिवोऽहम्' समाधि में अन्तर्हित रहता है, इसलिये वह परमात्मा तक पहुँच जाता है, वह परमात्मा ही है। जब वह और उसकी भेददृष्टि नष्ट हो जाती है वह निश्चय ही परमात्मा बन जाता है। यदि ईश्वरभक्तों की इतनी महत्ता है तो उनकी पूजा करो, अगर तुम पाप के बन्धनों से मुक्त होना चाहते हो।

मन्दिरों में प्रतिष्ठित उसके रूपों की ईश्वरवत् पूजा करो।

४—वे परमेश्वर की ही पूजा करते हैं जो उसके मंदिरों में प्रतिष्ठित रूपों की पूजा करते हैं, जो उसकी मन्त्रों के रूप में पूजा करते हैं। वे उसी के दर्शन करते हैं। जो उनके हृदय में सर्वव्यापक के रूप से विद्यमान है, उसकी पूजा करते हैं, वे उसके ही दर्शन करते हैं। उपर्युक्त भक्तों के लिये वह उसी प्रकार प्रकट होता है जैसे अरणि के मन्थन से अग्नि उत्पन्न होती है या जैसे दूध जो पहले नहीं दीखता है, दुहने पर स्तनों से निकलता दिखाई देता है।

पूजा और पुजारी का क्रम।

५—चतुर्विध मार्ग का आचरण अर्थात् ज्ञान, क्रिया, योग और चर्या ये सब ईश्वर की ही इच्छाएँ हैं। ज्ञानी पुरुष को चारो ही मार्ग का अनुसरण करना चाहिये। योगी योग द्वारा परमात्मा की प्राप्ति कर सकता है तथा क्रिया और चर्या-वाला क्रिया और चर्या से परमात्मा की प्राप्ति कर सकता है। चर्यावान् केवल चर्या को ही धारण कर सकता है, क्योंकि निर्दोष ज्ञानगुरु सब प्रकार के मार्गियों का गुरु है। वह साक्षात् परमात्मा है। इसलिये यथाविधि उसकी पूजा करनी चाहिये।

अधिकरण ४

गुरु की आवश्यकता।

६—मन्त्रों के द्वारा, औषधियों के द्वारा, योग द्वारा, जड़ी-बूटियों तथा धातुओं की बनी हुई रसायनों द्वारा तथा अन्य और उपायों द्वारा जो तन्त्रशास्त्रों में उल्लिखित हैं उनके द्वारा मनुष्य वेदों का, शास्त्रों का, भूत, भविष्यत् और वर्तमान का तथा अनन्त अद्‌भुत ऋद्धियों का ज्ञान और प्राप्ति कर सकता है, किन्तु परमात्मा का ज्ञान केवल गुरु की असीम कृपा से ही प्राप्त हो सकता है और किसी उपाय से प्राप्त नहीं हो सकता। उपर्युक्त वर्णित शक्तियाँ भी गुरुकृपा से ही मिल सकती हैं।

गुरुकृपा के भिन्न भिन्न प्रकार।

७—यदि वास्तव में मनुष्य कृपालु सद्‌गुरु की पूजा करे और उसकी परब्रह्म, परशिव और परज्ञान के रूप में भक्ति करे, क्योंकि संसार की सब वस्तुएँ भगवान् हर के ही प्रकट रूप हैं, तो परमात्मा अपने भक्त को अपने स्पर्श, विचार या दृष्टि से उसी प्रकार परिवर्तित कर लेगा जैसे चिड़ियाँ, कच्छप, मत्स्य अपने अंडे को लेकर क्रमशः अपने स्पर्श, विचार और दृष्टि से ही पका डालते हैं।

अरुणन्दि आचार्य की कृपा सब जीवों पर सदा रहे।

Endowments established for Tamil culture, Saiva Siddhantam, Thevara Thirumarais, Music, Feeding and public benefits by *His Holiness Srilasri Kasivasi Arulnandi Thambiram Swamigal Avergal*, Kasimutt, Tirupanandal.

Serial No.	Description		Amount Rs.
1.	Sivagnana Siddhiar Lectureship in the Annamalai University	...	15,000
2.	Endowment for middle school at Kottaiyur near Kumbakonam	...	11,500
3.	His Highness the Maharaja of Travancore— Thevaram prize	...	5,000
4.	Cheraman Perumal — Thevaram prize	...	5,000
5.	The Three Great Saints Thevaram prize at Seekazhi, Tiruvarur, Tiruvadi & Tirupanandal	...	10,000
6.	Endowment to the Benares Hindu University for "Kasivasi Kumaraguruparaswamigal Saiva Siddhanta chair"	...	60,000
7.	Sri Adi Kumaragurupara Swamigal memorial - Saiva Siddhanta scholarship in the Annamalai University	...	30,000

Serial No	Description		Amount Rs.
8.	Endowment to Sri Kasivasi Swaminatha Swamigal Sen Tamil Kalloori at Tirupanandal	...	1,50,000
9.	Isai Tamil Endowment	...	1,00,000
10.	Endowment for Veterinary dispensary at Tirupanandal and Dr. Swaminathaiyar scholarship at Govt. College, Kumbakonam	...	20,000
11.	Sri Kumaraguruparaswamigal feeding charity at Benares	...	10,000
12.	— Do — at Rameswaram	...	10,000
13.	Feeding charity at Tirunallar on the Avani moolam day	...	3,000
14.	Sri Kumaraguruparaswamigal feeding charity at Benares in the month of Margali	...	17,000
15.	Endowment for feeding the students of Sen Tamil Kalloori at Tirupanandal	...	1,00,000
16.	Medical dispensary at Tirupanandal (Income from 44 acres 22 cents worth Rs.)	...	66,000
17.	Kedhar Ghat on the banks of river "Manniar" at Tirupanandal	...	2,900
18.	Harischandra Ghat on — Do —	...	3,000
19.	Clock Tower at Kumbakonam	...	25,000

Serial No.	Description	Amount Rs.
20.	Donation to the Tuberculosis Sanatorium at Tanjore ...	21,000
21.	Sri Kumaraguruparaswamigal feeding charity at Srivaikuntam ...	9,000
22.	His Highness the Maharajah of Mysore- Thevaram prize ...	5,000
23.	Sri Guru Gnanasambandar Thevaram Prize at Mayuram ...	5,000
24.	Sri Rajaji Saiva siddhanta Scholarship—Vivekananda College, Madras ...	10,000
25.	Sir Radhakrishnan Saiva siddhanta scholarship—Endowment to Benares Hindu University ...	20,000
26.	Thevaram prize at Srivaikuntam ...	5,000
27.	Madura Tirumalai Naick memorial—Tirumurai Endowment ...	10,000
28.	Sri Senthil Andavan feeding charity—stipends for girl students at Srivaikuntam, Tiruchendur & Tirunelvely ...	1,00,000
29.	Mahatma Gandhi memorial feeding charity at Benares ...	5,000
30.	Sri senthil Andavan feeding charity—stipends for girl students at Benares, Madura & Kumbakonam ...	1,50,000

Serial No.	Description	Amount Rs.
31.	Dr. Swaminathaiyar memorial Tirukkural prize at Madras ...	3,500
32.	Mahatma Gandhi memorial cow prize at Kumbakonam ...	1,000
33.	Mahatma Gandhi memorial—stipends to Harijan students at Ariyanayakipuram ...	3,000
34.	Daily Maheswara pooja to Sri Adi Kumaragurupara swamigal at Srivaikuntam ...	10,000
35.	Silver "Kavacham" to Arunajateswara swamy at Tirupanandal ...	4,000
36.	Gandhiji memorial library endowment at Vishnupuram High School...	1,000
37.	Sri Rajaji Abirami Anthathi endowment at Kumbakonam ...	3,500
38.	Sri Ariyanayaka mudaliar memorial Abirami Anthathi endowment at Tirunelvely ...	3,500
39.	Appothi Nayanar memorial water shed charity at Tirupanandal ...	3,500
40.	Sri Kumaragurupara swamigal memorial Library at Srivaikuntam...	3,500
41.	Feeding charity to the High school students at Chidambaram ...	35,000
42.	Feeding charity on Margali Tiruvathirai & Ani Uttiram days at Chidambaram ...	12,000

Serial No.	Description		Amount Rs.
43.	Feeding charity on Newmoon days in the months of 'Adi' & 'Thai' at Rameswaram	...	3,500
44.	Sri Kumaragurupara swamigal memorial Library building at Srivaikuntam	...	12,825
45.	Punjab Refugees Relief Fund	...	5,000
46.	Pandit Jawaharlal Nehru Library at Ariyanayakipuram	...	3,500
47.	Poor feeding charity at Kedareswarar temple at Benares	...	5,000
48.	Thevaram prize at Srivilliputtur	...	3,500
49.	Installation of electric lights in Arunajatesvarar temple at Tirupanandal	...	7,500
50.	The Three Great Saints Thevaram prize at Conjeevaram	...	5,000
51.	Cheraman Perumal memorial-feeding charity at Thiruvanjaikalam	...	7,000
52.	[No. 28.] Sri Senthilandavar feeding charity at Srivaikuntam. Endowment for the first year	...	5,000
53.	[No. 30] Sri Senthilandavar feeding charity at Benares Hindu University. Endowment for the first two years	...	14,000

Serial No.	Description		Amount Rs.
54.	[No.28] Sri Senthilandavar feeding charity at Tiruchendur. Endowment for the first year	...	5,000
55.	Sri Kumaragurupara swamigal memorial Library fund (House & lands) at Srivaikuntam	...	15,000
56.	Sri Malaviyaji memorial—Saiva Siddhanta lectures in the Universities of Calcutta, Delhi, Lucknow, Agra, Aligarh etc.	...	5,000
57.	Sri Senthilandawar feeding charity at Chidambaram, Madura, and Tiruchendur	...	
58.	Construction of "Somesar Ghat" on the banks of the river "Manniar" at Tirupanandal	...	1,500
59.	Endowment for girls' High School at Srivaikuntam	...	45,000
60.	"Benares pilgrimage fund for 'Thevaram' students at Srivaikuntam	...	5,000
61.	Sri Kumaragurupara swamigal memorial Tamil prize at Sen Tamil kalloori, Tirupanandal		5,000